पिछले दिनों मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट-यूजी का पेपर लीक होने की सूचना मिलते ही सरकार ने उसे रद कर दोबारा कराने का फैसला किया। इससे 22 लाख से अधिक उन छात्रों का घोर निराश होना स्वाभाविक है, जो यह परीक्षा दे चुके थे। उन्हें उसी परीक्षा की दोबारा तैयारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसे वे दे चुके थे। छात्र प्रतियोगी परीक्षा देने के बाद तनाव मुक्त होकर परिणाम की प्रतीक्षा करते हैं। इस बार उनकी प्रतीक्षा लंबी तो हो ही गई, उन्हें दोबारा परीक्षा की तैयारी भी करनी पड़ी। किसी भी छात्र के लिए उसी परीक्षा को उसी उत्साह से देना कठिन होता है, जिसे वे दे चुके होते हैं। नीट पेपर लीक मामले से परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए को इसलिए कठोर निंदा का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसकी सजगता में कमी के कारण ही नीट के पेपर लीक हुए। इसके बाद भी यह अच्छा हुआ कि पूरी परीक्षा रद करने का बड़ा फैसला लिया गया, ताकि छात्रों के हितों से खिलवाड़ न होने पाए। यदि इस पेपर लीक मामले का भंडाफोड़ नहीं होता या फिर उसकी अनदेखी की जाती तो लाखों छात्रों के साथ अन्याय हो गया होता। इस मामले में पेपर तैयार करने वाले शिक्षकों के साथ कुछ कोचिंग केंद्र वाले भी कठघरे में हैं। नीट पेपर लीक की जांच कर रही सीबीआइ ने यह पाया कि इस परीक्षा के पेपर कुछ कोचिंग चलाने वालों तक पहुंच गए और फिर उन्होंने देश के कई हिस्सों में उन्हें पहुंचाया और पैसे कमाए। ऐसा लगता है कि कोचिंग माफिया शिक्षा और परीक्षा, दोनों पर हावी हो गया है। ध्यान रहे इसके पहले भी कोचिंग माफिया कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करा चुका है।

बीते दिनों नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति ने शिक्षा सचिव, एनटीए प्रमुख और उसके महानिदेशक सहित शिक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों को तलब किया। इस दौरान नीट रद होने के प्रकरण को राजनीतिक रंग देने की भी कोशिश की गई। इससे बात बनने वाली नहीं है। संसदीय समिति को तो यह देखना चाहिए कि भविष्य में ऐसी व्यवस्था बने, जिससे एनटीए की किसी भी परीक्षा में सेंध न लगने पाए। वैसे तो शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए की व्यवस्था सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन उनकी गति धीमी रही। 2024 में नीट में गड़बड़ी सामने आने के बाद एनटीए के कामकाज में सुधार के लिए जिस राधाकृष्णन समिति का गठन किया गया था, उसके सभी सुझावों पर अभी तक अमल नहीं किया जा सका है। अब उन्हें लागू करने की पहल हो रही है। अच्छा हो कि परीक्षाएं आयोजित कराने वाले अन्य संस्थान भी इस समिति की सिफारिशों पर गौर करें, क्योंकि अपने देश में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने का रिकार्ड बहुत ही शर्मनाक हो गया है। आखिर विकसित देशों में परीक्षाओं के पेपर लीक क्यों नहीं होते? क्या कारण है कि यह बीमारी भारत में ही जड़ें जमाए हुए दिखती है? हम परीक्षाओं के आयोजन में उन तौर-तरीकों का इस्तेमाल क्यों नहीं करते, जो विकसित देशों ने अपना रखे हैं?



अवधेश राजपूत

एनटीए में सुधार को लेकर गठित राधाकृष्णन समिति ने यह सिफारिश की थी कि गड़बड़ियों से बचने के लिए प्रश्न पत्रों को फिजिकल रूप से केंद्रों तक ले जाने की प्रक्रिया को खत्म किया जाए। इसके बजाय कंप्यूटर आधारित परीक्षा कराई जाए और प्रश्न पत्र डिजिटल रूप से परीक्षा शुरू होने के ठीक पहले परीक्षा केंद्रों पर भेजे जाएं। इस समिति ने नीट को दो चरणों में आयोजित करने का सुझाव दिया था। पहला चरण स्क्रीनिंग टेस्ट का और दूसरा चरण मुख्य परीक्षा का। इस समिति ने यह पाया था कि एनटीए आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मचारियों पर अधिक निर्भर है। इसे देखते हुए उसने सिफारिश की थी कि एनटीए में स्थायी विशेषज्ञों की भर्ती की जाए। इन सिफारिशों के अनुरूप परीक्षा कराने से पेपर लीक कराने वालों और खासकर कोचिंग माफिया को परीक्षा में सेंध लगाने का अवसर नहीं मिलेगा।

आज के एआइ के युग में ऐसी व्यवस्था आसानी से बनाई जा सकती है कि हर विद्यार्थी को अलग प्रश्न पत्र मिले और डमी अभ्यर्थी परीक्षा में न बैठने पाएं। चूंकि आज भारत में लाखों परिवार अपने बच्चों को डाक्टर, इंजीनियर बनाना चाहते हैं, इसलिए इनकी परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों की संख्या बढ़ रही है। इसका लाभ कोचिंग केंद्र उठा रहे हैं। आज हर शहर और कस्बे में कोचिंग केंद्र खुल गए हैं। वे आठवीं के बाद ही छात्रों को कोचिंग में दाखिला लेने के लिए आकर्षित करने लगे हैं। हर स्तर पर बढ़ती कोचिंग संस्कृति शिक्षा व्यवस्था पर एक गंभीर सवाल है। आखिर क्या कारण है कि पहले किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्रों को कोचिंग की जरूरत नहीं पड़ती थी, लेकिन आज स्कूली स्तर की परीक्षाओं में भी उनकी सेवाएं लेना आवश्यक सा हो गया है? आज भारत में कोचिंग केंद्रों का एक बड़ा जाल फैल गया है और इसकी काट न तो शिक्षा संस्थान कर पा रहे हैं, न सरकार और न ही समाज। यह ठीक है कि कमजोर विद्यार्थियों को ट्यूशन या कोचिंग मिलनी चाहिए, पर ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि हर छात्र को ट्यूशन और कोचिंग का सहारा लेना पड़े। यह चिंताजनक है कि कोचिंग संस्कृति पर लगाम लगने के बजाय वह फलती-फूलती जा रही है। इससे तो स्कूलों और कालेजों की महत्ता ही खतरे में पड़ती जा रही है।

नई शिक्षा नीति में कोचिंग संस्कृति पर लगाम लगाने के कई उपाय किए गए हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि इसमें समय लगेगा, क्योंकि इस नीति पर पूरी तरह अमल होना शेष है। अभी भी कई शिक्षण संस्थान नई शिक्षा नीति को लागू करने में पीछे चल रहे हैं। कुछ राज्य सरकारों ने भी इस नीति को लेकर ढुलमुल रवैया अपना रखा है। बेहतर होगा कि इंटरमीडिएट स्कूल, जिनके छात्र मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षा देते हैं, वे नई शिक्षा नीति की मूल भावना को समझते हुए अपने शिक्षा ढांचे में व्यापक बदलाव लाएं, जिससे अब जो डाक्टर-इंजीनियर तैयार हों, उनकी गुणवत्ता अच्छी हो। गुणवत्ता का ध्यान मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेजों को भी रखना होगा। तभी भारत अपने समक्ष उपस्थित चुनौतियों का सामना कर सकेगा।

response@jagran.com

# रूबियो की भारत यात्रा

क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने भारत आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो कोलकाता से अपने भारत दौरे की शुरुआत करने के बाद जिस तरह दिल्ली आकर सीधे प्रधानमंत्री मोदी से मिले और उनसे लंबी बात की, उससे यह प्रतीति होना स्वाभाविक है कि वे दोनों देशों के संबंधों को प्रगाढ़ करने को विशेष महत्व दे रहे हैं। आम तौर पर किसी देश का विदेश मंत्री पहले अपने समकक्ष से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री से भेंट करता है, लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री के मामले में यह क्रम टूटता दिखा। उन्होंने प्रधानमंत्री से लंबी बातचीत करने के बाद उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण भी दिया, लेकिन इसकी महत्ता तभी है, जब दोनों देशों के संबंधों में सुधार की प्रक्रिया वास्तव में गति पकड़े। भारत केवल इतने से संतुष्ट नहीं हो सकता कि अमेरिका उसकी प्राथमिकता में है और वह उसे खास महत्व दे रहा है, क्योंकि उसकी मौजूदा नीतियां भारतीय हितों के अनुकूल सिद्ध नहीं हो रही हैं। एक तो भारत-अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते में देरी हो रही है और दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उस पाकिस्तान को जरूरत से ज्यादा भाव दे रहे हैं, जिसे अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने धोखेबाज करार दिया था।

अमेरिका और ईरान के बीच का टकराव भी भारत के लिए मुसीबत बना हुआ है। इस टकराव के चलते ईरान ने जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित कर रखा है, उससे सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में भारत प्रमुख है। अमेरिका-ईरान टकराव के कारण जो विश्वव्यापी ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसके लिए अमेरिका ही अधिक जिम्मेदार है। यह स्वाभाविक है कि अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच वार्ता में पश्चिम एशिया संकट यानी ईरान का मुद्दा भी अवश्य चर्चा में आया होगा। भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह इस पर जोर दे कि अमेरिका पश्चिम एशिया संकट प्राथमिकता के आधार पर सुलझाए। इसी तरह वह व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़े। यह ठीक है कि भारत रवाना होने के पहले अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत को एक महान देश और साझेदार बताते हुए यह कहा कि उसके साथ कई क्षेत्रों में काम करना है, लेकिन अभी तो ऐसा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा का उद्देश्य व्यापार, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी सहयोग के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करना बताया। देखना है कि उनकी यह यात्रा इन उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक बन पाती है या नहीं? निःसंदेह देखना यह भी होगा कि अमेरिका चार देशों के संगठन क्वाड को लेकर कितनी गंभीरता का परिचय देता है?

# यात्रा का उल्लास

हिमालय की चारधाम यात्रा के एक महीने में ही श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने आस्था और श्रद्धा की डगर को और प्रगाढ़ किया है। अब तक लगभग 20 लाख यात्री केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। यह केवल यात्रियों का धार्मिक उल्लास या उत्साह नहीं है, अपितु इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था, तीर्थाटन, पर्यटन और स्थानीय रोजगार को नई रफ्तार मिली है। इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि श्रद्धालुओं के ऐसे हुजूम के बीच न केवल व्यवस्थाओं की परीक्षा होती है, बल्कि पग-पग पर चुनौतियों का पहाड़ भी खड़ा हो जाता है। फिर पहाड़ में पल-पल बदलता मौसम भी राह में बाधक बनता है। इससे यात्रियों को भूस्खलन, जाम आदि की स्थिति का सामना करना पड़ता है। इस बार अब तक मौसम अनुकूल बना हुआ है। साथ ही, चारधाम यात्रा मार्गों और पड़ावों पर सुविधाओं के विस्तार से भी यात्रा सहज हुई है। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि चारधाम यात्रा देवभूमि की लोक संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता और आतिथ्य का भी परिचय देती है। यही कारण है कि कई श्रद्धालु तीर्थाटन के साथ ही पर्यटन को भी वरीयता दे रहे हैं। चारों धामों के साथ-साथ उनके आसपास के पर्यटन क्षेत्रों में भी रौनक है। देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालुओं के इस उत्साह से अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में यात्रा चरम पर पहुंचेगी। ऐसे में सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा के लिए सरकार व स्थानीय प्रशासन के साथ ही श्रद्धालुओं को भी अपनी सक्रिय जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

**चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ आस्था और श्रद्धा को और मजबूत कर रही है**

# जहां-जहां परीक्षा, वहां-वहां लीक

हास्य-व्यंग्य





विनय कुमार पाठक

**पेपर लीक को रोकने के लिए पाइप बदले जा रहे हैं, बाल्टियां भी रखी जा रही हैं, लेकिन टप-टप बंद नहीं हो रही**

शब्द-चातुर्य भी बहुत कमाल की चीज है। जैसे कुछ शब्द सुनने में एक जैसे लगते हैं, पर उनके अर्थ में जमीन-आसमान का फर्क होता है। अंग्रेजी का ऐसा ही शब्द संक्षेप है नीट। संक्षेप के बजाय इसके विस्तारित अर्थ की बात करें तो अंग्रेजी में नीट का मतलब होता है साफ-सुथरा, व्यवस्थित और शुद्ध। वहीं मेडिकल परीक्षाओं के लिए इसके संक्षिप्त स्वरूप नीट की बात करें तो अब यह पेपर लीक का पर्याय बनता प्रतीत हो रहा है। हालत यह है कि विद्यार्थी किताबें कम और खबरें ज्यादा पढ़ रहे हैं कि पेपर लीक कब हुआ, कहां से हुआ, कितने में बिका और कौन पकड़ा गया? हालत यह हो गई है कि कई प्रतिभाशाली छात्रों को भी अपनी प्रतिभा से ज्यादा भरोसा लीक पर होने लगा। लाखों में खरीदा गया प्रश्नपत्र उनके लिए परीक्षा पास करने वाला च्यवनप्राश बन गया।

एक पुराना गीत है, 'जिसे तू कुबूल कर ले, वो अदा कहां से लाऊं', वह आज के अर्थों में 'जो लीक ठीक कर दे, वो प्लंबर कहां से लाऊं।' देश का शायद ही कोई राज्य बचा हो, जहां परीक्षा और लीक का रिश्ता 'चोली-दामन' जैसा न हो रह गया हो। हर जगह प्रश्नपत्र ऐसे बहते हैं जैसे बरसात में नालियां। कभी परीक्षा से पहले पेपर बाहर, कभी परीक्षा के दौरान वाट्सएप विश्वविद्यालय में वायरल और कभी परीक्षा के बाद। छात्र त्रिशंकु की तरह अधर में लटक जाते हैं-न चयन होता है और न अगली परीक्षा की तैयारी। इसमें सबसे अधिक पिसते हैं परिश्रमी विद्यार्थी। उनकी मेहनत के पसीने पर लीक वाले पानी फेर देते हैं।

दलीक उद्योग की एक समांतर व्यवस्था बन चुकी है। इसमें प्रश्नपत्र छापने वाले से लेकर पहुंचाने वाले तक की भूमिकाएं तय रहती हैं। कोई प्रश्नपत्र की फोटो खींचता है, कोई टेलीग्राम चैनल पर डालता है, कोई रातोरात 'विशेष बैच' शुरू कर देता है। लगता है जैसे शिक्षा व्यवस्था नहीं, कोई वेब सीरीज चल रही हो। विकिलीक्स तो दुनिया के गोपनीय दस्तावेज उजागर करता था, ताकि पर्दे के पीछे छुपाया गया सच सामने आए। जबकि हमारे यहां के 'लीकवीर' भी गोपनीयता भंग करते हैं, लेकिन उद्देश्य जनहित नहीं, धनहित होता है। इनके घरों में धन की ऐसी नमी बनी रहती है कि ईमानदारी वहां घुसते ही फिसल जाए। कई लोग सरकारी मेहमाननवाजी का लुत्फ उठाकर भी आते हैं, मगर जेल से लौटते ही फिर उसी धंधे में लग जाते हैं, मानो यह कोई स्टार्टअप हो जिसे सरकार बार-बार बिना ब्याज वाली फंडिंग कर रही हो।

इस लीक संस्कृति से सर्वाधिक क्षति समय को पहुंचती है। जो भर्ती छह महीने में पूरी होनी चाहिए, वह छह साल में पूरी होती है। कई अभ्यर्थियों की उम्र निकल जाती है। जब तक चयन होता है, तब तक चेहरे पर अनुभव की झुर्रियां और बालों में प्रतियोगी परीक्षाओं की सफेदी उतर आती है। वे दूसरी पीढ़ी के समक्ष यही कहते सुनाई पड़ते हैं कि हमने अपने बाल धूप में नहीं, भर्ती बोर्डों की प्रतीक्षा में सफेद किए हैं। हर पेपर लीक के बाद सरकारें आश्वासन देती हैं कि अब व्यवस्था 'लीकप्रूफ' होगी। समितियां बनती हैं, कानून बनते हैं, गिरफ्तारियां होती हैं। मगर प्रश्नपत्र फिर भी ऐसे बाहर आ जाता है, जैसे घर की छत टपकने पर बरसात का पानी। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां छत नहीं, व्यवस्था टपक रही है। देश आज भी उस प्लंबर की तलाश में है, जो इस लीक को हमेशा के लिए ठीक कर सके। फिलहाल तो हाल यह है कि पाइप बदले जा रहे हैं, बाल्टियां रखी जा रही हैं, लेकिन टप-टप बंद नहीं हो रही।

response@jagran.com







## महानता का आधार त्याग

विराट उपलब्धियों के लिए बड़ा मूल्य भी चुकाना पड़ता है। कभी यह मूल्य निद्रा सुख को त्यागने तो कभी प्रियजनों के साथ बिताए जाने वाले सुखद क्षणों में कटौती के रूप में चुकाना होता है। जब लक्ष्य हिमालय की तरह ऊंचा हो, तब मार्ग में आने वाले आकर्षक उद्यानों को भी त्यागना पड़ता है। जीवन में वही व्यक्ति सफलता के शिखर तक पहुंचता है, जो अपने लक्ष्य के प्रति अविचलित रहता है और मोह-माया के प्रलोभनों से स्वयं को विचलित नहीं होने देता। देवताओं के गुरु वृहस्पति के पुत्र कच्छ ने लक्ष्य तय किया वे असुरों के गुरु शुक्राचार्य से संजीवनी विद्या प्राप्त करेंगे। यह विद्या इतनी विलक्षण थी कि उससे मृत व्यक्ति को भी पुनर्जीवित किया जा सकता था। कच्छ का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन था और वे किसी प्रकार के ऐश्वर्य, सुविधा अथवा सुख की कामना लेकर शुक्राचार्य के पास नहीं गए थे। इसके लिए उन्होंने वर्षों तक कठोर तप और अनुशासन का पालन किया। अपमान से लेकर प्रलोभनों से अप्रभावित रहे।

कच्छ ने अपने कर्तव्य और लक्ष्य को ही सर्वोपरि माना। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि वास्तविक त्याग वही है, जिसमें व्यक्ति अपने निजी सुखों का परित्याग करके व्यापक लक्ष्य की ओर अग्रसर रहे। त्याग का अर्थ केवल किसी वस्तु या सुख को छोड़ देना नहीं है, बल्कि यह अपने जीवन की दिशा को सही बनाए रखने का दृढ़ संकल्प है। यह मनुष्य को आत्मसंयम, सहनशीलता और दृढ़ता का पाठ पढ़ाता है। कच्छ की कथा हमें प्रेरित करती है कि यदि हमारा लक्ष्य पवित्र और स्पष्ट है, तो हमें मार्ग में आने वाले प्रत्येक प्रलोभन को त्यागने का साहस भी रखना चाहिए। त्याग के बिना महानता असंभव है। जो व्यक्ति त्याग करना सीख लेता है, वही जीवन में वास्तविक सफलता, सम्मान और आत्मसंतोष प्राप्त करता है।

समराज चौहान

# तेज गर्मी का महिलाओं पर अधिक असर

मुकुल व्यास

**गर्मी का दुष्प्रभाव पुरुषों की तुलना में महिलाओं पर अधिक देखा जा रहा है**

भारत का एक बड़ा हिस्सा इस समय भीषण गर्मी झेल रहा है। समूचे उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में कई जगह तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। सरकार गर्मी और तेज लू से बचने के लिए समय-समय पर चेतावनी भी जारी करती रहती है। गर्मी एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। एक अध्ययन ने एशिया और अफ्रीका के उदाहरणों के हवाले से बताया है कि महिलाओं को गर्मी के हालात में सबसे ज्यादा एडजस्ट करने के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन जलवायु संबंधी नीतियों में उन्हें नजरअंदाज किया जाता है।

दरअसल एशिया और अफ्रीका के कई हिस्सों में महिलाएं घर की मुख्य देखभाल करने वाली होती हैं। पुरुषों के मुकाबले वे अक्सर घर के अंदर ज्यादा समय बिताती हैं। उन्हें कम हवादार घरों में बिना इंसुलेशन या कूलिंग के रहना पड़ता है, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक तनाव होता है। इससे पता चलता है कि बहुत ज्यादा गर्मी महिलाओं की सेहत को कैसे नुकसान पहुंचाती है। काम की जगहों पर लिंग के आधार पर भेदभाव भी गर्मी के संपर्क को प्रभावित करता है। एक रिसर्च से पता चलता है कि अनौपचारिक काम की जगहों पर साफ-सफाई की कमी महिलाओं को बहुत अधिक गर्मी के दौरान खास तौर पर परेशान करती है। कुछ महिलाएं गंदे टायलेट इस्तेमाल करने से बचने के लिए कम पानी पीती हैं, जिससे उनमें डिहाइड्रेशन और सेहत से जुड़ी और दूसरी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

ये छोटी-मोटी परेशानियां नहीं हैं। ये सब मिलकर महिलाओं के गर्मी के संपर्क में निरंतर इजाफा करती हैं। बहुत ज्यादा गर्मी महिलाओं की सामाजिक दुनिया को बदल देती है। हीटवेव के दौरान कई उष्णकटिबंधीय जगहों पर औरतें घर के अंदर रहती हैं, जिससे उनके सामाजिक संपर्क कम हो जाते हैं। तेजी से गर्म होती दुनिया में ढालने के लिए सरकारों, संस्थाओं और लोगों को मिलकर कोशिश करनी पड़ेगी। लेकिन कई जगह महिलाएं नई नीतियों के आने का इंतजार नहीं कर रही हैं। वे पहले से ही रचनात्मक तरीके से गर्मी के हालात में खुद को ढाल रही हैं और यह काम वे अक्सर बिना किसी संस्थागत समर्थन के करती हैं। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद की कुछ बस्तियों में महिलाओं ने अपनी छतों को सफेद रंग से पेंट कर दिया और ठंडी छतें बनाने के लिए नारियल के छिलकों और कागज के कचरे का इस्तेमाल किया। कुछ स्थानों पर महिलाओं ने अपने घरों से जुड़े छायादार, हवादार कमरे बनाए। छतों पर सफेद पेंट को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, क्योंकि सफेद पेंट सूरज की रोशनी को परावर्तित करके कमरों को ठंडा रखता है। सरकार को इसके लिए विशेष जन अभियान चलाना चाहिए। नई रिसर्च बताती है कि गर्मी महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग ढंग से प्रभावित करती है। नीति-निर्धारकों को इस अंतर का ध्यान रखना चाहिए।

(लेखक विज्ञान के जानकार हैं)

## राजरंग

### लंबा खिंचता इंतजार

भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए इंतजार की घड़ियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। डेढ़ साल से अधिक इंतजार के बाद भाजपा को नए राष्ट्रीय अध्यक्ष तो मिल गए, लेकिन पांच महीने बाद भी उनकी टीम का एलान नहीं हो पाया है। 45 साल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को देखते हुए उनकी टीम में युवा चेहरों को ज्यादा जगह मिलने की बात कही जा रही है और कई नेता खुद को उसमें फिट होता हुआ भी देख रहे हैं। कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग भी अपने-अपने चहेते नेता को संगठन में अहम पद मिलने की आस लगाए बैठा है। पहले फरवरी में नई टीम के एलान की बात हुई। फिर बंगाल चुनाव के बाद 15 मई तक घोषणा की चर्चा चली, लेकिन तीसरा हफ्ता बीतते-बीतते कार्यकर्ताओं और नेताओं की बेसब्री बढ़ने लगी है। समस्या यह है कि उनके पास इंतजार करने के अलावा कोई उपाय भी नहीं है। भाजपा मुख्यालय में उनकी मौजूदगी हर जगह देखी जा सकती है, लेकिन सवाल पूछने पर सबका एक ही जवाब होता है, देखिए कब होता है।



### एनटीए की बेसुरी बांसुरी

नीट पेपर लीक के चलते मेडिकल प्रवेश परीक्षा रद होने को लेकर देश भर में छात्रों की परेशानी को लेकर घमासान मचा है। सीबीआइ पेपर लीक मामले की जांच में एक के बाद एक गिरफ्तारियां भी कर रही है, मगर नीट कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के आला अधिकारी इसके बाद भी पेपर लीक की बात नकार कर 'रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था' वाली कहावत को चरितार्थ करते दिखाई दे रहे हैं। संसदीय समिति की दो दिन पहले हुई बैठक में एनटीए का रुख यही संकेत करने वाला रहा। पेपर लीक पर समिति ने जब सवालों की बौछार की तो एनटीए अफसरों ने कहा कि कुछ गड़बड़ियां जरूरी हुईं, लेकिन पेपर लीक नहीं हुआ और सीबीआइ जांच जारी होने का हवाला देकर जवाब देने से कन्नी काट ली। जबकि हकीकत यह है कि सीबीआइ खुद पेपर लीक की बात आधिकारिक रूप से बता रही है। बायालोजी और केमिस्ट्री के पेपर लीक में पहले ही कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और सीबीआइ ने शुक्रवार को फिजिक्स के पेपर लीक मामले में एक आरोपित को गिरफ्त में भी लिया। सीबीआइ ने इस गिरफ्तारी की घोषणा करते हुए आधिकारिक रूप से यह कहने से भी गुरेज नहीं किया कि नीट पेपर लीक में फिजिक्स का पेपर लीक करने में इसकी मुख्य भूमिका है। साफ है कि पेपर लीक की अंदरूनी साठगांठ और खेल की परतें सीबीआइ तो खंगाल रही, मगर एनटीए इस मामले में 11 लोगों की गिरफ्तारी के बाद भी पेपर लीक नहीं होने की बेसुरी बांसुरी बजाने से बाज नहीं आ रही।

### सृजन या विध्वंस

कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे को जिला स्तर पर मजबूत कर पार्टी की राजनीतिक वापसी के बड़े लक्ष्य के लिए करीब एक साल पहले संगठन सृजन अभियान की शुरूआत हुई थी। जिला, प्रदेश से लेकर एआइसीसी के प्रतिनिधियों को शामिल कर जमीनी जुड़ाव वाले क्षमतावान लोगों की पहचान कर उन्हें जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त करने का गुजरात समेत कुछ राज्यों से सिलसिला भी शुरू हुआ, मगर धीरे-धीरे कई राज्यों में इसमें भी प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का प्रभाव और हस्तक्षेप इतना बढ़ गया कि तमाम नियुक्तियों पर पार्टी के भीतर ही सवाल उठाए जा रहे हैं। पिछले हफ्ते कांग्रेस के एक राज्यसभा सदस्य की ओर से आयोजित एक रात्रिभोज के दौरान दिल्ली के एक वरिष्ठ नेता ने तो कहा कि पार्टी के इतिहास में शायद ऐसे नमूने जिलाध्यक्ष कभी नहीं बने होंगे, जितना इस संगठन सृजन के तहत हुए हैं। फिर चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि संगठन सृजन अभियान की जगह विध्वंस अभियान चलाया जा रहा है।

### मेलोनी, मेलोडी और किसान

किसी मुद्दे को अपनी सुविधा के अनुसार मोड़ देने में नेताओं को महारत हासिल होती है। तब इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को मेलोडी टाफी के उपहार का मुद्दा क्यों अछूता रहता। कहा जा रहा है कि इस सौगात से किसानों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। इसके पक्ष में नेताओं का तर्क है कि टाफी बनाने में दूध, कोकोआ और चीनी का इस्तेमाल होता है और ये सभी किसानों से जुड़ी वस्तुएं हैं। मेलोडी प्रकरण के बाद विदेश में भारतीय टाफी की बिक्री बढ़ेगी तो इससे किसानों को ही भारी लाभ मिलेगा, क्योंकि उनकी वस्तुओं की बिक्री बढ़ेगी। बहरहाल मेलोडी की इस सौगात के कमाल के लिए किसानों को कुछ इंतजार तो करना होगा।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**25** लाख पांडुलिपियों की जानकारी मिली है पिछले लगभग डेढ़ माह के दौरान राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के तहत, जबकि 50 लाख से अधिक पांडुलिपियों की कैटलागिंग की जा चुकी है। अनुमान है कि इसका दायरा अभी और विस्तृत होगा।



ज्ञान-भारतम

# इतिहास के लैंडस्केप में बदलाव संभव



अनंत विजय
anant@nda.jagran.com

**प्राचीन पांडुलिपियों में वह खजाना छुपा हुआ है जो भारत के इतिहास को बदलने में सक्षम है। ज्ञान भारतम के माध्यम से इन पांडुलिपियों का संरक्षण किया जा रहा है। इन पांडुलिपियों के माध्यम से भारत की वह शक्ति सामने आ सकती है जिसको विदेशी इतिहासकारों और विदेशी विचारधारा से प्रभावित विद्वानों ने योजनाबद्ध तरीके से नजरअंदाज किया। बस इसमें एक सतर्कता बरतनी होगी कि इन पांडुलिपियों को लेकर जिस प्रकार से संगठित तरीके से अफवाह फैलाई जाती रही है, उसकी काट भी रखनी होगी**



प्राचीन पांडुलिपियों की मदद से देश से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों के विविध आयामों को समझने में मिलेगी सफलता। फाइल

पिछले दिनों भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के कई विद्वानों से संवाद का अवसर मिला। उनके विभिन्न प्रकार के शोध की जानकारी मिली। उच्च अध्ययन संस्थान में ही टैगोर फेलो के रूप में कार्यरत प्रो. ओम प्रकाश शर्मा से लंबी बातचीत हुई। उनका अध्ययन हिमाचली पहाड़ी भाषा, लिपियां और लोकसाहित्य पर है। बातचीत के क्रम में उन्होंने एक पांडुलिपि दिखाई। उन्होंने बताया कि इस पांडुलिपि का नाम खुजित्रा फलित ज्योतिष पांडुलिपि है। इसमें आगम शास्त्र के अंतर्गत होरारि ज्योतिष के विषय पर लिखा गया है। पांडुलिपि की लिपि के संबंध में उन्होंने दिलचस्प बात बताई। उनका कहना है कि इसकी लिपि शारदा लिपि से जन्मी हिमाचल प्रदेश की भटाखरी लिपि है। उत्तराखंड के जौंसार-बाबर के लिपिकार इस पांडुलिपि को जड़ाखरी लिपि मानते हैं। ओम प्रकाश शर्मा लंबे समय से पांडुलिपियों की खोज में लगे हैं और लगभग सात वर्षों की कठिन मेहनत के बाद उनको ये पांडुलिपि डिजिटाइजेशन के लिए मिली है। उनका शोध यह कहता है कि यह पांडुलिपि बहुत पुरानी है और मूल शारदा लिपि में लिखी गई होगी। शारदा लिपि ब्राह्मी परिवार की लेखन प्रणाली के तौर पर कश्मीर में मान्य रही है। ज्ञान की देवी शारदा के नाम पर ही इस लिपि का नामकरण बताया जाता है। प्राचीन काल में इस लिपि का प्रयोग कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश तक में होता था। उत्तराखंड से मिली इस पांडुलिपि से संकेत मिलता है कि किस प्रकार से शारदा लिपि की यात्रा कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक हुई होगी। जब डा. शर्मा से बात हो रही थी तो उसी समय संस्कृति मंत्रालय की योजना ज्ञान भारतम का ध्यान आया।

ज्ञान भारतम के बारे में पहली बार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के प्रोफेसर रमेशचंद्र गौड़ से पिछले वर्ष विस्तार से चर्चा हुई थी। यह वह समय था जब ज्ञान भारतम पर मंथन के लिए तीन दिनों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का विषय था- रिक्लेमिंग इंडियाज नालेज लीगेसी थ्रू मैनुस्क्रिप्ट हैरिटेज। इस सम्मेलन में देश-विदेश के लगभग दो हजार विद्वानों ने हिस्सा लिया था जिसमें डेढ़ सौ विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी थी। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ज्ञान भारतम को औपचारिक रूप से आरंभ किया था। इसके पहले बजट में भी इस तरह की योजना की घोषणा की गई थी। इस सम्मेलन में इस योजना से जुड़े वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट भी जारी की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पांडुलिपियां भारतीय ज्ञान परंपरा के लिखित स्रोत हैं जो भारत की विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ व्यक्तिगत अधिकार के घरों में उपलब्ध हैं।

इन पांडुलिपियों के बारे में गहन सर्वेक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने इस वर्ष अप्रैल से जून तक तीन महीने की अवधि में पांडुलिपियों के सर्वेक्षण का कार्य आरंभ किया है। वर्ष 2003 में भी राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन आरंभ किया गया था। तब इसमें जन भागीदारी नहीं थी। विशेषज्ञों और संस्थाओं के माध्यम से कार्य किया गया था जो बाद में लगभग समाप्त हो गया। अब भारत सरकार ने पांच वर्षों के लिए लगभग पांच सौ करोड़ रुपये का बजट ज्ञान भारतम के लिए तय किया है। उसके अंतर्गत पांडुलिपियों की खोज का पहला चरण आरंभ हो गया है। अभी जो सर्वेक्षण हो रहा है उसमें जन भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जनसाधारण से एक एप के माध्यम से पांडुलिपियों के बारे में जानकारी देने की अपेक्षा की गई है। ज्ञान भारतम के सर्वे समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त जानकारी की प्रामाणिकता जांची जाएगी। फिर संरक्षण, प्रलेखन, डिजिटाइजेशन, आर्काइविंग, पाठक संपादन और प्रकाशन का चरण आरंभ होगा। दीर्घ योजना है। पिछले वर्ष आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के वर्किंग समूह की रिपोर्ट में भवनाथ झा ने विस्तार से पांडुलिपि सर्वेक्षण के चरणों और उसके बाद के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है।

एक अनुमान के अनुसार, राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत पहले ही हमारे पास लगभग 50 लाख पांडुलिपियों की कैटलागिंग हो चुकी है। मनमोहन सिंह सरकार के दौरान इसका काम बहुत धीमा हो गया था। अब नरेन्द्र मोदी सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत इसका रोडमैप बनाकर सर्वेक्षण का कार्य आरंभ किया है। संस्कृति मंत्रालय में इस कार्य से जुड़े व्यक्ति ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ महीने में 25 लाख पांडुलिपियों की जानकारी मिल चुकी है। जिस प्रकार से जानकारियां मिल रही हैं, उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में इस जानकारी का दायरा विस्तृत होगा। सबसे मुश्किल कार्य है जानकारी के बाद उन पांडुलिपियों को डिजिटाइजेशन के लिए हासिल करना। जिन धार्मिक संस्थाओं के कमरों में पांडुलिपियां बंद हैं उनके प्रमाणीकरण और उसके डिजिटाइजेशन के लिए पांडुलिपियां प्राप्त करना कठिन हो सकता है। ये काम हो भी गया तो उसके बाद इन पांडुलिपियों के पाठ के लिए बड़ी संख्या में भाषा, लिपि और इतिहास के विद्वानों की आवश्यकता होगी। कृत्रिम प्रज्ञा (एआइ) से पांडुलिपियों के वर्गीकरण में सहायता मिल सकती है, लेकिन एआइ बहुत मददगार साबित होगा, इसमें संदेह है। अभी जर्मनी के एक विश्वविद्यालय से जुड़ा एक समाचार चर्चा में आया है। इसके अनुसार वहां इस तरह का एक एआइ टूल विकसित किया गया है जो प्राचीन लिपियों को पढ़ने में मददगार है। ये अभी बहुत आरंभिक बातें हैं, इसके विकसित होने और उपयोगी टूल के रूप में चलन में आने में समय लग सकता है। पांडुलिपियों के इंडेक्सिंग का कार्य भी समय लेगा। कीवर्ड के आधार पर इंडेक्सिंग की विधि से ही यह काम होगा। इसमें एक चुनौती और भी है कि यदि इस कार्य में कुशल लोगों को नहीं लगाया गया तो सारी मेहनत पर पानी फिर सकता है। पांडुलिपियों को जुटाने के काम के साथ-साथ संस्कृति मंत्रालय को कुशल मानव संसाधन के विकास की भी योजना बनानी पड़ेगी।

ज्ञान भारतम भारत सरकार का एक ऐसा प्रकल्प है जो भारत की सभ्यतागत विशेषताओं को रिक्लेम करेगा। इस स्तंभ में पहले भी प्रधानमंत्री की सभ्यतागत चेतना की पुनर्स्थापना के कार्यों को रेखांकित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 12 वर्षों के महत्वपूर्ण कार्यों का विश्लेषण करें तो निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वह भारत और भारतीयता को स्थापित करने और अपनी सभ्यतागत निरंतरता से जोड़ने के लिए प्रयत्नशील हैं। अगर वैश्विक इतिहास और ज्ञान का लैंडस्केप बदलता दिखेगा तो तमाम वैश्विक शक्तियां ज्ञान भारतम के कार्य को पटरी से उतारने की कोशिश करेंगी। अकादमिक रूप से बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। ये इसलिए भी आवश्यक है कि ये हमारी सभ्यता की निरंतरता और ज्ञान परंपरा को स्थापित करेगी।

खरी खरी

# एआइ बनाम एनआइ

प्रभात गोस्वामी

रेडियो पर फिल्म गोरा और काला का गीत बज रहा था- धीरे धीरे बोल कोई सुन ना ले, सुन ना ले कोई सुन ना ले। मैं बहुत ही इत्मीनान से यह गीत सुन रहा था। हालांकि गाने लोग आज भी सुनते हैं, लेकिन पहले की तरह नहीं। दरअसल, हमलोगों के जमाने में लोगों को बातें बनाने के साथ यह डर भी लगा रहता था कि कोई उनकी बातें सुन न ले। पहले हमारे जीवन में माता-पिता का बहुत हद तक हस्तक्षेप हुआ करता था। आजकल लोग इंटरनेट मीडिया के विस्तार के साथ जीवन में बढ़ते तकनीकी हस्तक्षेप से परेशान हैं।

लोग आजकल अनेक कारणों से परेशान हैं। घर से लेकर दफ्तर तक, मैदान से लेकर पहाड़ों और नदियों से लेकर समंदर तक, कंप्यूटर से लेकर मोबाइल तक आपकी हर बात को कोई सुन रहा है! और हम इस तकनीकी विकास के आगे नतमस्तक होकर उसकी तारीफ के ढोल पीट रहे हैं। जबकि हमारे दौर में एनआइ यानी नैचुरल इंटेलिजेंस बोले तो नैसर्गिक बुद्धिमत्ता से बिना कंप्यूटर, मोबाइल के सारी बातें सुन लेते थे। एआइ से कहीं तगड़े कान हमारी दीवारों के हुआ करते थे। हिंदी साहित्य में यह मुहावरा ऐसे ही नहीं बना था कि दीवारों के भी कान हुआ करते हैं, तो कहीं भी कुछ बोलने से पहले दो बार सोच लिया करो। हम विश्व गुरु ऐसे ही थोड़े कहलाते हैं।

लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं है। लोग भले ही बोलते न हों, लेकिन लिखने के इतने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म उभर गए हैं हमारे समक्ष कि कोई भी बात दिमाग में आते ही लोग उसे इस मंच पर लिख मारते हैं। इससे बातों की गंभीरता का स्तर कम हो गया है। पहले कुछ लोग आपकी बातें सुनकर इधर-उधर करते थे। कानाफूसी की रफ्तार इतनी तेज थी कि बात खत्म होने के साथ ही दूर तलक पहुंच जाती थी। घरों की दीवार के भी कान होते थे। यही सुनकर शायर कफील आजम ने गजल लिखी थी कि, 'बात निकलेगी तो फिर दूर तलाक जाएगी।' उस दौर से आज तक 'सुना है,' या 'लोग कहते हैं', कहकर हम हर बात बड़ी रफ्तार से इधर-उधर करते रहते हैं। चुगली की गुगली आज भी बड़े-बड़ों को क्लीन बोल्ड कर देती है। माउथ पब्लिसिटी का जलवा आज भी माना जाता है। पहले के जमाने में घर की बुजुर्ग महिलाएं किसी भी गर्भवती की चाल और चेहरा देखकर खुलेआम बता देती थीं कि लड़का होगा या लड़की! आज यह काम चुपके-चुपके मशीनें कर रही हैं।

हमारे दौर में कुछ लोग तो अपनी बातों को दूसरों तक पहुंचाने के लिए जानबूझकर जोर-जोर से बोलते थे। समझने वाले समझ गए हैं, ना समझे वो अनाड़ी! अब आप ही बताएं कि हमारी नैसर्गिक बुद्धि के आगे कृत्रिम बुद्धि कहां तक टिक पाएगी। हमारे यहां आज भी लोग भरे-पूरे परिवार के बीच बैठने के बाद, कहीं उठकर जाना होता है तो अपना कान छोड़कर चले जाते हैं! घर की सारी खबरें तुरंत मोहल्ले की धरोहर बन जाती थीं। मोहल्ले की औरतें गपशप करने वाली चौकियों में बैठकर नैसर्गिक बुद्धिमत्ता से मोहल्ले भर की खबरें प्रसारित कर देतीं थीं! किसी बड़ी सोसायटी की उन्नीसवीं मंजिल से फल-सब्जी के ठेले देखकर ऊपर से सूंघ कर ही बता देती हैं कि कौन-सी कच्ची और पक्की फल-सब्जियां हैं! मोबाइल और कंप्यूटर सबके पास नहीं हैं, जो उनकी बात सुनी जाए।

दुनिया एआइ-एआइ का हल्ला कर रही है, पर क्या यह हमारी नैसर्गिक बुद्धिमत्ता (एनआइ) के सामने टिक पाएगी! कोई बताओं इस बारे में जरा विस्तार से, या फिर हम तो हैं ही इसे बताने के लिए। जरा आप भी सोचो तो बहुत कुछ समझ में आएगा।

(लेखक व्यंग्यकार हैं)

## पोस्ट

बसपा प्रमुख मायावती ने विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि किसी पार्टी से चुनावी गठबंधन को लेकर भी वे मन की बात कर सकती हैं। कांग्रेस के बारे में भी बताया जा रहा है कि कुछ नेताओं का झुकाव सपा के बजाय बसपा की ओर है।
पंकज झा@pankajjha_

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कोलकाता में मदर टेरेसा से जुड़ी संस्था का दौरा किया। इससे मिशनरी और चैरिटी का मुद्दा फिर से चर्चा में है। आखिर अमेरिकी सरकार की एकाएक उस संस्था में इतनी दिलचस्पी कैसे हो गई, जो रोमन कैथोलिक मूल्यों से प्रेरित हो। नि:संदेह इसके पीछे के समीकरणों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। शीला भट्ट@sheela2010



बेंगलुरु और हैदराबाद के मैच में कमिंस और हेजलवुड जैसे चैंपियन गेंदबाजों की धज्जियां उड़ते देख आश्चर्य नहीं हुआ। बुमराह की भी यही स्थिति है। पाटा पिचों पर दिग्गज गेंदबाजों की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। लट्ठमार क्रिकेट में शास्त्रीय क्रिकेट के बजाय मनोरंजन पर ही पूरा जोर है।
सुशील दोशी @RealSushilDoshi

आइटी के समंदर में एक बड़ी सुनामी आने को तैयार है। अब बस यही देखना है कि सुनामी की ये लहरें साल भर में तट से टकराती हैं या दो साल में। सुमंत रमण@sumanthraman

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या भारतीय टीम में चयन के लिए रणजी के प्रदर्शन को अनदेखा किया जा रहा है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या मार्को रूबियो के दौरे से भारत-अमेरिका संबंधों में सुधार के आसार हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

## जनपथ

हुआ सुरक्षित 'चिकन नेक' हुआ सुरक्षित देश,
ममता जी कुढ़ती रहें कुढ़े बांग्लादेश।
कुढ़े बांग्लादेश चलेगी ना मनमानी,
ज्यों बदली सरकार गई है बदल कहानी।
दुश्मन मौका ताक किये बैठे थे लक्षित,
वही 'चिकन नेक' आज अंतत: हुआ सुरक्षित!
-ओम प्रकाश तिवारी

रचनाकर्म

# फील गुड में व्यस्त जीवनशैली का समाधान

मुकेश चौरसिया

आज की भागमभाग भरी दुनिया और तनावपूर्ण जीवन में सफलता की राह बिल्कुल भी आसान नहीं है। हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा इतनी है कि बार-बार की असफलता से हताशा और निराशा बढ़ती है। इस स्थिति में स्वयं को सकारात्मक और ऊर्जावान रखने के साथ-साथ अपने लक्ष्य के प्रति अडिग बने रहना किसी चुनौती से कम नहीं होता। ऐसे चुनौतीपूर्ण माहौल में यह पुस्तक फील गुड के जरिये व्यस्त जीवनशैली के लिए एक आवश्यक समाधान प्रस्तुत करती प्रतीत होती है।

पुस्तक में बताया गया है कि जब सकारात्मक मनोदशा होती है तो कार्यों की व्यापक श्रेणी पर विचार किया जा सकता है। नए अनुभवों के लिए वे अधिक खुले होते हैं और बेहतर ढंग से सीखते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो अच्छा महसूस करने से रचनात्मकता और उत्पादकता में वृद्धि होती है।

लेखक बताते हैं कि फील गुड करने से ऊर्जा बढ़ती है। ज्यादातर लोगों ने ऐसी ऊर्जा महसूस की है, जो पूरी तरह से शारीरिक या जैविक नहीं है, जो केवल चीनी या कार्बोहाइड्रेट से नहीं आती है, बल्कि प्रेरणा, एकाग्रता और उनके मिश्रण से आती है। इस ऊर्जा के कई अलग-अलग नाम हैं। मनोविज्ञानियों ने इसे भावनात्मक, आध्यात्मिक, मानसिक या प्रेरक ऊर्जा नाम दिया है। जबकि न्यूरोसाइंटिस्ट इसे उत्साह, जीवन शक्ति या ऊर्जावान उत्तेजना कहते हैं। इस रहस्यमय ऊर्जा का स्रोत क्या है, इसका संक्षिप्त उत्तर है- फील गुड करना। सकारात्मक भावनाओं के लिए जिम्मेदार चार हार्मोन होते हैं- एंडोर्फिन, सेरोटोनिन, डोपामाइन और आक्सीटोसिन। इन्हें अक्सर फील गुड कराने वाले हार्मोन के रूप में बताया जाता है। ये सभी अधिक काम करने में सक्षम बनाते हैं।

इसका मतलब है कि ये फील गुड कराने वाले हार्मोन किसी पुण्य-चक्र की शुरुआत होते हैं। जब हम फील गुड करते हैं तो ये ऊर्जा पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता बढ़ती है। यह उत्पादकता ही उपलब्धि की भावनाओं की ओर ले जाती है, जिससे फिर से फील गुड होता है। जबकि फील गुड महसूस करने से तनाव घटता है। दूसरी ओर, नकारात्मक भावनाएं एड्रेनालाइन और कोर्टिसोल जैसे तनाव के लिए जिम्मेदार हार्मोन के स्राव का कारण बनती हैं। अगर इन नकारात्मक भावनाओं का बार-बार अनुभव करते हैं तो चिंताग्रस्त हो जाते हैं और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

**यह पुस्तक चुनौतीपूर्ण स्थितियों में रचनात्मक बने रहने और अपनी ऊर्जा को बढ़ाने का तरीका बताती है। यह फीलगुड के माध्यम से व्यस्त जीवनशैली में ऊर्जावान बने रहने का व्यापक समाधान भी प्रस्तुत करती है...**




**पुस्तक** : फील गुड प्रोडक्टिविटी
**लेखक** : अली अब्दाल
**प्रकाशक** : मंजुल पब्लिशिंग हाउस
**मूल्य** : 399 रुपये

यह पुस्तक तीन भागों में है, जिनमें से प्रत्येक भाग में फील गुड प्रोडक्टिविटी के अलग-अलग पहलुओं के बारे में बताया गया है। पहले भाग में बताया गया है कि स्वयं को ऊर्जावान बनाने के लिए फील गुड प्रोडक्टिविटी के विज्ञान का उपयोग कैसे करें। यह तीन तरह के ऊर्जावान कारकों- खेल, शक्ति और लोग के बारे में बताता है, जो सकारात्मक भावनाओं को रेखांकित करते हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि इन्हें अपने दैनिक जीवन में किस तरह शामिल किया जाए। दूसरे भाग में फील गुड प्रोडक्टिविटी टालमटोल से उबरने में कैसे मदद करती है। तीन अवरोधों- अनिश्चितता, भय और जड़ता को कैसे दूर किया जाए, इस पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया है। जब इन अवरोधों से पार पाते हैं तो न केवल टालमटोल से उबर जाएंगे, बल्कि बेहतर भी महसूस करेंगे। भाग तीन में इस बात पर चर्चा की गई है कि फील गुड प्रोडक्टिविटी को किस तरह लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है।

हर अध्याय में व्यावहारिक सुझाव दिए गए हैं। यह पुस्तक उन लोगों के लिए उपयोगी हो सकती है, जो ऊर्जावान बने रहने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए नए-नए तरीकों की तलाश करते हैं।

# आलस्य पर विजय, सफलता की कुंजी

आकांक्षा अवस्थी

कबीर दास का एक दोहा है- 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।' इस दोहे का संक्षिप्त शब्दों में तात्पर्य टालमटोल करने के परिणाम से है। टालमटोल लैटिन शब्द 'प्रोक्रेस्टिनेयर' से आया है, जिसका अर्थ है स्थगित करना या विलंब करना। चीजों को टालना जीवन की सबसे बड़ी बर्बादी है। यह हर दिन को छीन लेता है और भविष्य का वादा करके वर्तमान से वंचित कर देता है। जीने में सबसे बड़ी बाधा अपेक्षा है, जो कल पर टिकी रहती है और आज को खो देती है। पूरा भविष्य अनिश्चितता में निहित है, इसलिए तुरंत जियो। बाथ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञानी बास वरप्लैंकेन और उनकी टीम ने एक अध्ययन किया, जिसमें पता चला कि प्रत्येक नववर्ष पर लोग संकल्प लेते हैं, लेकिन 91 प्रतिशत अपने संकल्पों को पूरा करने में विफल रहते हैं। इसका कारण आप अपने मन के अनुसार टालमटोल करते हैं। 20 प्रतिशत से अधिक वयस्क और 80 प्रतिशत कालेज के विद्यार्थी टालमटोल की आदत से पीड़ित हैं। आलस्य हमारी बिगड़ती गतिहीन जीवनशैली से जुड़ा है।

'लाइब्रेरी माइंडसेट' द्वारा लिखी गई 'आर्ट आफ लेजीनेस' पुस्तक भी इसी संदर्भ में है। यह उन लोगों के लिए उपयोगी है जो टालमटोल की अपनी आदत से परेशान हैं। यह पुस्तक बताती है कि आलस्य कोई जन्मजात गुण नहीं है, बल्कि खराब आदतों और गलत दिनचर्या का परिणाम है। पुस्तक में आलस्य के कारणों का विश्लेषण किया गया है और उनसे बचने के लिए सुझाव भी दिए गए हैं। पुस्तक का मुख्य बिंदु टालमटोल और इसका समाधान है। पुस्तक की भाषा बहुत ही सरल और समझने योग्य है। अंततः यदि आप आलस्य, एकाग्रता की कमी या टालमटोल की आदत से जूझ रहे हैं और स्वयं को बदलने के लिए एक बेहतरीन शुरुआती गाइड की तलाश में हैं, तो यह पुस्तक आपके लिए आदर्श विकल्प है।




**पुस्तक** : द आर्ट आफ लेजीनेस
**लेखक** : लाइब्रेरी माइंडसेट
**प्रकाशक** : प्रभात प्रकाशन
**मूल्य** : 350 रुपये

# दलाई लामा की शिक्षाओं का संसार

हिमालय की निस्तब्धता से उठी 14वें दलाई लामा (तेनजिन ग्यात्सो) की करुणामयी चेतना आज एक अशांत और विखंडित विश्व के लिए नैतिक आलोक की तरह उपस्थित है। स्वयं को एक साधारण बौद्ध भिक्षु कहने वाले परम पावन दलाई लामा ने निर्वासन के लंबे दौर में भी जिस धैर्य, सह-अस्तित्व और मानवीय संवेदना को जीवित रखा, उसने उन्हें हमारे समय के सबसे प्रभावशाली वैश्विक मानवीय प्रतीकों में स्थापित कर दिया है। आज जब विश्वभर में दलाई लामा के 90वें जन्मवर्ष पर 2025-2026 को 'करुणा वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है, तब इस उपलक्ष्य में प्रकाशित 'वन ब्रेथ एट अ टाइम' विशेष प्रासंगिक है। यह दलाई लामा की करुणा, प्रज्ञा और मानवीय सह-अस्तित्व पर आधारित जीवन-दृष्टि के प्रति एक आत्मीय श्रद्धांजलि है, जिसकी आवश्यकता आज के समय में पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। बौद्ध चिंतन (ध्यान-साधना) में 108 संख्या पूर्णता, आत्मबोध और चेतना के परिष्कार का प्रतीक मानी जाती है। इसी आध्यात्मिक अर्थवत्ता को केंद्र में रखकर 18 अध्यायों के अंतर्गत पुस्तक की 108 शिक्षाएं विन्यस्त की गई हैं, जो मनुष्य को सांसारिक वासनाओं से मुक्त होकर आंतरिक शांति की ओर अग्रसर होने का संकेत देती हैं।



यतीन्द्र मिश्र




**पुस्तक** : वन ब्रेथ एट अ टाइम : दलाई लामा
**संकलनकर्ता** : राजीव मेहरोत्रा
**प्रकाशक** : हे हाउस पब्लिशर्स (इंडिया)
**मूल्य** : 599 रुपये

पुस्तक के आरंभिक अध्याय आत्म-अन्वेषण के द्वार खोलते हैं। आगे के अध्यायों में कठिन और नकारात्मक भावनाओं के रूपांतरण, करुणा के विकास, आत्म-उपचार, संबंधों की समझ, परिवर्तन स्वीकारने की क्षमता, जीवन के उद्देश्य, नैतिक जीवन और आधुनिक समय की चुनौतियों, आनंद और संतोष, ध्यान-साधना, विज्ञान और बौद्ध चिंतन, अंतरधार्मिक सौहार्द, पर्यावरणीय नैतिकता तथा दैनिक जीवन में करुणा जैसे विषयों को समाहित करते हुए हम इस समझ तक पहुंचते हैं कि आंतरिक संतुलन ही निरंतर आत्म-परिवर्तन का मार्ग है। पुस्तक किसी अनुशासन को थोपने के बजाय हमें हमारी अपनी मानसिक अवस्था में स्वीकार करती है। दलाई लामा के मूल लेखन, निजी संवादों और प्रमाणिक अनुवादों से संकलित ये शिक्षाएं कठोर सिद्धांत नहीं, बल्कि अनुभव से परखी जा सकने वाली मानवीय संभावनाएं हैं, जो उनके स्वर और आध्यात्मिक आभा को आत्मीयता के साथ पहुंचाती हैं। उन सभी के लिए, जो जीवन को अधिक कोमलता, स्पष्टता और करुणा के साथ जीना चाहते हैं।

# गिरिराज किशोर की साहित्यिक विरासत

**हिंदी साहित्य की** सशक्त परंपरा के प्रख्यात रचनाकार गिरिराज किशोर (1937-2020) अपने पीछे एक समृद्ध साहित्यिक विरासत छोड़ गए हैं। उनकी सर्जनात्मक उपस्थिति किसी एक विधा तक सीमित नहीं रही, उपन्यास, कहानी, नाटक, संस्मरण, निबंध, समीक्षा और आलोचना, सभी क्षेत्रों में उनकी लेखनी ने अपनी विशिष्ट और स्थाई पहचान निर्मित की है। लगभग छह दशकों की उनकी साहित्यिक यात्रा अनुशासन, निरंतरता और गहन वैचारिक सजगता से निर्मित होती रही, जिसमें सामाजिक संरचनाएं, सत्ता-व्यवस्थाएं और मनुष्य के भीतर उपस्थित जटिल अंतर्द्वंद्व सूक्ष्मता से अभिव्यक्त होते हैं। इन्हीं रचनात्मक आयामों को एक समेकित दृष्टि में समझने का अवसर 'गिरिराज किशोर रचना-संचयन' प्रदान करता है, जिसका चयन एवं संपादन समकालीन कथाकार प्रियंवद द्वारा किया गया है। इस संकलन के माध्यम से उनके साहित्यिक व्यक्तित्व का एक संतुलित और प्रतिनिधि स्वरूप उभरता है, जहां उनकी रचनाएं मिलकर अपने समय के लोक-जीवन, मानवीय संवेदनाओं और वैचारिक सरोकारों की गहन समझ को अधिक प्रभावी और सघन रूप में प्रस्तुत करती हैं।




**पुस्तक** : गिरिराज किशोर रचना-संचयन
**संपादक** : प्रियंवद
**प्रकाशक** : साहित्य अकादेमी
**मूल्य** : 320 रुपये

पुस्तक में उनका चर्चित उपन्यास 'असलाह' तथा नाटक 'केवल मेरा नाम लो' पूर्ण रूप में संकलित हैं। 'असलाह' में अमरी के माध्यम से हथियारों की अंधी होड़, क्षीण होती मानवीय संवेदनाओं और अंततः मानवता की विजय को प्रभावशाली ढंग से रूपायित किया गया है। 'केवल मेरा नाम लो' में सुलभा का चरित्र नारी चेतना और स्त्री-अस्मिता का सशक्त स्वर है। कहानियां जैसे 'बंगले वाले', 'वल्द रोजी', 'गाना बड़े गुलाम अली खां का' और 'पांचवां परांठा' उनके कथा-संसार की गहराई को उद्घाटित करती हैं। कई कहानियों के अलावा उन्होंने नाटक, वैचारिक गद्य और संपादकीय लेखन में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। वहीं 'आवारा मसीहा : साहित्य और जिंदगी की पहचान', 'अछूत : संवेदना की गहराई का झरोखा' जैसी समीक्षाएं उनकी आलोचनात्मक दृष्टि का परिचय हैं। पुस्तक का संस्मरण खंड विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिसमें अज्ञेय, रघुवीर सहाय, नरेश मेहता, शमशेर, अमरकांत जैसे व्यक्तित्वों के माध्यम से उनके आत्मीय संबंध अभिव्यक्त होते हैं। प्रस्तुत रचना-संचयन हिंदी साहित्य की एक समृद्ध रचनात्मक परंपरा से साक्षात्कार का अवसर है, जहां गिरिराज किशोर का अनुभव-बोध बेहद प्रासंगिक और विचारोत्तेजक है।

## एनटीपीसी के शुद्ध लाभ में 34 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली :** बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने शनिवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) के दौरान उसका शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत बढ़कर 10,614.95 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष समान अवधि में कंपनी को 7,897.14 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का कुल लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 27,546 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 23,953 करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और इन्फरेंसिंग की बढ़ती मांग सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट्स यानी सीपीयू को कंप्यूटिंग के केंद्र में वापस ला रही है।

– लिसा सू, सीईओ, एएमडी

# इन पांच कारणों से एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बना रुपया

कैलेंडर वर्ष 2026 में अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये में गिरावट का दौर जारी है और अब यह गिरावट नीति निर्माताओं, निवेशकों और कारोबारों के लिए सबसे बड़े आर्थिक चेतावनी संकेतों में से एक बनकर उभरी है। कभी एशिया की सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक माना जाने वाला रुपया, इस साल सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली उभरते बाजारों की मुद्राओं में से एक बन गया है। गत बुधवार को यह 96.83 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, इसके बाद दो दिनों में यह 126 पैसे मजबूत हुआ है। शुक्रवार को यह अमेरिकी डालर के मुकाबल 95.60 पर बंद हुआ। यानी 2026 में अब तक अमेरिका डालर के मुकाबले रुपये में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। आइये जानते हैं रुपये में गिरावट के प्रमुख कारण और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव...



### एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन वाली प्रमुख मुद्राएं

भारतीय रुपया **6.3%**

इंडोनेशियाई रुपिया **3-4%**

वियतनामी डोंग **2-3%**

थाई भात **1-2%**

### रुपये में गिरावट के कारण

● **कच्चे तेल का आयात :** भारत अपनी



जरुरत का 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इसका मतलब है कि वैश्विक तेल कीमतों में हर बढ़ोतरी सीधे डालर की मांग को बढ़ा देती है। इसका कारण यह है कि भारतीय रिफाइनरियों को आयातित कच्चे तेल का भुगतान करने के लिए अधिक डालर खरीदने पड़ते हैं। ईरान संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के बाद जैसे ही तेल की कीमतें बढ़ीं, रुपये पर दबाव और गहरा गया।

● **विदेशी पूंजी की निकासी :** भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और अमेरिकी ब्याज दरें उच्च स्तर पर बने रहने के कारण वैश्विक निवेशक अपने पैसे को सुरक्षित अमेरिकी संपत्तियों में स्थानांतरित



कर रहे हैं। इसने भारतीय इक्विटी और बांड बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी को तेज कर दिया है। इससे डालर की मांग बढ़ गई है और उभरते बाजारों की मुद्राएं कमजोर हुई हैं। रुपये को विशेष रूप से नुकसान हुआ है क्योंकि भारतीय वित्तीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की बड़ी हिस्सेदारी है।

● **सोने का आयात :** सोने का बड़ी मात्रा में आयात भी भारतीय रुपये पर दबाव बना रहा है। इसके आयात में कमी लाने के लिए केंद्र सरकार को हाल ही में इस



कीमती धातु पर सीमा शुल्क बढ़ाना पड़ा और कुछ प्रतिबंध भी लगाने पड़े। विशेषज्ञों का मानना है कि कीमती धातुओं के आयात का भारत के चालू खाता घाटे (सीएडी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे घरेलू मुद्रा पर नकारात्मक असर पड़ता है।

● **व्यापार घाटा :** घरेलू मुद्रा पर दबाव का एक और बड़ा कारण बढ़ता व्यापार घाटा है। आयात और निर्यात के बीच बढ़ते अंतर का मतलब है कि विदेशी मुद्रा का प्रवाह कम हो रहा है। अप्रैल में आयात सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 71.94 अरब डालर पर पहुंच गया, जिससे व्यापार घाटा बढ़ गया। व्यापार घाटा अप्रैल 2026 में 28.4 अरब डालर था, जबकि मार्च 2026 में यह 20.67 अरब डालर था।

**डालर में मजबूती :** भू-राजनीतिक अनिश्चितता और वैश्विक विकास की धीमी रफ्तार के डर के बीच सुरक्षा की तलाश में निवेशक अमेरिकी डालर की ओर भाग रहे हैं। इससे डालर मजबूत हुआ है। मजबूत डालर आमतौर पर सभी उभरते बाजारों की मुद्राओं को कमजोर करता है, लेकिन भारत जैसे तेल आयातक देशों की मुद्राओं को अधिक तीव्र गिरावट का सामना करना पड़ता है। हालिया गिरावट भी इसी का नतीजा है।

### अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव

● **महंगाई में वृद्धि :** रुपये के गिरने से आयात महंगा



हो जाएगा, जिससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी। भारत के आयात बास्केट में कच्चा तेल, कोयला, प्लास्टिक सामग्री, रसायन, इलेक्ट्रानिक सामान, वनस्पति तेल, उर्वरक, मशीनरी, सोना, मोती, कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर और लोहा व इस्पात शामिल हैं। इसके अलावा, विदेश में शिक्षा, चिकित्सा और यात्रा भी महंगी हो जाती है।

● **सीएडी और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव :**



घरेलू मुद्रा में कमजोरी के कारण भारत का चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है। अनुमानों के अनुसार, तेल कीमतों को लगभग 90 डालर प्रति बैरल मानते हुए वित्त वर्ष 2026-27 में सीएडी लगभग दो प्रतिशत रहेगा। अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए आरबीआइ के हस्तक्षेप के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में भी कमी आ सकती है।

● **सरकारी खजाने पर असर :** घरेलू मुद्रा के



गिरने से सरकारी खजाने पर दबाव पड़ता है क्योंकि विदेशी ऋणों पर ब्याज का भुगतान बढ़ जाता है, जबकि वित्तीय संस्थानों द्वारा विदेश से कर्ज लेना अधिक महंगा हो जाता है।

जागरण रिसर्च

# तीन साल में बनेंगे 50 औद्योगिक पार्क

## केंद्र सरकार ने पार्क स्थापित करने के लिए राज्यों से चार महीने में मांगे आवेदन

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए देश के 100 स्थानों पर औद्योगिक पार्क लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को बताया कि इस साल केंद्रीय बजट में घोषित भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) के तहत पहले चरण में 50 पार्क की स्थापना की जाएगी। अगले चार महीनों में राज्यों से पार्क लगाने के लिए आवेदन देने को कहा गया है। पहले दो महीनों में 20 और बाद के दो महीनों में 30 आवेदन मंगाए जाएंगे। अगले तीन साल में ये पार्क संचालन में आ जाएंगे।

भव्य के तहत अगले छह साल में कुल 100 औद्योगिक पार्क की स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। इस काम में केंद्र सरकार राज्यों को 33,660 करोड़ रुपये की मदद देगी। नेशनल इंडस्ट्रियल कारिडोर डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनआइसीडीसी) भव्य योजना की नोडल एजेंसी होगा। गोयल ने बताया कि राज्यों को पार्क के लिए 100-1000 एकड़ जमीन देनी होगी और केंद्र सरकार प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये रुपये देगा। पहाड़ी या छोटे राज्यों में पार्क के लिए न्यूनतम 25 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। आवेदन मंगाने का उद्देश्य राज्यों के बीच औद्योगिक पार्क की स्थापना को लेकर प्रतिस्पर्धा लाना है। जो राज्य पार्क में जितनी अधिक सुविधा देने की पेशकश करेगा, उनके यहां पार्क आवंटन की उतनी ही अधिक संभावना होगी। मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य पहले चरण में औद्योगिक पार्क लगाने के लिए काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

**उत्पादन के लिए पूरी तरह से विकसित होंगे पार्क :** भव्य योजना के तहत स्थापित होने वाले औद्योगिक पार्क में प्लग एंड प्ले सुविधा होगी। मतलब उद्यमियों को सिर्फ यहां आकर उत्पादन शुरू करना होगा। सभी प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर उन्हें विकसित अवस्था में मिलेंगे। यूनिट स्थापना के लिए पार्क में ही केंद्र व राज्य दोनों सरकार से विभिन्न प्रकार की मंजूरी के लिए सिंगल विंडो का इंतजाम होगा। गोयल ने बताया कि राज्य चाहें तो किसी निजी कंपनी के साथ मिलकर भी पार्क के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऐसे में केंद्र प्रति एकड़ 50 लाख रुपये देगा।



नई दिल्ली में शनिवार को भव्य योजना की जानकारी देते वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ● एएनआइ

- भारत औद्योगिक विकास योजना के तहत बनाए जाने हैं कुल 100 पार्क
- पार्कों की स्थापना के लिए 33,660 करोड़ रुपये की सहायता देगा केंद्र

# कनाडा से तेल व गैस के साथ निवेश भी लाएगा भारत : गोयल

- एफटीए वार्ता को आगे बढ़ाने कनाडा जाएंगे वाणिज्य मंत्री
- द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को बताया कि भारत जल्द ही एक और विकसित देश कनाडा के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने जा रहा है। दोनों देशों ने अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डालर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। अभी दोनों देशों के बीच 8.4 अरब डालर का व्यापार होता है।

उन्होंने बताया कि एफटीए पर जारी वार्ता को आगे बढ़ाने के सिलसिले में ही वह 25-27 मई तक कनाडा के दौरे पर रहेंगे, जहां उनकी मुलाकात कनाडा के प्रधानमंत्री से भी होगी। उनके साथ करीब 150 भारतीय उद्यमियों का दल भी जा रहा है। अभी कनाडा की 600 से अधिक कंपनियां भारत में काम करती है और इस संख्या को 1000 तक ले जाना है।

कनाडा 2.4 लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था है, जहां प्रति व्यक्ति सालाना आय 60,000 डालर से अधिक है। इसलिए भारत को अपने व्यापार को यहां बढ़ाने का बड़ा मौका मिलेगा। कनाडा में चार लाख से अधिक भारतीय छात्र रहते हैं। दूसरी तरफ, कनाडा गैस, तेल, क्रिटिकल मिनरल्स व यूरेनियम का बड़ा उत्पादक हैं और यहां से भारत को इन उत्पादों की खरीदारी में मदद मिलेगी। परमाणु ऊर्जा मिशन को आगे बढ़ाने के लिए कनाडा से यूरेनियम की खरीदारी की जाएगी।

# सिर्फ पेचीदा भाषा का प्रयोग करने वाला हर व्यक्ति विशेषज्ञ नहीं



धीरेंद्र कुमार, संपादक, हिंदी डाट वैल्यूरिसर्चआनलाइन डाट काम

**बोनस**

कुछ दोस्तों के साथ बातचीत में क्रेडिट क्राइसिस को सरल शब्दों में समझने की कोशिश हो रही थी। एक दोस्त ने कहा, "मान लीजिए आप मुझे सौ रुपये देने का वादा करते हैं। अब अगर मैं किसी तीसरे शख्स के पास जाऊं और कहूं कि फलां मुझे सौ रुपये देने वाला है, तो वो मानेगा कि मेरे पास वाकई सौ रुपये हैं। लेकिन मान लीजिए किसी वजह से वो तीसरा शख्स भरोसा खो बैठे कि वो सौ रुपये असल में मिलेंगे। तो फिर वो पैसे जैसे गायब हो गए। बस एक साझा यकीन था कि वो हैं। जब वो यकीन टूटा, पैसे भी खत्म।' तब एक और शख्स ने बेरुखी से कहा, "आपका मतलब बस इतना है कि पैसे के लेनदेन की गति कम हो जाएगी।" उस टिप्पणी से परे, मुझे इस बात ने चौंकाया कि हममें से ज्यादातर लोगों के दिमाग में जटिल शब्दावली को सीधी भाषा से ऊपर रखने की आदत बन चुकी है।

उन्हीं दिनों एक सहयोगी को एक छोटे म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर का फोन आया। वो जानना चाहता था कि हमारी कंपनी म्यूचुअल फंड का टेक्निकल विश्लेषण करती है या नहीं। थोड़ी और बातचीत से पता चला कि बेचारे ने तरह-तरह की इन्वेस्टमेंट मैगजीन पढ़ीं और टीवी चैनल देखे थे और उसे सिर्फ टेक्निकल विश्लेषण ही वो चीज लगी जो उसके पल्ले नहीं पड़ी। इससे उसने यह नतीजा निकाल लिया कि टेक्निकल विश्लेषण ही उसकी वित्तीय पढ़ाई की सबसे बड़ी कमी है। इस तरह, वो उसे पूरा करने निकल पड़ा।

मुझे लगता है, हर तरह जटिल शब्दावली का यही सबसे आम काम है। इससे बेमतलब की बातों को ज्ञान का जामा पहनाया जाता है। आम इंसान जब कोई बात नहीं समझ पाता, तो मान लेता है कि जरूर कोई गहरी बात होगी। धीरे-धीरे उसका दिमाग यही सोचने लगता है कि जो भी न समझ आए, वो जरूर बड़ी बात है।

असल में आज के उपभोक्ता को एक खास सोच के साथ ढाला जा चुका है- दुनिया मेरी समझ से परे है। मुझे फैसले लेने के लिए एक्सपर्ट चाहिए। एक्सपर्ट पेचीदा चीजें समझते हैं, इसलिए वो पेचीदा भाषा बोलते हैं। यानी जो पेचीदा भाषा बोले, वो एक्सपर्ट है। जाहिर है, यह मार्केटर्स के लिए बेहद काम का हथियार है जो हमें उल्लू बनाना चाहते हैं।

एक समय था, जब म्यूचुअल फंड्स को इस सरल आधार पर शुरू किया गया था कि चूंकि निवेशक के पास स्टाक्स पर रिसर्च करने के लिए समय और अनुभव नहीं होता, इसलिए उनके लिए यह काम फंड मैनेजर करेगा। अब हालत यह है कि कोई भी नया फंड ऐसा नहीं आता जिसकी वजह को 30 स्लाइड और 10 ग्राफ के बिना समझाया जा सके।

लेकिन निवेश में इसका इलाज बहुत आसान है। अगर कोई वित्तीय उत्पाद आपकी मौजूदा समझ से परे हो, तो आपको उसकी जरूरत नहीं है। आपको न समझ आए, यह आपकी कमी नहीं; यह बेचने वाले की कमी है।

महान निवेशक वारेन बफे ने एक बार कहा था कि उन्हें कामयाब होने के लिए बस जोड़, घटाव, गुणा और भाग काफी रहे। अगर इससे ज्यादा कुछ चाहिए होता, तो शायद वो यह मुकाम हासिल न कर पाते।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## राष्ट्रीय फलक

# देहरादून में हिंदू किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपित युवक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, देहरादून**

- पहचान बदलकर किशोरी को किया गुमराह, बहला फुसलाकर ले गया साथ

हिंदू किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में विकासनगर पुलिस ने एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने पहचान बदलकर किशोरी को गुमराह किया। बाद में उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपित के पास से किशोरी का फर्जी आधार कार्ड भी मिला, जो उसने किसी अन्य बालिग लड़की का था। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान देहरादून के विकासनगर निवासी मोहम्मद अमन के रूप में हुई है। अपने फर्जी आधार कार्ड में आरोपित ने पिता का नाम बदलकर हिंदू नाम अंकित किया हुआ था।

विकासनगर कोतवाली में शुक्रवार को एक हिंदू महिला ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री को 21 मई को मोहम्मद अमन बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसी बीच एक होटल में उसने पुत्री के साथ दुष्कर्म भी किया। होटल में रुकने के लिए उसने किशोरी का फर्जी आधार कार्ड दिखाया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट व दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। शुक्रवार रात मोहम्मद अमन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से किशोरी को बरामद कर लिया गया। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसने पहचान बदलकर किशोरी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की थी। इसके बाद आरोपित ने किशोरी को विभिन्न स्थानों पर घुमाने का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया। पकड़े जाने के डर से आरोपित ने होटल में अपना नकली आधार कार्ड व पीड़िता के स्थान पर एक अन्य बालिग युवती के आधार कार्ड का उपयोग किया।

# कैनाइन डिस्टेंपर को लेकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान व उत्तराखंड में हाई अलर्ट

**जागरण टीम, नई दिल्ली**

- मध्य प्रदेश में बाघों के कैनाइन डिस्टेंपर वायरस की चपेट में आने से सहमे वन विभाग ने उठाया कदम

मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) की चपेट में आने से एक बाघिन और उसके चार शावकों की मौत के बाद देशभर के अभयारण्यों और टाइगर रिजर्व में चिंता बढ़ गई है। आवारा कुत्तों से वन्य जीवों में फैलने वाले इस वायरस को लेकर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने एडवायजरी जारी की है। उप्र, उत्तराखंड व राजस्थान के टाइगर रिजर्व में अलर्ट जारी किया गया है।

मध्य प्रदेश के वन विभाग ने कान्हा टाइगर रिजर्व के बाघ विचरण वाले क्षेत्रों में हाथी के साथ पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। रिजर्व के दो परिक्षेत्रों में 404 कुत्तों का टीकाकरण भी किया जा चुका है। राज्य के अन्य नेशनल पार्क व टाइगर रिजर्व में भी सावधानी बरती जा रही है। राजस्थान के रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का एवं मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में विशेष सावधानी बरती जा रही है। रणथंभौर के जिला वन अधिकारी मानस सिंह ने बताया कि टाइगर रिजर्व के पास स्थित करीब 30 गांवों में 350 से अधिक कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा। रणथंभौर एवं आसपास के क्षेत्र से मिट्टी, पानी एवं वन्यजीवों के सैंपल लिए गए हैं। बता दें कि रणथंभौर टाइगर रिजर्व में 77 बाघ हैं।

उत्तराखंड में वन्यजीव पालतू कुत्तों व अन्य मवेशियों का आएदिन शिकार कर रहे हैं। ऐसे में यदि किसी गुलदार अथवा बाघ ने सीडीवी संक्रमित कुत्ते का शिकार कर लिया तो वह भी इससे संक्रमित हो सकता है। सीटीआर के निदेशक डा. साकेत बडोला के अनुसार फील्ड स्टाफ अलर्ट मोड पर है। किसी वन्यजीव की संदिग्ध मौत होने पर पूरे प्रोटोकाल के अनुसार कार्रवाई के लिए कहा गया है। राज्य में पिछली गणना के अनुसार बाघों की संख्या 560 और गुलदारों की 3,115 आंकी गई थी। कार्बेट में बाघों की संख्या 260 और राजाजी में 55 के आसपास है। उप्र में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उप प्रभागीय अधिकारी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वनकर्मी बाघों के स्वभाव आदि पर नजर रखते हैं। पर्यटकों को भ्रमण कराने वाले गाइड से भी कहा गया कि बाघों का असामान्य व्यवहार दिखने पर तुरंत सूचित करें। जंगल में लगे कैमरों के जरिये भी निगरानी होती है।

# खराब मौसम के कारण एक घंटा तक आसमान में चक्कर काटता रहा विमान

**जागरण संवाददाता, लखनऊ**

- लखनऊ से दिल्ली जा रहे विमान में क्रू मेंबर समेत सवार थे 160 यात्री
- एयर टर्बुलेंस (हवा के तेज झोंके) में फंसा विमान, यात्री हुए भयभीत

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से रवाना हुआ एक विमान शनिवार को दोहरे संकट में फंस गया। दिल्ली का मौसम खराब होने के कारण विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली. जिसके चलते वह आसमान में चक्कर काटता रहा। इस दौरान विमान एयर टर्बुलेंस (हवा के तेज झोंके) में फंस गया, जिससे यात्री कुछ देर के लिए भयभीत हो गए। हालांकि करीब एक घंटे आसमान में चक्कर काटने के बाद विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति मिल गई।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान आइएक्स-1167 ने शनिवार सुबह 7:50 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। यह विमान 8:40 बजे दिल्ली वायुसीमा क्षेत्र में दाखिल हुआ तो वहां के एटीसी ने बताया कि खराब मौसम के कारण विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पायलट को दो विकल्प दिए गए। एक तो पहले एयरोड्रोम (डायवर्ट होने की स्थिति में लैंडिंग वाले एयरपोर्ट का पहला विकल्प) पर विमान को भेज दिया जाए, या फिर आसमान में कुछ देर चक्कर काटकर मौसम सही होने का इंतजार किया जाए। पायलट ने पर्याप्त मात्रा में ईंधन होने के कारण विमान में चक्कर काटने का ही विकल्प चुना। विमान आसमान में चक्कर काट ही रहा था कि एयर टर्बुलेंस आ गया। पायलट ने तुरंत विमान के भीतर की लाइटों को बंद कर दिया। यात्रियों को अपने स्थान पर बैठने की सलाह दी गई।

# छत्तीसगढ़ में दो पत्नियों को साथ रखने की जिद, टावर पर चढ़ा युवक

**नईदुनिया, धमतरी :** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पारिवारिक विवाद ने शनिवार को हाई-वोल्टेज ड्रामे का रूप ले लिया। जहां, 32 वर्षीय किसान अपनी दो पत्नियों को एक साथ घर में रखने की जिद को लेकर 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गया। घंटों की मशक्कत और समझाइश के बाद उसे नीचे उतारा गया।

बता दें कि युवक की दोनों पत्नियों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी तनाव से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। वह ट्रैक्टर से टावर तक पहुंचा और ऊपर जाकर बैठ गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाउडस्पीकर से लगातार बातचीत कर युवक को समझाया।

युवक ने वीडियो नहीं बनाने की शर्त रखी, जिसके बाद घंटों की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। बताया गया कि युवक ने शुक्रवार को भी टावर पर चढ़ने की कोशिश की थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर काउंसलिंग शुरू कर दी है।

# 'आपातकाल में जेल में बंद लोगों में से 80 प्रतिशत आरएसएस कार्यकर्ता थे'

- सत्याग्रह में आरएसएस कार्यकर्ता भाग न लेते तो इंदिरा गांधी नहीं करातीं आम चुनाव : रामलाल

**मुंबई, प्रेट्र :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने शनिवार को दावा किया कि यदि आरएसएस कार्यकर्ताओं ने आपातकाल के विरुद्ध सत्याग्रह में बड़ी संख्या में भाग नहीं लिया होता तो इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1977 में आम चुनाव नहीं कराए होते। वह आरएसएस के कोंकण डिवीजन की बैठक के समापन समारोह में बोल रहे थे। दावा किया कि आपातकाल के दौरान जेल में बंद लोगों में से लगभग 80 प्रतिशत आरएसएस कार्यकर्ता थे। उन्होंने स्वयं उस दौरान आठ महीने जेल में बिताए थे।

संगठन के योगदान के बारे में बात करते हुए रामलाल ने कहा कि भारत ने जितने भी युद्ध लड़े, उनमें आरएसएस के स्वयंसेवक भारतीय सेना के जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हवाई मार्ग से गिराई गई सैन्य सामग्री एक खतरनाक क्षेत्र में गिरी थी। जवानों पर दुश्मन का ध्यान जा सकता था। किसी ने उन्हें बताया कि पास में ही एक गांव है, जहां आरएसएस के स्वयंसेवक हर शाम एकत्र होते हैं। स्वयंसेवक रेंगते हुए उस जगह तक पहुंचे जहां सामग्री गिरी थी और उसे वापस ले आए। उनके नाम कभी सार्वजनिक नहीं किए गए, लेकिन इस कार्रवाई में चार लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि आरएसएस कार्यकर्ताओं ने संकट के समय नागरिक प्रशासन की भी सहायता की, जिसमें 1965 के युद्ध के दौरान दिल्ली में यातायात व्यवस्था संभालना भी शामिल है। कहा कि आरएसएस अपनी दैनिक शाखाओं के माध्यम से अनुशासन, समन्वय और सामूहिक कार्यप्रणाली पर जोर देता है। आरएसएस में सबके साथ मिलकर काम करना और मेलजोल रखना महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके लिए तन, मन और बुद्धि के समन्वय की आवश्यकता होती है। हिंदुत्व विचारधारा का समर्थन करने वाले हमेशा सभी के कल्याण के बारे में सोचते हैं।

## साप्ताहिक राशिफल

रविवार, 24 मई, 2026 से शनिवार 30 मई, 2026 तक

पं. बी. बी. शास्त्री 'देवेश'

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)** प्रतिस्पर्धा से चिन्ता, धनागम में प्रयास, सकारात्मक विचारों से कार्य करें, सामाजिक यश, लक्ष्य के प्रति सजगता, भूमि, भवन कार्य में अवरोध, महिला से सहयोग, सन्तान से सहयोग, विचारों की अधिकता, रक्त, वायु विकार, प्रणय में सुख, अधिकारी से सहयोग, शुभ अंक 6

**वृष (इ, ऊ, ए, ओ, पा, वी, वू, वे, वो)** पूंजी निवेश में सावधानी, अर्थ साधन में प्रयास, कार्य करने वालों से सावधान, अतिविश्वास से बचे, विदेश कार्य में अवरोध, विशेष व्यक्ति से सहयोग, भवन साजसज्जा का योग, शिक्षा में एकाग्रता, शुत्रपक्ष प्रभावी, खानपान का ध्यान रखें, धर्म में रुचि, व्यय अधिक, शुभ अंक 5

**मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)** नकारात्मक विचारों से बचें, धनागम में प्रयास, लक्ष्य के प्रति सजगता, माता-पिता का ध्यान रखें, दिनचर्या व्यस्ततम्, साधनों की पूर्ति, निजी मतभेद, संतान से सहयोग, मित्रों से लाभ, अनुबन्ध की प्राप्ति, दाम्पत्य में सुख, राजनैतिक अपयश, व्यय अधिक, शुभ अंक 4

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** अर्थ साधन में तत्परता, निर्णय सलाह से करें, धनागम में प्रयास, कार्य में संतुलन बनाये, विदेश कार्य में देरी, चिन्ता का समाधान, स्व:सम्पत्ति की वृद्धि, शिक्षा में रुचि, चयन में सफलता, समय का सदुपयोग करें, प्रणय में सुख, राजनैतिक अपयश, आय में सुधार, शुभ अंक 2

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** कार्य क्षेत्र में वद्वि का प्रयास सफल, धनागम में सफलता, पारिवारिकजनों का सहयोग, समाज में यश, भावना पर नियन्त्रण, नवीन सलाह और युक्ति से कार्य करें, सन्तान से सहयोग, मित्रों से सावधान, क्रोध, ईर्ष्या से बचें, ससुराल से सहयोग, राजनैतिक अपयश, शुभ अंक 6

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, उ, पे, पो)** लक्ष्य के प्रति सजगता, व्यापारिक कार्य क्षेत्र में वृद्धि, कार्य में प्रयास से सफलता, साधनों की वृद्धि, रुके कार्य में प्रगति, शिक्षा में सफलता, क्रोध, ईर्ष्या से बचें, वाणी पर संयम, जीवनसाथी का मिलन, मनोरंजन भ्रमण योग, स्थान पद परिवर्तन, व्यय अधिक, शुभ अंक 2

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** सामाजिक कार्य में यश, धनागम में देरी, कार्य योजना के प्रति सचेत रहें, अतिकल्पना से बचें, निजी संबंधों में सुधार, वाहन, आभूषण योग, भवन की साजसज्जा योग, सन्तान से सहयोग, शिक्षा में एकाग्रता, मित्रों से सहयोग, प्रणय में सुख, राजनैतिक अपयश, व्यय अधिक, शुभ अंक 9

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** प्रतिस्पर्धा से चिन्ता, अर्थ साधन में प्रयास, कार्य में सफलता, लक्ष्य के प्रति सजग रहें, महिला से सहयोग, पारिवारिक सहयोग, भूमि, भवन कार्य में देरी, शिक्षा में रुचि, मित्रों से सहयोग, खानपान पर ध्यान दें, प्रणय में सुख, स्थान पद परिवर्तन, राजनैतिक अपयश, शुभ अंक 8

**धनु (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** साझेदारी में सावधानी, कार्य में युक्ति से सफलता, अर्थ साधन में प्रयास, विदेश कार्य में अवरोध, निजी संबंधों में सुधार, वाहन, आभूषण योग, सन्तान से सहयोग, त्वचा व रक्त विकार योग प्रभावी, वाद विवाद से बचे, मनोरंजन भ्रमण योग, वाहन से सावधानी, व्यय अधिक, शुभ अंक 7

**मकर (भो, जा, ज, खी, खू, खे, खो, गा, गी)** अर्थ साधन में प्रयास, कार्य की सफलता में श्रम, कार्यस्थल में परिवर्तन से लाभ, विदेश कार्य में अवरोध, अतिकल्पना और विश्वास से बचें, स्व:सम्पत्ति की वृद्धि, शिक्षा में प्रगति, शत्रुपक्ष प्रभावी, खानपान का ध्यान रखे, राज्यपक्ष से सावधान, लक्ष्य के प्रति सजगता, शुभ अंक 5

**कुम्भ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सा, दा)** अधिक विचारों से बचे, निर्णय सलाह से करें, साहस आत्मविश्वास की वृद्धि, कार्य के प्रति सचेत रहें, स्व:सम्पत्ति की वृद्धि, सन्तान से सहयोग, चयन में सफलता, लेखन कार्य में रुचि, वाद विवाद से बचें, ससुराल से सहयोग, अनुबन्ध की प्राप्ति, सामाजिक अपयश, शुभ अंक 4

**मीन (दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची)** कार्य क्षेत्र में परिस्थिति के अनुसार परिर्वतन करें, निजी संबंधों में मतभेद, विदेश कार्य में प्रगति, साधनों की पूर्ति, भूमि निर्माण कार्य में देरी, शिक्षा तथा लेखन कार्य में प्रगति, आलस्य से बचें, मित्रों से सहयोग, दाम्पत्य में सुख, रक्षा साधन कार्य में प्रयास, धर्म में रुचि, शुभ अंक 2

लोकमत सारांश
जगण्याच्या प्रत्येक पैलूचा सखोल परामर्श

इन्फोस्टोरी

# महाराष्ट्राच्या वेगाला नवे पंख

नारायण जाधव
उपवृत्तसंपादक

**राज्यातील** मुंबई-पुणे द्रुतगती महामार्गावरील 'मिसिंग लिंक'चे महाराष्ट्र दिनाच्या मुहूर्तावर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यांच्या हस्ते लोकार्पण झाले. यानंतर लगेच केंद्रीय रस्ते वाहतूक व महामार्ग मंत्री नितीन गडकरी यांनी नवी दिल्लीत महाराष्ट्रातील प्रमुख महामार्ग/कॉरिडॉर प्रकल्पांचा सविस्तर आढावा घेऊन, कामांना गती देण्याचे निर्देश दिले. या पार्श्वभूमीवर राज्यात सुरू असलेले विविध महामार्ग चर्चेत आले आहेत. राज्यातील २४ महत्त्वाच्या महामार्ग/कॉरिडॉरपैकी काही पूर्ण झाले असून, अनेक प्रकल्प बांधकाम, निविदा व मंजुरीच्या टप्प्यात आहेत. भूसंपादन, निधी व तांत्रिक मंजुरीतील अडथळे दूर करून प्रकल्प वेळेत पूर्ण करण्यावर भर देण्यात आला आहे. या महामार्गांमुळे उद्योग, शेती व पर्यटनाला मोठी चालना मिळणार आहे.

## महाराष्ट्रातील महामार्ग/कॉरिडॉर

| क्र. प्रकल्प | लांबी (किमी) | लेन | सद्य:स्थिती |
|---|---|---|---|
| १. मुंबई-पुणे एक्स्प्रेस वे | ९४.५ | ६ | कार्यान्वित |
| २. नागपूर-मुंबई समृद्धी महामार्ग | ७०१ | ६ | कार्यान्वित |
| ३. जालना-नांदेड | १७९ | ६ | बांधकाम सुरू |
| ४. पुणे आउटर रिंग रोड | १७३ | ६ | बांधकाम सुरू |
| ५. बलावली-पात्रादेवी | ३८९ | ६ | मंजुरी प्रलंबित |
| ६. नागपूर-गोवा शक्तिपीठ | ८५६ | ६ | डीपीआर मंजूर |
| ७. नाशिक-जळगाव-नागपूर | ६४५ | ६ | प्रस्तावित |
| ८. जळगाव-नंदुरबार | १५० | ४ | प्रस्तावित |
| ९. विरार-अलिबाग कॉरिडॉर | १२६ | ८ | पुनर्निविदा |
| १०. पुणे-नाशिक | २१० | ६ | भूसंपादन सुरू |
| ११. नागपूर-भंडारा-गोंदिया | १४१ | ४/६ | अंतिम मंजुरी |
| १२. नागपूर-चंद्रपूर | २०४ | ४ | अंतिम मंजुरी |
| १३. भंडारा-गडचिरोली | ११६ | - | अंतिम मंजुरी |
| १४. कल्याण-लातूर | ४४५ | ६ | कॅबिनेट प्रतीक्षेत |
| १५. समृद्धी-तवा | १०४ | ६ | मंजूर |
| १६. शेगाव कनेक्टर | १०९ | ४ | मंजूर |
| १७. दिल्ली-मुंबई (राज्य हद्द) | १७० | ८ | बांधकाम सुरू |
| १८. सूरत-चेन्नई कॉरिडॉर | ४०० | ६ | निविदा प्रक्रिया |
| १९. पागोटे-चौक | २९ | ६ | निविदा प्रक्रिया |
| २०. तवा-वाढवण | ३२ | ४ | मंजूर |
| २१. पुणे-बंगळुरू (राज्य हद्द) | २०४ | ६ | मंजुरी प्रतीक्षेत |
| २२. नाशिक रिंग रोड | ६६ | ४ | निविदा प्रक्रिया |
| २३. पुणे-शिरूर-संभाजीनगर | २२० | ६ | अंशतः मंजूर |
| २४. नागपूर आउटर रिंग रोड | १४८ | ६ | मंजूर |

### कोण बनवतंय कोणता महामार्ग?

**१ ते १६ :** महाराष्ट्र राज्य रस्ते विकास महामंडळ (एमएसआरडीसी)
**१७ ते २१ :** राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (एनएचएआय)
**२२ ते २३ :** राज्य पायाभूत सुविधा विकास महामंडळ (एमएसआयडीसी)
**२४ :** नागपूर महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एनएमआरडीए)




# असाच सुसंवाद ठेवा, महाराष्ट्राला त्याची गरज आहे..!

अतुल कुलकर्णी
संपादक, मुंबई

अधून मधून



**नेत्यांनो, अभिनंदन**

तुम्हा सगळ्यांमध्ये जो 'सुसंवाद' सुरू आहे तो पाहून आम्हाला तुमचे प्रचंड कौतुक वाटत आहे. अजित पवारांच्या राष्ट्रवादीला शिंदे सेनेचे मंत्री संजय शिरसाट यांनी मोलाचे सल्ले दिले. राष्ट्रवादीचे काही नेते अजूनही आमच्या संपर्कात आहेत. त्यांच्याकडे क्लेरिकल मिस्टेक झाली तरी कोणी अधिकृत खुलासे करत नाही, असे सांगत दादांच्या राष्ट्रवादीवरील आपले प्रेम व्यक्त केले आहे. त्याला तितक्याच तत्परतेने राष्ट्रवादीचे मंत्री हसन मुश्रीफ यांनी, तुम्ही आमच्या पक्षावर बोलू नका. तुमच्याकडे काय चालले आहे ते बघा... असे म्हणत प्रेमाची परतफेड केली आहे. शिरसाट आणि मुश्रीफ यांच्या प्रेमात उदय सामंत यांनी एन्ट्री घेतली आहे. राष्ट्रवादीचे आनंद परांजपे यांना आमच्या पक्षात घेताना राष्ट्रवादीच्या वरिष्ठ नेत्यांना विचारूनच घेतल्याचा गौप्यस्फोट केला आहे. राष्ट्रवादी पक्षाला, ठाणे जिल्ह्यात अडचणीत आणून, आपलाच एक नेता, मित्र पक्षाला देणाऱ्या नेत्यांचे आपापसातील प्रेम पाहून आमचे मन भरून आले. पक्ष राहो अथवा न राहो... मैत्री, प्रेम टिकले पाहिजे... हा उदात्त विचार पाहून आमचा "सब भूमी गोपाल की" या विधानावर गाढा विश्वास बसला आहे. या अनोख्या प्रेमाची चर्चा सर्वत्र होऊ लागली तेव्हा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे यांनी 'चूप बसा, मी सांगेपर्यंत कोणी बोलू नका...' असा प्रेमळ सल्ला देताच सगळे गप्प झालेले पाहून आम्हाला हर्षवायू होणेच बाकी आहे.

तिकडे गोपीचंद पडळकर यांच्यासारख्या अभ्यासू लोकप्रतिनिधीचे भाषण ऐकून आम्हाला आमच्याच शिक्षणावर शंका येऊ लागली आहे. एका सभेत बोलताना ते म्हणाले, "होर्मुझ नावाची सामुद्रधुनी महिनाभर बंद पडली. त्यामुळे आपल्या एकाच देशाचे तेल थांबलं होतं का..? अनेक राष्ट्रांचे तेल तिथे थांबलं होतं..! आता मोदी साहेब तिथे गेले. होर्मुझपासून समुद्राच्या खालून पाइपलाइन करून भारतात तेल आणून भारताचा प्रश्न कायमचा मिटवता येतोय का? याच्यावर विचार सुरू आहे..." पडळकर यांचे इतके अभ्यासपूर्ण भाषण पाहून आपल्याला असे भाषण करता येत नाही याचे फार वाईट वाटले. पडळकरजी, मुंबईत "अभ्यासपूर्ण भाषणाची तयारी" याचे क्लासेस सुरू करा. खा. संजय राऊत यांनी लगेच, पाइपलाइन काय दोन दिवसाचा विषय आहे का? त्याला अनेक वर्षे लागतात... असे सांगून होर्मुज ते भारतापर्यंत समुद्रात पाइपलाइन होऊ शकते यावर शिक्कामोर्तब केले आहे. ही नेते मंडळी ज्या शाळेत शिकली त्या शाळेत आम्हाला का कोणी पाठवले नाही याचे फार वाईट वाटले.

राऊत यांचा विषय निघाला म्हणून आठवले. सध्या सोशल मीडियावर एका तरुणाच्या काही रिल्स प्रचंड लोकप्रिय ठरले आहे. एक तरुण पळत पळत येतो आणि, "राऊत साहेब, गॅस संपला. आता काय करायचे?" असा प्रश्न करतो. त्याला राऊत म्हणतात, "फक्त जय श्रीराम म्हणायचं... सिलिंडर घरपोच येईल..." ही अशी एवढी कल्पकता कुठल्या शाळेत शिकल्यावर येते, हा प्रश्न आम्हाला पडला आहे. महाराष्ट्राच्या राजकारणात वेगवेगळ्या नेत्यांची ही अभ्यासपूर्ण विधाने पाहून, सोशल मीडियात महाराष्ट्रातल्या नेत्यांविषयी सुरू असलेले गुणगान, एकमेकांमधील सुसंवाद ऐकून महाराष्ट्राच्या राजकारणाची आन-बान आणि शान उंचावली आहे..!

त्यामुळे उगाच कॉकरोच जनता पार्टी नावाचे सोशल मीडियातील एक अकाउंट वेगाने वाढल्याचे पाहून चिंता करू नका. आपले नेते महाराष्ट्राला पुढे नेण्यासाठी जे काही करत आहेत ते बघा... त्यांचे कौतुक करा... असे विद्वान नेते आपणच निवडून दिले म्हणून आधी स्वतःची पाठ थोपटून घ्या... एवढ्या सगळ्या मनोरंजनामुळे तुम्हाला बेरोजगार असल्याचे जाणवत नाही... अंडी, दूध, वडापाव, चहा महाग झाल्याचा त्रास होत नाही... पेट्रोल, डिझेलसाठी रांगेत उभे राहिले तरी थकवा येत नाही... याचे सगळे श्रेय महाराष्ट्रातल्या सर्वपक्षीय नेत्यांना दिले पाहिजे... सत्ताधारी तिन्ही पक्षांच्या नेत्यांमधील सुसंवादाला दिले पाहिजे... विरोधी पक्षात असूनही कोणाच्याही विरुद्ध काहीही न बोलण्याचा दृढ संकल्प करून गप्प बसलेल्या विरोधकांना दिले पाहिजे... तुम्हाला तुमच्या मूलभूत प्रश्नाकडे कोणी येऊ देत नाही त्याचा आनंद मानला पाहिजे...

जाता जाता एक मंत्र देतो. सगळ्यांना छान म्हणा... कोणालाही नावे ठेवू नका... हाही आपला... तोसुद्धा आपला... जो आपल्याकडे बघत नाही, तोही आपला... जो आपलं बिलकुल ऐकत नाही तो नक्कीच आपला... यावर विश्वास ठेवा... तुम्हाला कसलाही त्रास होणार नाही, याची शंभर टक्के गॅरंटी असणारा हा मंत्र आहे...

**- तुमचाच, बाबूराव**

**सध्या सोशल मीडिया आणि इंटरनेटवरील विविध चर्चांमध्ये असा दावा केला जात आहे की, औषधे मुदत संपल्यानंतरही वर्षानुवर्षे चालतात आणि औषध कंपन्या केवळ नवीन औषधे खपविण्यासाठी 'एक्सपायरी डेट' लावतात. त्यामुळे साहजिकच लोकांच्या मनात प्रश्न निर्माण होतात की, औषधांवरील 'एक्सपायरी डेट' म्हणजे फक्त विक्री वाढवण्यासाठी केलेली मार्केटिंग रणनीती आहे का? तसेच, एक्सपायर झालेली औषधे बिनकामाची होतात का? मात्र, वास्तव यापेक्षा अधिक वैज्ञानिक आणि सखोल आहे.**



# एक्सपायर झालेली औषधे बिनकामाची होतात का?

डॉ. सुरेश सरवडेकर
माजी सहायक संचालक,
वैद्यकीय शिक्षण व संशोधन, महाराष्ट्र

**औ**षधांच्या 'एक्सपायरी डेट'चे वास्तव नेमके काय आहे, याचा शोध घेतला असता असे निदर्शनास येते की, औषधाचे उत्पादन हे केवळ मागणीप्रमाणे होत असते. औषध कंपन्या अनेकदा २-३ वर्षांपर्यंतच्या स्थिरतेची चाचणी करतात. कारण एकदम १० वर्षांची चाचणी करणे अत्यंत खर्चिक आणि वेळखाऊ असते. औषधांचा अनावश्यक साठा होऊ नये व संभाव्य आर्थिक नुकसान टाळता यावे, हा यामागील मुख्य उद्देश आहे. त्यामुळे औषधांची खरेदी, साठा व पर्यायाने उत्पादन हे औषध कंपनीकडून मागणी असेल त्या प्रमाणातच केले जाते. औषध बाजारात आणण्यापूर्वी त्यावर वैज्ञानिक चाचण्या (स्टॅबिलिटी टेस्ट) केल्या जातात. या चाचण्यांतून औषधावर उष्णता, आर्द्रता, प्रकाश, हवा आणि वेळ यांचा काय परिणाम होतो आणि औषध किती काळ प्रभावी आणि सुरक्षित राहील, हे समजते. त्यानुसार मग औषधांची 'एक्सपायरी डेट' ठरवली जाते. त्यामुळे औषधाची हमी त्या कालावधीपुरतीच लागू होते. ज्या देशांमध्ये औषधांचे उत्पादन खूपच कमी किंवा होतच नाही तेथे सर्व औषधे परदेशातून मागवावी लागतात. त्यामुळे तेथे औषधांचा भरपूर साठा ठेवण्याकडे कल असतो. ही औषधे त्या कालावधीत वापरली नाही तर मोठे आर्थिक नुकसान संभवते. भारतासारख्या बहुसंख्य देशांमध्ये औषधांच्या किमतीला खूप महत्त्व आहे. अशा देशांत आणि विशेषत: सरकारी रुग्णालयांत औषधांचा वर्षभराचा साठा करण्यात येतो. हा साठा वापरात न आल्यास रुग्णालयांना आर्थिक नुकसान सोसावे लागते.

काही जीवनावश्यक औषधांच्या बाबतीत मात्र आर्थिक बाबीचा विचार करून चालत नाही. उदाहरणार्थ, सर्पदंशावरील लस. तिची 'एक्सपायरी डेट' फक्त सहा महिन्यांची असते; पण ते नियमित उपलब्ध असणे गरजेचे असते. अशी औषधे वेळेत वापरात न आल्यास आर्थिक नुकसान होऊ शकते; परंतु औषध वेळीच उपलब्ध न झाल्यास रुग्णाचा जीव जाऊ शकतो.

### मुदत संपलेली औषधे वापरावीत का?

**अजिबातच नाही. कारण या कालावधीत औषधांचा अपेक्षित परिणाम होणार नाही.**

**संसर्ग पूर्णपणे बरा होणार नाही, प्रतिजैविक प्रतिकारशक्ती कमी होऊ शकते.**

**काही औषधांमध्ये रासायनिक बदल होऊ शकतात, डोळ्यांचे किंवा इंजेक्शनचे संसर्ग होऊ शकतात.**

### येथे चुकूनही ठेवू नका औषधे...

- बाथरूममधील कपाट
- स्वयंपाकघरातील स्टोव्ह/सिंकजवळ
- गाडीतील ग्लोव्ह बॉक्स



कव्हरस्टोरी

### मुदतीत असूनही कशामुळे होतात औषधे खराब?

थंड, कोरड्या, अंधाऱ्या जागी ठेवलेली औषधे 'एक्सपायरी डेट'पर्यंत टिकतात. मात्र, उष्ण, दमट वातावरणात ठेवलेली औषधे लवकर खराब होतात.

**बहुतेक लिक्विड औषधांवर दोन वर्षांची 'एक्सपायरी डेट' असली तरी त्यांचे सील उघडल्यानंतर २-४ आठवड्यांत त्यांची अपेक्षित परिणामांची क्षमता संपते.**

डोळ्यांत टाकण्याचे लिक्विड, कानाचे लिक्विड, नाकाचे स्प्रे इत्यादी लिक्विड औषधांची बाटली उघडल्याची तारीख बाटलीवर लिहून ठेवावी.

**प्रिझर्व्हेटिव्ह-मुक्त औषधे उघडल्यानंतर २४ तासांच्या आत वापरणे योग्य ठरते.**

प्रिझर्व्हेटिव्ह असलेली औषधे उघडल्यानंतर साधारणपणे १ महिन्यापर्यंत चांगली असतात. त्यानंतर, त्यात जिवाणू वाढतात.

**जुन्या बाटलीत कधीही नवीन थेंब टाकू नये.**

क्रीम, मलम, जेल नोझल स्वच्छ पुसून घ्यावे. झाकण घट्ट लावावे. कारण ट्यूबमधील पाण्यामुळे बुरशी वाढते.

**इन्हेलरचा रंग, वास बदलल्यास किंवा ते वेगळे झाल्यास, वापरणे अयोग्य आहे.**

रंग, वास, पोत बदलला असेल, द्रव गढूळ झाला असेल, गोळ्यांना तडे गेले असतील, सील तुटले असेल तर अशी औषधे वापरू नका.

आपले आरोग्य आपल्या घरात

# खमंग चव अन् मंद सुगंध, त्याची तर बातच न्यारी...

प्रा. डॉ. गजानन माळी
सदस्य, मायक्रोबायोलॉजिस्टस् सोसायटी, इंडिया

**घरच्या तुपाची सर बाजारातील विकतच्या तुपाला कधीच येत नाही. घरच्या तुपाला एक खरपूस, खमंग अशी चव असते आणि मंद सुगंधही ! भारतीय स्वयंपाकात आणि जेवणात तुपाला केवळ स्वादासाठी नाही, तर आरोग्यदायी गुणांसाठी विशेष महत्त्व आहे. घरी बनविलेले तूप (साजूक तूप) आणि बाजारातील तुपामध्ये शुद्धता, चव, सुगंध आणि पौष्टिकतेमध्ये मोठा फरक असतो.**

**पारंपरिक** तुपाची समृद्ध, सुगंधी आणि जटिल चव विकसित करण्यासाठी जिवाणू, विशेषतः लॅक्टिक ॲसिड बॅक्टेरिया महत्त्वाचे असतात. ते दूध वा मलईच्या आंबवण्याची प्रक्रिया घडवून आणतात, ज्यामुळे लॅक्टिक व इतर सेंद्रिय आम्ले (ॲसेटीक ॲसिड) तसेच डायॲसेटाइल व तत्सम व्होलाटाइल घटक तयार होतात. नंतर गरम करण्याच्या प्रक्रियेत हे घटक मिसळून विशिष्ट सुगंध निर्माण करतात. यात लॅक्टोन्स आणि मिथाइलकिटोन्स हे दोन मुख्य घटक तयार होतात. लॅक्टोन्समुळे तुपाला नारळ किंवा फळांसारखा सुगंध येतो. मिथाइल किटोन्समुळे तुपामध्ये हलका तिखटपणा वा ब्लू-चीजसारखा उग्र वास येतो, जो नंतर विरघळून तुपाला अस्सल 'देशी' तुपाचा सुगंध प्रदान करतो.



### कसे बनवले जाते साजूक तूप?

१. घरगुती तूप हे दूध मंद आचेवर तापवून थंड झाल्यावर त्यावरील साय काढून, त्या सायीमध्ये विरजण टाकून दही लावले जाते आणि नंतर ते दही रवीने घुसळून लोणी आणि ते लोणी मंद आचेवर शिजवून तूप बनवले जाते.

२. **तूप करण्याच्या या पद्धतीला 'बिल्लोना पद्धत' म्हणतात. यात तुपातील सर्व पोषक तत्वे आणि नैसर्गिक चव टिकून राहते. असे तूप १००% शुद्ध असते.**

३. घरगुती तूप पचायला हलके असते. त्यात आवश्यक फॅटी ॲसिडस्, जीवनसत्त्वे (ए, डी, ई, के), ओमेगा-३ फॅटी ॲसिडस् मुबलक असतात जे शरीर निरोगी ठेवतात, रोगप्रतिकार शक्ती वाढवतात हृदयाचे आरोग्य राखतात.

### कसे बनवतात बाजारातील तूप?

बाजारातील तूप हे सहसा दुधाच्या मलईपासून मोठ्या प्रमाणावर मशीनद्वारे जलद पद्धतींनी बनवले जाते. जास्त तापमानावर प्रक्रिया केल्यामुळे यातील अनेक पोषक तत्त्वे नष्ट होतात. जास्त दिवस टिकवण्यासाठी त्यात प्रिजर्व्हेटिव्ह्ज, कृत्रिम रंग आणि सुगंध मिसळला जाऊ शकतो. अनेकदा त्यात डालडा (वनस्पती तूप), स्टार्च, बटाटा किंवा इतर स्वस्त तेलांची भेसळ असण्याची शक्यता असते. असे तूप जास्त पांढरट किंवा अतिशय पिवळे असते आणि ते रवाळ बनवण्यासाठी काही केमिकल्स वापरली जातात.

### असे ओळखा शुद्ध तूप...

एक चमचा तूप पाण्यात टाकल्यास शुद्ध तूप पाण्यावर तरंगते, तर भेसळयुक्त तूप तळाशी बसते.

**तूप गरम केल्यावर लगेच वितळले व पिवळा रंग आला, तर ते शुद्ध आहे असे समजावे.**

**जागतिक थायरॉइड दिनानिमित्त प्रत्येकाने आपल्या आरोग्याकडे सजगपणे पाहण्याची गरज आहे. थायरॉइड ही शांतपणे कार्य करणारी ग्रंथी असली तरी तिच्या संकेतांकडे दुर्लक्ष करणे धोकादायक ठरू शकते. योग्यवेळी निदान आणि उपचार केल्यास निरोगी व सक्रिय जीवन जगणे सहज शक्य आहे. थायरॉइड मोठ्याने इशारा देत नाही; ती फक्त कुजबुजते. ती ऐका...**

# ही कुजबुज ऐका, संकेत ओळखा...

डॉ. शशांक जोशी
एंडोक्रायनोलॉजिस्ट, माजी अध्यक्ष, भारतीय थायरॉइड संघटना

**आपल्या** मानेच्या पुढील भागातील फुलपाखराच्या आकाराची छोटीशी थायरॉइड ग्रंथी शरीराच्या संपूर्ण कार्यावर प्रभाव टाकते. शरीरातील चयापचय, हृदयाची गती, मेंदूचे कार्य, वजन, मनःस्थिती आणि ऊर्जा यांचे नियंत्रण या ग्रंथीकडे असते. ही ग्रंथी शांतपणे कार्य करते; पण तिच्यातील बिघाड संपूर्ण शरीराच्या तालात बदल घडवतो. भारतात प्रत्येक दहा व्यक्तींमागे एक थायरॉइड विकाराने त्रस्त आहे. थायरॉइडने त्रस्त असूनही अनेकांना त्याची कल्पनाही नसते. सुरुवातीची लक्षणे सामान्य थकवा किंवा ताणतणावासारखी वाटतात. त्यामुळे वेळेवर निदान होत नाही. रक्ताच्या साध्या तपासणीद्वारे थायरॉइडचा विकार ओळखता येतो. वेळेवर उपचार घेतल्यास थायरॉइड पूर्णपणे नियंत्रणात ठेवता येतो. महिलांमध्ये हा त्रास पुरुषांच्या तुलनेत आठपट अधिक आढळतो. गर्भधारणा, प्रसूतीनंतरचा काळ आणि रजोनिवृत्तीच्या काळात धोका वाढतो.

थायरॉइड कमी कार्यरत झाल्यास सतत थकवा, वजन वाढणे, केस गळणे, नैराश्य आणि सुस्ती जाणवते. थायरॉइड जास्त कार्यरत झाल्यास हृदयाचे ठोके वाढणे, वजन घटणे, चिडचिड, अस्वस्थता आणि उष्णता सहन न होणे अशी लक्षणे दिसतात. गाठी आणि कर्करोगाचाही धोका वाढताना दिसत आहे. अनेकदा लोक ही लक्षणे ताणतणाव वा वाढते वय म्हणून दुर्लक्षित करतात.



दिनविशेष
२५ मे - जागतिक थायरॉइड दिनानिमित्त

### या तीन गोष्टी नक्की करा...

**मान तपासा :** आरशासमोर उभे राहून पाण्याचा घोट घ्या आणि गिळताना मानेत सूज, गाठ किंवा असमान हालचाल दिसते का ते पाहा.

**थायरॉइड तपासणी करा :** एक साधी रक्ततपासणी पुढील अनेक वर्षांचे आरोग्य सुरक्षित ठेवू शकते. लक्षणे असतील, कुटुंबात इतिहास असेल किंवा गर्भधारणा असेल तर त्वरित तपासणी करून घ्या.

**मीठ तपासा :** घरात वापरले जाणारे मीठ आयोडीनयुक्त आहे, याची खात्री करा आणि ते उष्णतेपासून दूर, बंद डब्यात साठवा.

### काय घ्यावी काळजी?

थायरॉइडचे आरोग्य केवळ औषधांवर अवलंबून नसते. योग्य आहारात आयोडीन, सेलेनियम आणि लोह आवश्यक असते. मात्र, विनाकारण पूरक आहार किंवा समुद्री वनस्पतींचा अतिरेक टाळावा.

**नियमित व्यायाम आणि योगामुळे शरीरातील चयापचय संतुलित राहते. थायरॉइडसाठी दिली जाणारी औषधे रोज सकाळी रिकाम्या पोटी आणि ठराविक वेळी घ्यावीत. कॅल्शियम किंवा लोहयुक्त गोळ्यांसोबत ती घेऊ नयेत.**

स्वयंपाकात नेहमी आयोडीनयुक्त मीठच वापरावे.

### कधी करावी तपासणी?

१. कुटुंबात थायरॉइड विकारांचा इतिहास असल्यास नियमित तपासणी आवश्यक आहे. ताणतणावामुळे विकार वाढू शकतात, त्यामुळे पुरेशी झोप, ध्यानधारणा आणि मनःशांती महत्त्वाची ठरते.

२. **प्रसूतीनंतरच्या महिलांनी तसेच ज्येष्ठ नागरिकांनी वेळोवेळी तपासणी करून घ्यावी. आवाजात बदल, मानेवर सूज किंवा मनःस्थितीतील बदल कुटुंबीयांनीही लक्षात घ्यावेत.**

**ख़बर संक्षेप**

### जनगणना कर्मी को पड़ोसी ने गोली मारी



**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर में, शनिवार को एक व्यक्ति को उसके पड़ोसी ने गोली मार दी। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की गलती सिर्फ इतनी थी, कि उसने जन गणना कर्मी को उसके मकान का पता बता दिया था। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि दिन में करीब 11:00 बजे जरिए 112 सूचना प्राप्त हुई, कि एक व्यक्ति वीरेंद्र त्यागी उम्र करीब 55 वर्ष को उसके पड़ोसी रामपाल चौधरी ने गोली मार दी है। वीरेंद्र त्यागी को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। रामपाल चौधरी को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में रामपाल चौधरी ने बताया कि जनगणना कर्मियों को वीरेंद्र त्यागी उनके घर पर लाया था, इस बात से नाराज था। इसी वजह से उसने घटना को अंजाम दिया है। तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### स्कूल की छत पर गिरी मकान की दीवार, 4 गंभीर



**फरीदाबाद।** नहर पार भारत कालोनी में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया जब प्राइवेट स्कूल के साथ बन रही निर्माणाधीन इमारत की दीवार अचानक स्कूल की छत पर गिर गई। दीवार गिरने से स्कूल की छत टूटकर नीचे आ गिरी। हादसे में 4 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कुछ अन्य बच्चों को भी चोटें आई हैं। इसके तुरंत बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। स्कूल स्टाफ ने किसी तरह बच्चों को निकाला। साथ ही सभी घायलों को इलाज के लिए बीके अस्पताल लेकर जाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक शनिवार को अचानक तेज आंधी के कारण स्कूल के साथ बनाए जा रहे कई मंजिल के मकान की दीवार का एक बड़ा हिस्सा स्कूल की छत पर आकर गिर गया।

---

संस्था ने यह शुरुआत की है। उनके सभी सदस्यों ने कहा कि गौ-माता की सेवा करना परम सौभाग्य है।

गाजियाबाद में गौ माता के लिए छप्पन भोग का भंडारा

**खास बातें**

- गौमाता हमारे देश में भूखी नहीं रहेंगी
- उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं
- सनातन धर्म में गौ-माता का स्थान सर्वोत्तम स्थानों में एक है

## 56 प्रकार की सब्जियां, फल, पंचमेवा, छप्पन भोग की मिठाई, गुड़, सेंधा नमक, सात प्रकार के अनाज, एवं हलुवा पूरी प्रसाद का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में गौ माता के लिए छप्पन भोग का भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें 56 प्रकार की सब्जियां ,फल आदि भोग लगाया गया। योगाचार्य देवेंद्र हितकारी ने इस मौके पर कहा कि शादियों में बहुत सारा अन्न डस्टबिन में लोग डाल देते है, अन्न का निरादर करने से भगवान जी नाराज होते हैं उसमें से कुछ अन्य गौ माताओं की गौशाला में भिजवा दिया जाए तो और गोमाता हमारे देश में भूखी नहीं रहेंगी, उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। संस्था के माध्यम से हम आग्रह करना चाहते हैं कि कुछ अपनी कमाई हुए धन में से बचाकर गौ माता की सेवा में हराचारा व भूसा जरूर डालें।





कभी आपके जीवन में अमंगल नहीं होगा। यह एक बहुत अच्छी पहल है परिवार सांवरे की संस्था ने यह शुरुआत की है। उनके सभी सदस्यों ने कहा कि गौ-माता की सेवा करना परम सौभाग्य है। सनातन धर्म में गौ-माता का स्थान सर्वोत्तम स्थानों में एक है। दिनेश गोयल कांति शांति वाले, सुशील प्रधान, अनिल अग्रवाल सांवरिया, प्रदीप सिंघल, सुनील गर्ग, देवेंद्र हितकारी,एमसी गौड़, राजू कंसल,आरबी शर्मा, अंजलि सिंघल, प्रवीण खादी वाले, पं. कुंज बिहारी गोस्वामी, विजय वर्मा निजी सचिव बीएल वर्मा मंत्री कुलदीप त्यागी पार्षद प्रदीप त्यागी समाजसेवी परिवार सांवरे का के मेंबर्स अभय गोयल, अमित गोयल, सौरभ अग्रवाल शामिल रहे।

---

उपलिब्ध: एंटेरो हेल्थकेयर के सहयोग से गंभीर इमरजेंसी सेवाओं को मिली नई ताकत

## अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में अत्याधुनिक एएलएस एम्बुलेंस का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सड़क हादसा हो, हार्ट अटैक या कोई गंभीर मेडिकल इमरजेंसी ऐसे हर मुश्किल पल में समय सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद ने अपनी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करते हुए दो अत्याधुनिक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस का अनावरण किया। सेक्टर-88 स्थित ट्रॉमा सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में इन एम्बुलेंसों को एंटेरो हेल्थकेयर के सहयोग से अस्पताल सेवा में शामिल किया गया।

कार्यक्रम में एंटेरो हेल्थकेयर के संस्थापक प्रेम सेठी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पुरी और मेडिकल डायरेक्टर डां. संजीव के. सिंह ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। एंटेरो हेल्थकेयर की वरिष्ठ टीम और समर्थानम संस्था की दिल्ली-एनसीआर इकाई के प्रतिनिधि भी इस मौके पर उपस्थित रहे। नई एम्बुलेंस किसी चलती-फिरती आईसीयू से कम नहीं हैं। इनमें वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटरिंग सिस्टम, ऑक्सीजन सपोर्ट, डिफिब्रिलेटर, सक्शन मशीन और जरूरी इमरजेंसी दवाइयों जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसारए इन एम्बुलेंसों से गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही बेहतर इलाज और निगरानी मिल सकेगी। एंटेरो हेल्थकेयर के संस्थापक प्रेम सेठी ने कहा कि इमरजेंसी के समय सही इलाज तक समय पर पहुंचना किसी भी मरीज के लिए सबसे जरूरी होता है। अमृता हॉस्पिटल के साथ मिलकर इस पहल का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। अमृतापुरी की यात्रा के दौरान मैंने यहां की सेवा और करुणा आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था को बहुत करीब से महसूस किया था। सम्पूज्य स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहाए श्स्वास्थ्य सेवा केवल अस्पताल की चारदीवारी तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जरूरत इस बात की है कि संकट की घड़ी में मरीज तक तेजी और संवेदनशीलता के साथ मदद पहुंचे। ये नई एम्बुलेंस उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। डॉ. संजीव सिंह ने कहा कि कई बार मरीज की स्थिति इतनी गंभीर होती है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही इलाज शुरू करना जरूरी हो जाता है। ये एम्बुलेंस मरीजों को रास्ते में ही एडवांस मेडिकल सपोर्ट देने में सक्षम हैं और क्षेत्र में ट्रॉमा व इमरजेंसी केयर को और मजबूत करेंगी।



---

भारतीय उपभोक्ताओं की कोरियन फूड के प्रति बढ़ती रुचि

## कोरियन फूड की बढ़ती डिमांड के बीच भारत में नोंगशिम की एंट्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दक्षिण कोरिया की प्रमुख फूड कंपनी नोंगशिम को लिमिटेड ने भारत में अपना नया प्रीमियम कोरियन नूडल प्रोडक्ट 'शिन राम्युन किमची स्टिर फ्राय' लॉन्च कर दिया है। कंपनी के मुताबिक यह प्रोडक्ट भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस मौके पर नोंगशिम के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जो यांग चूल ने कहा, भारत नोंगशिम के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। भारतीय उपभोक्ताओं में कोरियन फूड के प्रति बढ़ती रुचि हमारे लिए बड़ा अवसर है। शिन राम्युन किमची स्टिर फ्राय के जरिए हम भारतीय उपभोक्ताओं तक असली कोरियन स्वाद पहुंचाना चाहते हैं और देश में अपनी मौजूदगी मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, वर्तमान में चीन हमारा सबसे बड़ा बाजार है, लेकिन बाजार हिस्सेदारी की वृद्धि के लिहाज से अगले पांच वर्षों में भारत नंबर-1 बाजार बन सकता है। वहीं नोंगशिम इंडिया के सेल्स हेड डैनी जियोंग ने कहा कि भारत में कोरियन फूड कैटेगरी अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन इसकी संभावनाएं बेहद बड़ी हैं। आज के उपभोक्ता नए और अलग स्वादों की तलाश में हैं। ऐसे में यह हमारे लिए सही समय है कि हम भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करें।

---

यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 11 वर्षीय बच्चे की जान बचाई

## यथार्थ फरीदाबाद के डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल बच्चे पर सफल लाइफ सेविंग सर्जरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एडवांस सर्जिकल एक्सपर्टीज और समय पर ईलाज का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए सेक्टर-88 स्थित यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद के डॉक्टरों ने 11 वर्षीय मास्टर विवान की जान सफलतापूर्वक बचाई। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए इस बच्चे को अन्य अस्पतालों ने केस की कॉम्प्लेक्सिटी के कारण इलाज देने से मना कर दिया थाए जिसके बाद उसे बेहद क्रिटिकल हालत में यथार्थ अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर बच्चे को एक्यूट एब्डॉमेन की स्थिति में पाया गया, जो ब्लंट एब्डॉमिनल ट्रॉमा के कारण हुआ था। जांच में जेजुनल परफोरेशन (नियर पैंक्रियास), ट्रॉमैटिक हर्निया जिसमें ट्रांसवर्स कोलन शामिल थाए और पायोपेरिटोनियम (पेट में पस और ब्लड जमा होना) जैसी गंभीर समस्याएं सामने आईं। मरीज को तेज दर्द, सूजन, उल्टी और गंभीर इंफेक्शन भी था, जिससे यह मामला बेहद चुनौतीपूर्ण और जानलेवा बन गया था। यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सेक्टर-88 फरीदाबाद के सर्जिकल डिसिप्लिन्स के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. बालकिशन गुप्ता ने कहा कि यह एक बेहद क्रिटिकल और कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा केस था। मरीज में जेजुनल परफोरेशन के साथ ट्रॉमैटिक एब्डॉमिनल हर्निया था, जिसमें आंत के हिस्से फंसे हुए थे, जिससे पेट के अंदर गंभीर इंफेक्शन फैल चुका था। अंदर पस का काफी ज्यादा जमाव और कई जगहों पर चोट होने के कारण तुरंत सर्जरी करना काफी चुनौतीपूर्ण और रिस्की था। बच्चे की हालत अस्थिर थी और अंदरूनी नुकसान काफी ज्यादा था, ऐसे में जरा सी भी गलती की गुंजाइश नहीं थी।



---

प्रधानमंत्री के आह्वान पर विजयनगर में नगर निगम ने शुरू की ई व्हीकल पार्किंग

## डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में 50 नए इलेक्ट्रिक व्हीकल का हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गाजियाबाद नगर निगम ने भी पेट्रोल डीजल की खपत कम करने की पहल की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा विजयनगर में इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्किंग की शुरुआत की गई है। जिसमें एक बारी में 20 से अधिक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन इलेक्ट्रिक व्हीकल को चार्ज किया जा सकता है। पहल करते हुए प्रथम चरण में 50 इलेक्ट्रिक व्हीकल डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कर रहे हैं। डीजल और पेट्रोल की खपत को कम करने का प्रयास सफलतापूर्वक नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। मौके पर जाकर नगर आयुक्त ने जायजा लिया गया वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी मौके पर उपस्थित रहे। जेएस एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निगम का विशेष सहयोग किया गया है।

---

जीआईएल ने टाटा प्रोजेक्ट्स से मिलाया हाथ

## गोल्फ कोर्स रोड की तीन लग्जरी प्रोजेक्ट्स के लिए 1,100 करोड़ का किया करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड स्थित अपनी तीन लग्जरी रिहायशी परियोजनाओं के निर्माण के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स के साथ साझेदारी की है। यह 1,100 करोड़ रुपए का अनुबंध गोदरेज प्रॉपर्टीज द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा एकल निर्माण कान्ट्रैक्ट है।

यह गोदरेज प्रॉपर्टीज और टाटा प्रोजेक्ट्स के बीच पहली साझेदारी है। इसके जरिए उत्कृष्टता, सुरक्षा और गुणवत्ता पर फोकस करने वाले भारत के दो प्रतिष्ठित ब्रांड एक साथ आए हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर संदीप नवलखे ने कहा कि टाटा प्रोजेक्ट्स के साथ साझेदारी हमारी लग्जरी परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में रणनीतिक कदम है। गोल्फ कोर्स रोड भारत के सबसे प्रतिस्पर्धी रिहायशी बाजारों में से एक है। यहां सटीकता, बड़े स्तर पर काम और निरंतर गुणवत्ता जरूरी है। हमारा उद्देश्य डिलीवरी की समयसीमा, निर्माण गुणवत्ता और कार्यक्षमता को मजबूत करना है। टाटा प्रोजेक्ट्स के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट बरुण पाल चौधरी ने कहा कि गोदरेज प्रॉपर्टीज के साथ सहयोग कर खुशी हो रही है। टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार परियोजनाएं विकसित करने में हमारी विशेषज्ञता गोदरेज के विजन के साथ मेल खाती है। हम डिजाइन, गुणवत्ता और रहने योग्य सुविधाओं के नए मानक स्थापित करेंगे। 45 वर्षों से अधिक के अनुभव वाली टाटा प्रोजेक्ट्स ने नई दिल्ली में नई पार्लियामेंट बिल्डिंग, प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। इस साझेदारी के तहत टाटा प्रोजेक्ट्स को गोदरेज की तीन आगामी परियोजनाओं गोदरेज सोरा, गोदरेज एस्ट्रा और गोदरेज समारिस में कोर और शेल निर्माण कार्य का अनुबंध मिला है।

---

निर्धारित ड्राइंग पर किया जाए प्रोजेक्ट निर्माण का कार्यः नगर आयुक्त

## नगर आयुक्त ने मोहन नगर जोनल कार्यालय और शॉपिंग कंपलेक्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मोहन नगर जोन में कराए जा रहे निर्माण के कार्यों का जायजा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लिया। उन्होंने मोहन नगर जोनल कार्यालय तथा शॉपिंग कंपलेक्स पर चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण निर्माण विभाग टीम के साथ किया। मौके पर चल रहे कार्यों की प्रगति पर समीक्षा की। निर्धारित ड्राइंग के क्रम में चल रहे कार्यों को मैच किया गया, कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व टीम उपस्थिति रही । मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि मोहन नगर जोन अंतर्गत बन रहे नए मोहन नगर जोनल कार्यालय जिसमें 12 करोड़ लागत आ रही है। लगभग 1800 मीटर में चार मंजिल बिल्डिंग का निर्माण करने की अंतिम तिथि अप्रैल 2027 में है फाउंडेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है इसके अलावा शॉपिंग कंपलेक्स जो की 980 मी क्षेत्रफल में बन रहा है लगभग 6 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा चार मंजिल का शॉपिंग कंपलेक्स जिसमें 32 दुकान होगी अप्रैल 2027 तक कार्य पूर्ण करने की तिथि निर्धारित है फाउंडेशन का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान दोनों प्रोजेक्ट को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए बारीकी से चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करने के लिए निर्माण विभाग टीम को कहा संबंधित ठेकेदार को भी नियमों का पालन करते हुए प्रोजेक्ट कंप्लीट करने और जन सुविधा को ध्यान में रखने के लिए कहा गया ।

---

### जीवा पब्लिक स्कूल में सीआईएससीई चैस और कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में सीआईएससीई द्वारा आयोजित जोनल खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत चैस और कराटे प्रतियोगिता अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट रणनीति, एकाग्रता एवं खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेजबान विद्यालय के रूप में जीवा पब्लिक स्कूल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया स्कूल, द स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, मातृकिरण स्कूल, शिक्षांतर स्कूल, श्रीराम स्कूल अरावली सहित अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल एवं यादगार बनाया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेन्द्र पुत्र धर्म वीर पता मकान नं. आरजेडटी–1, निहाल विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिर्पोट संख्या 571/24 धारा 3/4/9/55 जी एक्ट 1955 के तहत** थानाः निहाल विहार, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नरेन्द्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नरेन्द्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिर्पोट संख्या 571/24 धारा 3/4/9/55 जी एक्ट 1955 के तहत** थानाः निहाल विहार, नई दिल्ली **के उक्त नरेन्द्र** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कोमल गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 03
वेस्ट जिला, कमरा नं.292, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6713/OD/2026

---

भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

## राहुल एंड कंपनी अब राजनीतिक रण में रुदाली रंगरूटों की रंगशाला : नकवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ को आईटीएस डेंटल कॉलेज सभागार, मुरादनगर में हुआ था। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी रहे, जिन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेसी लश्करे लफ्फाजी की लम्पट लॉबी का गगन चुम्बी गुरूर, गटर चुम्बी सुरूर बकवास बहादुरी का बदनाम बसेरा बनता जा रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल एंड कंपनी अब राजनीतिक रण में रुदाली रंगरूटों की रंगशाला बनती जा रही है, जहां रणबांकुरों की जगह रण छोड़ बहादुरी की प्रतिस्पर्धा चल रही है। श्री नकवी ने कहा कि हालिया चुनावों में पराजय के बाद सत्ता के भूखे दल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले फिर सक्रिय हो गए हैं, लेकिन गठबंधन की गठरी में छेद और महत्वाकांक्षी मतभेद चरम पर हैं। जनता ऐसे अवसरवादी गठबंधनों को पूरी तरह नकार देगी। श्री नकवी ने कहा कि जनादेश की सामन्ती लिंचिंग और वोट चोरी के काल्पनिक आरोपों के बावजूद विपक्ष अपनी परिवारवादी राजनीति और आपसी मतभेदों को नहीं बचा पा रहा है। उन्होंने कहा कि जुगाड़ का जमघट भी जनादेश के पनघट पर पटखनी खा रहा है। लोकतांत्रिक मूल्यों और जनादेश के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों को आत्ममंथन करना चाहिए कि आखिर जनता बार-बार उनकी “खुड़पैची सियासत और खुराफाती विरासत को क्यों नकार रही है। संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि संविधान और वोट चोरी को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम अब जनता के बीच पूरी तरह टायं-टायं फिस्स हो चुका है। भाजपा और उसके सहयोगी दल आज देश के 22 राज्यों तथा लगभग 78 प्रतिशत आबादी के बीच सुशासन और विकास का ध्वज फहरा रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी नीतियों, समावेशी विकास और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग संकट के समाधान के बजाय सियासी व्यवधान में जुट जाते हैं, ऐसे भय और भ्रम फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ समाज को विश्वास मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनाव से पहले ही विपक्षी दलों की झांसे की झालर में शॉर्ट सर्किट दिखाई दे रहा है और जनता एक बार फिर उन्हें करारा जवाब देगी। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं वर्ग संचालन परिचय प्रस्तुत करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की संगठनात्मक शक्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाने का माध्यम है। दूसरे सत्र में विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा ने कार्यकर्ता विकास, निर्माण, संभाल एवं दायित्व बोध विषय पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी है। संगठन की मजबूती कार्यकर्ता के संस्कार, समर्पण और अनुशासन पर आधारित होती है तीसरे सत्र में पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत आज भी भाजपा की नीतियों का मूल आधार हैं।



---

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी /
84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्तयों **(1) रीना पत्नी सुधीर प्रसाद और एएनआर (2) भगत जी पताः ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 133सी के निकट, खसरा नंबर 143/19, निर्मल विहार, ई–ब्लॉक, गली नंबर6, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043 ने सीटी केस संख्या 1675/2024 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत** थानाः बाबा हरिदास नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) रीना (2) भगत जी** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) रीना (2) भगत जी** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। अतः इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **सीटी केस संख्या 1675/2024 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थाना बाबा हरिदास नगर, दिल्ली के उक्त (1) रीना (2) भगत जी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हरलीन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
विशेष न्यायलय विद्युत
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6401/DW/2026

जनसत्ता सरोकार

सम-सामयिक

एक

जनसत्ता | 24 मई, 2026

# अलग-अलग विचारधाराओं के दल महिलाओं के लिए मुफ्त योजना लाने में एक स्त्री केंद्रित रेवड़ियों के संदर्भ में राजकोषीय घाटे की पूरी तरह अनदेखी

हाल में दो राज्यों में दो नई सरकारों ने शपथ ली और दोनों ने पहली कैबिनेट बैठक में जो फैसले किए वे आश्चर्यजनक रूप से एक-दूसरे से मिलते-जुलते थे। केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त जनतांत्रिक मोर्चे के नए मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने महिलाओं के लिए केएसआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा की। हजारों किलोमीटर दूर कोलकाता में बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में भी यही हुआ, महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त सफर और हर महीने तीन हजार रुपए सीधे बैंक खाते में भेजने का निर्णय। दो राज्य, दो अलग-अलग विचारधाराओं के दल, दो अलग-अलग भाषाएं, मगर एक ही सियासी भाषा : महिलाओं के लिए मुफ्त की योजनाएं। मुद्दे पर सरोकार की पड़ताल।

# राजनीति की लाडली

जनसत्ता सरोकार

यह महज संयोग नहीं है। यह उस व्यापक राजनीतिक परिघटना का नवीनतम अध्याय है, जिसे विश्लेषक महिला कल्याण की होड़ कह रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, लगभग हर बड़े राज्य में चुनाव से पहले या बाद में महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण और मुफ्त परिवहन की योजनाएं लागू की गई हैं। भाजपा हो या कांग्रेस, तृणमूल हो या वामपंथ सभी ने इस खेल में हाथ आजमाया है। महिला वोट बैंक अब भारतीय लोकतंत्र का सबसे अहम घटक बन गया है।




### केरल : दस साल बाद लौटी कांग्रेस

साल 2026 के केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने दस वर्षों के वनवास के बाद सत्ता में वापसी की। शपथ ग्रहण के महज कुछ घंटों बाद ही सतीशन सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ऐलान किया कि 15 जून से प्रदेश की सभी महिलाओं को केएसआरटीसी की बसों में बिना किराया यात्रा करने का अधिकार होगा।

आशा कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय नौ हजार से बढ़ाकर बारह हजार रुपए किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, स्कूली रसोइयों, प्री-प्राइमरी शिक्षकों और सेविकाओं को एक-एक हजार रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। मुख्यमंत्री सतीशन ने घोषणा की है कि राज्य की वित्तीय स्थिति का लेखा-जोखा देने के लिए श्वेतपत्र जारी किया जाएगा। पहली कैबिनेट बैठक का एक और उल्लेखनीय निर्णय था। देश में पहली बार वृद्धों के लिए एक अलग विभाग बना।

मुख्यमंत्री सतीशन ने इस जापान माडल पर आधारित बताते हुए कहा कि एक सभ्य समाज की पहचान उसके बुजुर्गों के जीवन स्तर से होती है। केरल की जनसंख्या में वरिष्ठ नागरिकों का अनुपात देश में सर्वाधिक में से एक है, इसलिए यह पहल नीतिगत दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। यूडीएफ के चुनावी घोषणापत्र में वादा था कि कालेज जाने वाली हर छात्रा को एक हजार रुपए मासिक सहायता दी जाएगी, हर परिवार को ओमन चांडी के नाम पर 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा और कल्याण पेंशन तीन हजार रुपए तक पहुंचाई जाएगी। महिला केंद्रित वादों की इस लंबी सूची ने केरल में महिला मतदाताओं की नब्ज को पकड़ा और यूडीएफ को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### बंगाल : तृणमूल की सत्ता का अंत

पश्चिम बंगाल के सियासी इतिहास में मई 2026 एक निर्णायक मोड़ बनकर आया। भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीतकर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया। शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पहली कैबिनेट बैठक में तीन बड़े एलान हुए :- राज्य कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग, सरकारी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा (एक जून से) और ममता सरकार की लक्ष्मीर भंडार योजना की जगह अन्नपूर्णा भंडार की शुरुआत। अन्नपूर्णा भंडार के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपए सीधे बैंक खाते में मिलेंगे, जो लक्ष्मीर भंडार के अधिकतम डेढ़ हजार रुपए से दोगुने हैं। अनुमान है कि राज्य की लगभग 2.20 करोड़ महिलाएं इस योजना से जुड़ेंगी। पुरानी योजना की लाभार्थियों को नए सिरे से आवेदन की जरूरत नहीं, उनका हस्तांतरण स्वतः होगा। मंत्री अग्निमित्रा पाल ने स्पष्ट किया कि बसों की संख्या बढ़ाने का कोई तत्काल निर्णय नहीं हुआ है। मौजूदा बेड़े से मुफ्त सेवा एक जून से चलेगी।

एक अनुमान के अनुसार पश्चिम बंगाल पर नई भाजपा सरकार की तीन प्रमुख योजनाओं का संयुक्त वार्षिक बोझ 1.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। लक्ष्मीर भंडार पर पहले 39,000 करोड़ रुपए खर्च होते थे। अन्नपूर्णा भंडार पर यह 79,000 करोड़ रुपए होंगे। बेरोजगारी भत्ते पर 30,000 करोड़ और डीए बकाया भुगतान पर 62,000 करोड़ रुपए एकमुश्त देने होंगे। राज्य का राजकोषीय घाटा पहले से 62,423 करोड़ और राजस्व घाटा 21,759 करोड़ रुपए है।

### उत्तर से दक्षिण तक एक राष्ट्रव्यापी होड़

केरल और बंगाल की ये घोषणाएं अचानक खिले फूल नहीं हैं। यह उस राजनीतिक बागबानी की परिणति हैं, जो पिछले कई वर्षों से पूरे देश में चल रही हैं। भाजपा और कांग्रेस, दोनों ने इस खेल में समान दक्षता से हाथ आजमाए हैं। नवंबर 2023 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत 21 से 60 वर्ष की महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह देने की योजना शुरू की थी। परिणाम? भाजपा ने चार कार्यकालों की सत्ता विरोधी लहर को मात दी और सरकार बरकरार रखी।

> **साल** 2026 के केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने दस वर्षों के वनवास के बाद सत्ता में वापसी की। शपथ ग्रहण के महज कुछ घंटों बाद ही सतीशन सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ऐलान किया कि 15 जून से प्रदेश की सभी महिलाओं को केएसआरटीसी की बसों में बिना किराया यात्रा करने का अधिकार होगा।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक विभाग की एक विशेष शोध रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में जिन जिलों में लाडली बहना योजना की लाभार्थियों की संख्या एक फीसद बढ़ी, वहां सत्तारूढ़ दल की चुनावी सफलता दर 0.36 फीसद बढ़ी। इसके अलावा, इस योजना ने महिला मतदाता उपस्थिति को भी बढ़ाया। यह आंकड़ा बताता है कि नकद हस्तांतरण और महिला मतदान व्यवहार के बीच सीधा संबंध है। साल 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के इसी फार्मूले को आजमाया गया। महाविकास अघाड़ी से बुरी हार की ओर जा रही महायुति सरकार ने चुनाव से महज तीन महीने पहले मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना लागू की। इसके तहत 21 से 65 वर्ष की पात्र महिलाओं को डेढ़ हजार रुपए मासिक मिलने लगे। नतीजा, भाजपा ने 149 में से 133 सीटें जीतकर शानदार राजनीतिक सफलता हासिल की।

### संख्या से ताकत तक

इस लाडली राजनीति की असली जड़ें संख्याओं में हैं। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में रिकार्ड 31.2 करोड़ महिलाओं ने मतदान किया। 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से 19 में महिला मतदान फीसद पुरुषों से अधिक रहा। यह सांख्यिकीय तथ्य किसी भी राजनीतिक रणनीतिकार के लिए रोमांचकारी है।

साल 1962 में भारत में महिला मतदाता उपस्थिति महज 47 फीसद थी, जबकि पुरुषों की 63 फीसद। अंतर लगभग 16 फीसद का। साल 2019 में पहली बार इतिहास बना, जब महिला मतदान दर ने पुरुषों को पीछे छोड़ा। साल 2024 में यह रुझान और मजबूत हुआ। लोकसभा के 137 निर्वाचन क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट डाले। यह केवल मतदान की संख्या का बदलाव नहीं, राजनीतिक चेतना का बदलाव है। कानेर्गी एंडाउमेंट फार इंटरनेशनल पीस के एक अध्ययन के अनुसार महिला मतदाताओं की बढ़ती उपस्थिति कल्याणकारी योजनाओं से सीधी जुड़ी है।

साल 2014 का एक सर्वेक्षण बताता है कि 70 फीसद महिला मतदाताओं ने स्वतंत्र रूप से परिवार या पति के प्रभाव के बगैर मत का निर्णय लिया था। साल 2024 तक यह स्वायत्तता और अधिक मुखर हो गई। महिलाएं अब सुरक्षा, कल्याण और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रही हैं-सांप्रदायिक या विचारधारात्मक एजंडे से आगे। एक विश्लेषण के अनुसार, महिलाएं भारतीय चुनावों के परिदृश्य को नए सिरे से गढ़ रही हैं। इन्होंने चुनावी अभियानों, नीतिगत योजनाओं और कल्याण के ढांचे को प्रभावित किया है और शासन को कल्याण केंद्रित दृष्टिकोण की ओर मोड़ा है।

महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा का फार्मूला सबसे पहले तमिलनाडु में द्रमुक सरकार ने साल 2021 में लागू किया था। नतीजे उत्साहजनक रहे। राज्य में सरकारी बसों में महिला यात्रियों की हिस्सेदारी 40 फीसद से बढ़कर 61 फीसद हो गई। बजट में उस वर्ष महिलाओं की मुफ्त यात्रा के लिए 1,520 करोड़ रुपए की सबसिडी दी गई। वित्त मंत्री ने इसे महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर जबरदस्त प्रभाव डालने वाला कदम बताया। कर्नाटक में जून 2023 में कांग्रेस सरकार ने शक्ति योजना लागू की और तेलंगाना में दिसंबर 2023 में कांग्रेस की रेवंत रेड्डी सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को राज्य की सभी आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा का अधिकार दिया। यह छह गारंटियों में शामिल था। इन योजनाओं के पीछे एक स्पष्ट तर्क है-महिलाओं, विशेषकर निम्न और मध्य-आय वर्ग के लिए यातायात लागत एक बड़ा आर्थिक बोझ होती है। मुफ्त यात्रा से उनकी गतिशीलता बढ़ती है, रोजगार और शिक्षा तक पहुंच आसान होती है। लेकिन आलोचक सवाल उठाते हैं: क्या ये योजनाएं टिकाऊ हैं? सरकारी परिवहन निगम पहले से घाटे में हैं। मुफ्त यात्रा से राजस्व का नुकसान होता है और इसकी भरपाई सरकारी खजाने से करनी पड़ती है। बसों का बुनियादी ढांचा और संख्या बढ़ाए बिना केवल मुफ्त यात्रा की घोषणा करना पर्याप्त नहीं है।

### आर्थिक मजबूती या निर्भरता?

इन योजनाओं की एक आलोचना यह भी है कि ये महिलाओं को असली ताकत देने की बजाय उन्हें आश्रित बनाए रखती हैं। जब एक हजार या डेढ़ हजार रुपए के लिए महिला सरकार की ओर उम्मीद लगाए बैठी हो, तो यह सशक्तीकरण नहीं, निर्भरता है। महाराष्ट्र के किसानों के अधिकारों के लिए काम करने वाले ट्रेड यूनियन नेता बलिराम भूमे ने कहा कि महिला मजदूर लाडकी बहिण से खुश हैं, लेकिन इस प्रतिस्पर्धात्मक कल्याणवाद के कारण दल बुनियादी स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं पर ध्यान नहीं देते। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर्याप्त वित्त पोषित नहीं हैं। वहीं तमिलनाडु के अनुभव से एक सकारात्मक संकेत भी मिलता है। मुफ्त बस यात्रा ने न केवल महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाई, बल्कि उनकी आर्थिक गतिशीलता में भी सुधार आया। ग्रामीण इलाकों की महिलाएं जो पहले परिवहन लागत के कारण बाजार या अस्पताल नहीं जा पाती थीं, वे अब नियमित रूप से जा रही हैं। यह एक ठोस सामाजिक बदलाव है, भले ही इसकी प्रेरणा राजनीतिक ही क्यों न हो।

### सिर्फ लाभार्थी, निर्णय निर्माता नहीं

एक तरफ ये योजनाएं महिलाओं को आर्थिक राहत देती हैं, उनकी गतिशीलता बढ़ाती हैं। दूसरी तरफ ये दीर्घकालिक सशक्तीकरण की जगह अल्पकालिक आर्थिक राहत की आदत डाल रही हैं और राज्यों के खजाने पर असहनीय बोझ। असली महिला सशक्तीकरण का रास्ता कहीं ज्यादा लंबा और कठिन है। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षित कार्यस्थल, समान वेतन, कानूनी संरक्षण और राजनीतिक प्रतिनिधित्व। मुफ्त बस और मासिक भत्ता इस दिशा में एक कदम हो सकते हैं, लेकिन मंजिल नहीं। जब तक महिलाएं केवल लाभार्थी की श्रेणी में हैं और निर्णय-निर्माता की श्रेणी में नहीं, तब तक यह लाडली राजनीति अधूरी है।

केरल और पश्चिम बंगाल की नई सरकारें इस लहर में शामिल हो गई हैं। देखना होगा कि मुफ्त योजनाएं महिलाओं के जीवन में कितना बदलाव लाती हैं। इस तरह की योजनाएं तो पांच साल के लिए होती हैं, लेकिन राजकोषीय घाटे का सच दीर्घकालिक है।

*-प्रस्तुतिः संजय शर्मा*

## नकद हस्तांतरण की राजनीति में खाली होता सरकारी खजाना

नकद हस्तांतरण योजनाओं की प्रभावशीलता को लेकर अर्थशास्त्री विभाजित हैं। एक पक्ष कहता है कि डीबीटी (डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर) सही मायनों में महिलाओं के हाथ में सीधी आर्थिक ताकत देता है, जिससे वे परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भरता कम करती हैं। महाराष्ट्र की लाडकी बहिण योजना की एक लाभार्थी अनीता साहू ने बताया कि उन्होंने मिले पांच माह के 7,500 रुपए से बेटे की ट्यूशन फीस भरी और आपात निधि बनाई। यह आर्थिक स्वायत्तता है।



दूसरा पक्ष चेतावनी देता है कि यह प्रतिस्पर्धात्मक लोकलुभावनवाद दीर्घकाल में राज्यों की वित्तीय सेहत को बर्बाद कर सकता है। महाराष्ट्र की लाडकी बहिण योजना पर सालाना 46,000 करोड़ रुपए का अनुमानित खर्च है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में जहां कुल ऋण 6.93 लाख करोड़ रुपए से ऊपर है, वहां नई सरकार के अतिरिक्त कल्याण खर्च का वित्तपोषण कहां से होगा, यह गंभीर प्रश्न है। बंगाल में कल्याण व सामाजिक क्षेत्र पर पहले से कुल व्यय का 46 फीसद खर्च होता है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के भाजपा विधायक तेकचंद सावरकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया, हमने लाडकी बहिण योजना को महिलाओं का वोट लेने के लिए बनाया। ईमानदारी से कहूं तो और किसलिए बनाते? इस ईमानदार स्वीकारोक्ति ने पूरी जुगाड़ को उजागर कर दिया। सत्तारूढ़ दल ने अवसर देखकर आलोचना की, लेकिन खुद भी वह उसी खेल में शामिल था।

## राज्यवार महिला कल्याण योजनाएं

**मध्य प्रदेश (2023)**
लाडली बहना — 1,000/माह, 1 करोड़+ लाभार्थी

**महाराष्ट्र (2024)**
माझी लाडकी बहिण — 1,500/माह, 2 .3 करोड़ लाभार्थी

**झारखंड (2024)**
मुख्यमंत्री मैया सम्मान — 1,000/माह (21-50 वर्ष)

**हरियाणा (2024)**
लाडो लक्ष्मी योजना — 2,100/माह का वादा

**छत्तीसगढ़ (2024)**
महतारी वंदन — 1,000/माह, 70 लाख महिलाएं

**दिल्ली (2025)**
महिला समृद्धि योजना— 2,500/माह का वादा

**तमिलनाडु (2021)**
महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा (द्रमुक)

**कर्नाटक (2023)**
शक्ति योजना - महिलाओं को मुफ्त बस सेवा

**तेलंगाना (2023)**
महालक्ष्मी- बसों में मुफ्त यात्रा (कांग्रेस)

पश्चिम बंगाल (2026)
अन्नपूर्णा भंडार- ?3,000/माह + मुफ्त बस यात्रा

## एक बार शुरू करने के बाद आसान नहीं योजना की वापसी

चुनाव आयोग और सर्वोच्च न्यायालय मुफ्त उपहारों की संस्कृति को लेकर कई बार चिंता व्यक्त कर चुके हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि महिला कल्याण की होड़ में राज्यों का वित्तीय अनुशासन टूट रहा है।




एक अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, महिलाओं को एक से ढाई हजार रुपए मासिक देने वाली योजनाओं की यह सुनामी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों की वित्तीय सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। मध्य प्रदेश की लाडली बहिना योजना में एक करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए यानी सालाना बारह हजार करोड़ से अधिक का खर्च है। महाराष्ट्र की लाडकी बहिण पर वार्षिक 46,000 करोड़ रुपए का बोझ है। पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा भंडार (79,000 करोड़), बेरोजगारी भत्ता (30,000 करोड़) और डीए बकाया (62,000 करोड़ रुपए एकमुश्त) । तीनों मिलाकर 1.29 लाख करोड़ रुपए सालाना का अनुमानित बोझ। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल का राजस्व घाटा पहले से ही 21,759 करोड़ और राजकोषीय घाटा करीब 62,423 करोड़ रुपए (जीएसडीपी का लगभग तीन फीसद) है। अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ चेताते हैं कि एक वक्त के बाद ये योजनाएं राजनीतिक रूप से इतनी जड़ें जमा लेती हैं कि इन्हें वापस लेना असंभव हो जाता है।

जनसत्ता सरोकार
इंडियन एक्सप्रेस समूह

विमर्श

दो

जनसत्ता | 24 मई, 2026

# शक्ति संतुलन में बदलाव के संकेत



## प्रसंगवश

**ब्रह्मदीप अलूने**

> अंतरराष्ट्रीय संबंध केवल शक्ति से नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान से भी संचालित होते है और यही मानक ट्रंप की नीतियों से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। वेनेजुएला के नेतृत्व को अस्थिर करने के प्रयासों, कठोर आर्थिक प्रतिबंधों और ईरान के खिलाफ सैन्य एवं आर्थिक दबाव की अमेरिकी नीतियों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को बुरी तरह प्रभावित किया है।

विश्व की राजनीति में शक्ति के ध्रुव में परिवर्तन अचानक नहीं होता है। वह धीरे-धीरे आर्थिक प्रभाव और कूटनीतिक अवसरों के माध्यम से आकार लेता है। हाल ही में चीन की यात्रा पर पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उसके बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पहुंचना केवल औपचारिक कूटनीतिक घटनाएं नहीं थीं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकातों और उसके बाद हुई घोषणाओं ने दुनिया को यह स्पष्ट संकेत दिया है कि चीन एक आर्थिक शक्ति से आगे बढ़कर वैश्विक शक्ति संतुलन में अमेरिका के बड़े प्रतिद्वंद्वी के रूप में तेजी से उभर रहा है। वहीं पुतिन और जिनपिंग ने संयुक्त रूप से बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत की तथा दबाव, वर्चस्ववादी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय नियमों के एकतरफा उपयोग पर गहरी चिंता जताई। चीन और रूस खुद को पश्चिमी प्रभाव के समानांतर एक वैकल्पिक शक्ति केंद्र के रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं। अमेरिका की दशकों पुरानी सहयोग और साझेदारी पर आधारित कूटनीति को पीछे छोड़कर आर्थिक हितों पर केंद्रित ट्रंप की बेचैनी और रूस तथा चीन की हस्तक्षेपवादी नीतियों से यह प्रश्न सामने है कि भविष्य की विश्व व्यवस्था किन मूल्यों और शक्ति संतुलन पर आधारित होगी।

### अमेरिका की केंद्रीय भूमिका

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका ने खुद को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित कर वैश्विक व्यवस्था के संरक्षक के रूप में भी अपनी भूमिका तैयार की। उसने अंतरराष्ट्रीय व्यापार, सुरक्षा, वित्तीय संस्थाओं और सामरिक गठबंधनों का ऐसा ढांचा खड़ा किया, जिसने दशकों तक विश्व राजनीति की दिशा तय की। संयुक्त राष्ट्र, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में अमेरिका की केंद्रीय भूमिका रही है। डालर वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्य मुद्रा बना, अमेरिकी तकनीक और बाजार दुनिया के विकास का आधार बने और उसकी सैन्य उपस्थिति ने अनेक क्षेत्रों में शक्ति संतुलन बनाए रखा। इसी कारण दुनिया के कई देशों ने अपनी सुरक्षा, व्यापार और आर्थिक स्थिरता के लिए अमेरिका पर भरोसा किया। अमेरिका सैन्य शक्ति के साथ वैश्विक नियमों, मुक्त व्यापार और कूटनीतिक संतुलन का प्रमुख केंद्र भी बना।

मगर ट्रंप के दौर में शुल्क संघर्ष, अंतरराष्ट्रीय समझौतों से दूरी, सहयोगी देशों पर सार्वजनिक दबाव और वैश्विक संस्थाओं के प्रति अनिश्चित रवैये ने अमेरिका की उस छवि को कमजोर किया है, जो दशकों तक विश्व व्यवस्था के स्थिर नेतृत्वकर्ता की रही थी। वहीं चीन ने स्वयं को स्थिरता, निवेश और वैकल्पिक साझेदारी के केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया है। यही वजह है कि आज कई देश बेजिंग की ओर हाथ बढ़ाते दिखाई दे रहे हैं। वे चीन के साथ व्यापार करना चाहते हैं, इसके साथ ही बदलते शक्ति संतुलन में अपनी नई रणनीतिक स्थिति भी तलाश रहे हैं। चीन अभी पूरी तरह अमेरिका का विकल्प न बना हो, लेकिन बीते डेढ़ दशक में उसने यह अवश्य दिखा दिया है कि वह विश्व की राजनीति, वैश्विक व्यापार और सामरिक समीकरणों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। दुनिया के अनेक देशों को अब यह महसूस भी होने लगा है कि आने वाले समय में वैश्विक व्यवस्था केवल अमेरिका केंद्रित नहीं रहेगी।

### आर्थिक दबाव की रणनीति

ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने कूटनीति को वैश्विक दृष्टिकोण से हटाकर घरेलू राजनीतिक लाभों तक सीमित कर दिया है। ट्रंप ने यूरोप, कनाडा, मैक्सिको और भारत सहित कई देशों पर शुल्क लगाए। अमेरिका के सहयोगियों को यह महसूस हुआ कि वाशिंगटन अब मित्र और प्रतिद्वंद्वी के बीच स्पष्ट अंतर नहीं कर पा रहा। यूरोपीय देशों ने इसे आर्थिक दबाव की राजनीति के रूप में देखा। नाटो को लेकर ट्रंप का रवैया नकारात्मक रहा। इससे यूरोप में यह चिंता बढ़ी कि अमेरिका अब पहले जैसा भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार नहीं रहा। वर्ष 2015 में ईरान के साथ अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी तथा यूरोपीय संघ के बीच हुआ परमाणु समझौता एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि माना गया था। इस समझौते से अमेरिका का बाहर निकलना सहयोगियों के लिए बड़ा झटका था। इससे यह संदेश गया कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय समझौतों को घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं के अनुसार बदल सकता है। इसी तरह विश्व स्वास्थ्य संगठन और पेरिस समझौते जैसे वैश्विक ढांचों से दूरी बनाने के फैसलों ने भी अमेरिका की बहुपक्षीय नेतृत्वकर्ता की छवि को कमजोर किया।

### संबंधों की शक्ति

अंतरराष्ट्रीय संबंध केवल शक्ति से नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान से भी संचालित होते है और यही मानक ट्रंप की नीतियों से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। वेनेजुएला के नेतृत्व को अस्थिर करने के प्रयासों, कठोर आर्थिक प्रतिबंधों और ईरान के खिलाफ सैन्य एवं आर्थिक दबाव की अमेरिकी नीतियों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को बुरी तरह प्रभावित किया है। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देशों में से एक है। वहां की राजनीतिक अस्थिरता, प्रतिबंधों और सत्ता संघर्ष ने तेल उत्पादन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। इसका असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और तेल कीमतों पर पड़ा, जिससे कई विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा। इसी तरह ईरान पर हमलों से स्थितियां ज्यादा बिगड़ गईं। होर्मुज जलमार्ग बंद होने से वैश्विक स्तर पर तेल की आपूर्ति बाधित हुई है।

पिछले कुछ वर्षों में कई देश वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था को लेकर गंभीर हो गए हैं। चीन और रूस ने इसी असंतोष का लाभ उठाकर डालर पर निर्भरता कम करने और वैकल्पिक आर्थिक ढांचों को बढ़ावा देने की कोशिश की है। यूरोप में रणनीतिक स्वायत्तता की चर्चा तेज हुई है, जबकि कई देशों ने चीन और रूस के साथ संतुलित संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। ट्रंप की नीतियों से उत्पन्न वैश्विक असंतोष और चीन तथा रूस की वैकल्पिक शक्ति केंद्र बनने की कोशिशों के बीच विश्व व्यवस्था का भविष्य सवालों में है। अब चुनौती यह है कि क्या नई उभरती शक्तियां केवल अमेरिकी प्रभुत्व का विरोध कर रही हैं, या वे वास्तव में अधिक न्यायपूर्ण, पारदर्शी और संतुलित वैश्विक व्यवस्था प्रस्तुत कर सकती है। विश्व व्यवस्था की स्थिरता शक्ति के साथ विश्वास, नियमों और संस्थागत विश्वसनीयता से तय होती है।

### नीतिगत राजनीतिक संरचनाएं

इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की नीतियों का विरोध घरेलू मोर्चे पर भी खुलकर होता है। इसके विपरीत चीन और रूस की राजनीतिक संरचनाएं केंद्रीकृत और नियंत्रण आधारित मानी जाती हैं। चीन में एकदलीय व्यवस्था है, जहां राजनीतिक असहमति, मीडिया स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर व्यापक नियंत्रण देखने को मिलता है। इसी प्रकार रूस में भी विपक्ष, मीडिया और राजनीतिक असहमति के प्रति कठोर रवैये की आलोचना होती रही है। चीन और रूस स्वयं को पश्चिमी वर्चस्व के विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रहे है, लेकिन वहां उदार लोकतंत्र के वैकल्पिक माडल के किसी भी रूप का नामोनिशान तक नहीं है, जो वैश्विक स्तर पर शांतिप्रिय और वैधानिक व्यवस्था की मूलभूत जरूरत है। आवश्यकता किसी एक महाशक्ति के समर्थन या विरोध से अधिक इस बात की है कि दुनिया ऐसी संतुलित और उत्तरदायी वैश्विक व्यवस्था विकसित करे, जिसमें शक्ति के साथ सहयोग, जवाबदेही और मानवीय मूल्यों का स्थान भी सुरक्षित रहे।

# कसौटी पर परीक्षा



## वक्त की नब्ज

**तवलीन सिंह**

> भारत का विकसित होने का रास्ता तब तक बंद रहेगा, जब तक हम अपने बच्चों के लिए अच्छे स्कूल-कालेज नहीं तैयार करते। इसलिए मैं बहुत दिनों से बेहाल शिक्षा संस्थाओं पर लिखती आई हूं। जब भी ग्रामीण भारत के दौरों पर जाती हूं, तो प्रयास करती हूं हर गांव में पहले सरकारी स्कूल का हाल जानने की। सो यकीन मानिए आज तक मैंने एक भी सरकारी स्कूल नहीं देखा है जिसकी तुलना अच्छे निजी स्कूलों से की जा सकती हो।

पिछले सप्ताह जयपुर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे सुनने में आए और प्रधानमंत्री पर भी अंगुली उठाई गई नीट में फिर प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर। आक्रोश इतना था प्रदर्शनकारियों में कि आंसू गैस छोड़नी पड़ी भीड़ को काबू में लाने के लिए। भीड़ को देख कर मेरे मन में एक ही सवाल उठा बार-बार और वह यह कि इतना आक्रोश क्यों नहीं हम देख रहे हैं उन छात्रों में, जिनको दोबारा परीक्षा देनी पड़ेगी। दो साल पहले जब इसी तरह पेपर लीक हुआ था, तो शिक्षा मंत्री ने पहले तो स्वीकार ही नहीं किया कि पेपर लीक हुआ है। जब 'लीक' साबित हुई, तो मंत्रीजी ने प्रेस वार्ता बुला कर माफी मांगी, लेकिन उसके बाद सुधार के तौर पर अगर कोई कदम उठाए गए हैं, तो इतने चुपके से कि किसी को पता तक नहीं लगा।

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) अपने सारे काम चोरी-छिपे क्यों करती है कि किसी को मालूम नहीं चलता है, लेकिन अब सवाल उठने लगे हैं इतने सारे उस पर कि पर्दे के पीछे से इस संस्था को सामने आना ही पड़ेगा, आज नहीं तो कल। इस बार नौबत आ सकती है शिक्षा मंत्री को त्यागपत्र देने की। दिल्ली के आला राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह है कि धर्मेंद्र प्रधान को प्रधानमंत्री के करीबियों में माना जाता है, इसलिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है अभी तक, लेकिन भारतीय उच्च शिक्षा की समस्याएं न उनके रहने से हल होंगी और न ही उनके जाने से।

मेरा मानना है कि भारत का विकसित होने का रास्ता तब तक बंद रहेगा, जब तक हम अपने बच्चों के लिए अच्छे स्कूल-कालेज नहीं तैयार करते। इसलिए मैं बहुत दिनों से अपनी बेहाल शिक्षा संस्थाओं पर लिखती आई हूं। जब भी ग्रामीण भारत के दौरों पर जाती हूं, तो प्रयास करती हूं हर गांव में पहले सरकारी स्कूल का हाल जानने की। सो यकीन मानिए आज तक मैंने एक भी सरकारी स्कूल नहीं देखा है जिसकी तुलना अच्छे निजी स्कूलों से की जा सकती हो। निजी स्कूलों में साफ-सुथरी कक्षाएं होती हैं, अध्यापक होते हैं जो एक विषय को पढ़ाने के लिए ही रखे जाते हैं। पुस्तकालय होते हैं, खेलकूद के मैदान होते हैं और आज के दौर में एआइ की मदद लेकर आधुनिक पढ़ाई होती है। क्या ऐसा सरकारी स्कूल देखा है आपने भारत में? होते ऐसे स्कूल, तो क्या नेता और आला अधिकारी अपने बच्चों को निजी स्कूलों में डालते?

जब शिक्षा की सीढ़ी की पहली पौड़ी ही इतनी कमजोर हो, तो आगे की सीढ़ी कैसे मजबूत हो सकती है? हमारी समस्या यह है कि राजनेताओं ने शुरू से शिक्षा की अहमियत नहीं समझी। नेहरूजी जब प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने उच्च शिक्षा पर ध्यान जरूर दिया, लेकिन यह भूल कर कि आइआइटी जैसी संस्थाओं में वही बच्चे पहुंच सकेंगे जिनकी अच्छे स्कूलों में पढ़ाई हुई हो। ऐसा ही हुआ है। कुछ मुट्ठी भर भारतीय बच्चे ही शिक्षा की सीढ़ी चढ़ पाए हैं ऊपर तक। अफसोस कि इनमें से कई लाख जो सबसे काबिल हैं, जल्दी भाग जाते हैं देश छोड़ कर किसी विकसित पश्चिमी देश में काम ढूंढ़ने। हाल यह है कि विदेशों से आकर जो डाक्टर काम कर रहे हैं अमेरिका में उनमें से बीस फीसद भारतीय मूल के हैं यानी बीस डाक्टरों में से एक भारतीय मूल का होता है. सिलिकान वैली में भी ज्यादातर जो विदेशी कंप्यूटर वैज्ञानिक हैं, वे भारत से ही गए हैं।

कहने का मतलब यह है मेरा कि हमारे बच्चों में दिमाग की कोई कमी नहीं है। अभाव है अगर किसी चीज का तो अच्छे शिक्षा संस्थानों का है। ऐसा हाल अचानक नहीं हुआ है। दशकों से हमारे विश्वविद्यालयों का हाल बदतर होता गया है इसलिए कि इन पर नियंत्रण रखते हैं नेता अपनी राजनीतिक जरूरतों के लिए, बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए नहीं। शिक्षा पर राजनेताओं का नियंत्रण मजबूत करने के लिए ही नरेंद्र मोदी के दौर में 2017 में राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी बनाई गई। यानी जो लाइसेंस राज पहले से ही था, शिक्षा क्षेत्र में उसको और भी अधिक मजबूत किया गया है।

आज जरूरत है इस लाइसेंस राज को समाप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में आजादी की ताजी हवा लाने की। हर राज्य को पूरा अधिकार होना चाहिए शिक्षा संस्थाओं को अपने तरीके से चलाने का बिना केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के। ऐसा जब होगा तो राज्यों में स्पर्धा शुरू हो जाएगी बेहतर शिक्षा संस्थाओं का निर्माण करने की। निजी तौर पर मैं मानती हूं कि राज्य सरकारों के हाथ में भी ये संस्थाएं नहीं होनी चाहिए। अमेरिका में आज अगर दुनिया की सबसे बढ़िया उच्च शिक्षा संस्थाएं हैं, तो इसलिए कि उनको पूरी आजादी है अपना काम अपने तरीकों से करने की। भारत में उल्टा हाल है। हर कदम पर मिलते हैं आपको अधिकारी या सरकारी नौकर जो सुधार होने नहीं देते हैं शिक्षा में। कुछ ऐसे हैं जो रिश्वत खाने के बाद हट जाते हैं रास्ते से, लेकिन कुछ ऐसे हैं जो रिश्वत लेने के बाद भी नहीं हटते हैं।

रही बात पेपर के लीक होने की, तो ऐसा इतनी बार हुआ है कि समझना मुश्किल है कि अभी तक इस गलत चलन को रोकने में सफल क्यों नहीं हुई है केंद्र सरकार? क्या इसलिए कि इस क्षेत्र में सुधार नाम की कोई चीज नहीं हुई है? ऐसा मेरा मानना है इसलिए कि मैंने वे दिन देखे हैं जब दूसरे देशों से भारत आया करते थे छात्र पढ़ाई करने, खासकर दक्षिण-पूर्वी एशिया से। अफसोस कि आज हमारे बच्चे जाते हैं चीन, सिंगापुर और मलेशिया शिक्षा हासिल करने। अफसोस कि इस क्षेत्र में ये देश हमसे बहुत आगे निकल गए हैं।

# व्यवस्था की नाकामी



## शिक्षा

**मणिमाला शर्मा**

> जिसने खुद तंत्र के हाथों आर्थिक और मानसिक शोषण झेला हो, वह डाक्टर बनने के बाद सबसे पहले अपनी उस पूंजी और उस प्रताड़ना का ब्याज वसूलने की कोशिश करेगा। यह चक्र देश के स्वास्थ्य ढांचे को पूरी तरह से संवेदनहीन, अनैतिक और व्यावसायिक बनाने की ओर धकेलेगा, जिसकी अंतिम परिणति गरीब मरीजों की मौत और बर्बादी में होगी।

देश में जब भी किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है, तो जांच के आदेश के बाद 'मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी' और 'दोबारा परीक्षा की तारीख' जैसी बातों के शोर-शराबे के पीछे एक ऐसा कड़वा सच छिप जाता है। नीट परीक्षा के इस अंतहीन तमाशे और बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक ने भारत में एक नए किस्म के पलायन को जन्म दे दिया है। अब तक देश का युवा डाक्टर बनने के बाद विदेश जाता था, लेकिन अब इस परीक्षा तंत्र से तंग आकर देश के मेधावी विद्यार्थी बारहवीं पास करते ही भारत छोड़ रहे हैं। वे एक अनिश्चित और भ्रष्ट दलदल में अपनी उम्र के कीमती साल बर्बाद नहीं करना चाहते। नीट का प्रश्नपत्र लीक होना सिर्फ एक परीक्षा का रद्द होना नहीं है, बल्कि यह देश के उस भरोसे का टूटना है, जो एक विद्यार्थी अपनी व्यवस्था पर करता है। देश के भीतर चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का दम भरने वाला शासन क्या इस कड़वे सच पर आत्ममंथन करने का साहस दिखाएगा कि उसने अपनी ही नई पीढ़ी को इस कदर बेगाना और विरक्त कर दिया है?

इस चौंकाने वाले पलायन, जनता के आक्रोश और व्यवस्था की गिरती साख को बचाने के लिए 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024' पूरे देश में लागू किया गया था। कागज पर यह कानून बेहद सख्त दिखाई देता है, लेकिन सत्ता के गलियारों में बैठे नीति-नियंताओं से यह पूछा जाना जरूरी है कि यह कानून लागू होने के बाद भी क्या परीक्षा माफिया और उन्हें राजनीतिक संरक्षण देने वालों में कोई वास्तविक खौफ पैदा हुआ है? क्या इस तथाकथित कड़े कानून के तहत अब तक किसी एक भी बड़े शिक्षा माफिया, सांठगांठ करने वाले शीर्ष अधिकारियों या प्रश्नपत्र बेचने वाले संगठित गिरोह के सरगना को ऐसी सजा मिली है, जो एक नजीर बन सके?

सच यह है कि जब तक कानून केवल फाइलों की शोभा बढ़ाते हैं, तब तक यह पूरी कवायद केवल एक प्रशासनिक दिखावे और जनता के गुस्से को शांत करने वाला 'प्रायोजित प्रबंधन' ही साबित होती है। परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित, आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट में 101 अत्यंत महत्त्वपूर्ण सिफारिशें की थीं। मगर विडंबना यह है कि उन सिफारिशों को ठंडे बस्ते के हवाले कर दिया गया। इस तरह की नीतिगत और प्रशासनिक विफलता की सबसे कारुणिक कीमत उस मध्यवर्गीय परिवार को चुकानी पड़ती है, जिसके जीवन का संघर्ष सत्ता के वातानुकूलित कमरों में बैठे हाकिमों को कभी नजर नहीं आता। उस घर की दहलीज पर कदम रखकर देखा जा सकता है, जहां बेटे या बेटी के कमरे की मेज पर अभी भी आधी खुली हुई किताबें, कलम और कापियां हैं, लेकिन आंखों के आगे पसरे घने अंधेरे के कारण पढ़ाई रुक चुकी है। उस मां के भीतर की चीख को सुनना चाहिए, जिसने अपने गहने गिरवी रखकर कोचिंग की मोटी फीस भरी थी और उस पिता के आंसुओं का हिसाब लगाना चाहिए, जिसने अपनी पुश्तैनी जमीन का एक टुकड़ा सिर्फ इसलिए बेच दिया, ताकि उसका बच्चा समाज में सिर उठाकर कह सके कि वह 'डाक्टर' बनने जा रहा है।

भारत का मेडिकल कोचिंग क्षेत्र स्कूलों को 'डमी' संस्थाओं में बदलकर एक समांतर, अनियंत्रित और शोषक व्यवस्था बन चुका है। ग्यारहवीं और बारहवीं की सामान्य, जीवंत स्कूली जिंदगी को खत्म करके हमने एक पूरी पीढ़ी के सामाजिक और मानसिक विकास की बलि चढ़ा दी है। हमने बच्चों को संवेदनशील इंसान बनाने के बजाय केवल एक 'बहुवैकल्पिक प्रश्नपत्र' को हल करने वाले और रैंक की अंधी दौड़ में दौड़ने वाले रोबोट में तब्दील कर दिया है। सबसे ज्यादा मार उन गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि की मेधावी छात्राओं पर पड़ती है, जिनकी पढ़ाई रुकने का मतलब सिर्फ एक साल का नुकसान नहीं, बल्कि सामाजिक दबाव में उनकी शादी कर दिए जाने या उनके सपनों का हमेशा के लिए दफन हो जाना होता है।

अगर ऐसा ही चलता रहा, तो वे दिन दूर नहीं, जब इस पूरे संकट का सबसे भयावह, आत्मघाती और दूरगामी असर देश की भावी चिकित्सा व्यवस्था की गुणवत्ता और जन-स्वास्थ्य पर पड़ेगा। जो विद्यार्थी इस मानसिक आघात, व्यवस्था के प्रति उपजे गहरे आक्रोश, अवसाद और 'बिकाऊ तंत्र' के साए में चिकित्सा की पढ़ाई शुरू करेगा, वह भविष्य में मरीजों के प्रति अपना कैसा दृष्टिकोण रखेगा? जब एक पूरी पीढ़ी यह सीखकर बड़ी होगी कि रसूख, पैसा और पहुंच ही अंतिम सत्य हैं, तो उस डाक्टर से एक 'सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील मसीहा' बनने की उम्मीद करना ही बेमानी है। जिसने खुद तंत्र के हाथों आर्थिक और मानसिक शोषण झेला हो, वह डाक्टर बनने के बाद सबसे पहले अपनी उस पूंजी और उस प्रताड़ना का ब्याज वसूलने की कोशिश करेगा। यह चक्र देश के स्वास्थ्य ढांचे को पूरी तरह से संवेदनहीन, अनैतिक और व्यावसायिक बनाने की ओर धकेलेगा, जिसकी अंतिम परिणति गरीब मरीजों की मौत और बर्बादी में होगी। यह ढांचा अपने आप में गहरी क्षेत्रीय और आर्थिक असमानता पैदा करता है। अमीर और साधन संपन्न परिवारों के बच्चे महंगे कोचिंग संस्थानों में पढ़कर मुकाम हासिल कर लेते हैं, जबकि ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि का मेधावी विद्यार्थी शुरुआत से ही इस दौड़ में पिछड़ जाता है।

इसलिए समाधान भी अब सतही या तात्कालिक नहीं हो सकते। असली काम परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अभेद्य बनाना है। एक ही परीक्षा पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए साल में अनेक प्रयास और बारहवीं के अंकों के वैकल्पिक मूल्यांकन जैसे विकल्पों पर नीतिगत स्तर पर गंभीरता से विचार करना होगा। साथ ही, राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी को वर्तमान ढांचे से मुक्त कर संसद के अधीन एक स्वायत्त और पूरी तरह जवाबदेह संस्था बनाना होगा, जैसा कि देश के कई शिक्षाविद मांग कर रहे हैं। आज असली परीक्षा इस देश को चलाने वाले शासकों की साख, नीयत और उनके इकबाल की है। जिस समाज में शिक्षा और न्याय केवल एक औपचारिकता बन जाएं, वहां देश का भविष्य केवल एक संयोग बनकर रह जाता है, कोई गौरवशाली नियति नहीं।

# नाउम्मीदी बढ़ गई है इस कदर



## बाखबर

**सुधीश पचौरी**

> प्रधानमंत्री ने मेलोनी को दी 'मेलोडी' चाकलेट और चैनलों ने इसे ऐसा उठाया कि वीडियो सुर्खियों में आ गया। इससे पहले नार्वे में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संवाददाता सम्मेलन से जाने लगे, तो एक पत्रकार ने भारत में मीडिया की स्वतंत्रता पर कुछ कहा!

तापमान बढ़ा, विपक्ष का पारा चढ़ा- शिक्षा मंत्री को हटाओ... शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें... 'नीट' में गड़बड़ी... लीक में प्रोफेसर शामिल..! फिर एक खबर- 'सीएनजी के दाम तीन रुपए बढ़े।' और विपक्ष का विरोध शुरू- ये वसूली है... किश्तों में वसूली! लेकिन माडल और अभिनेत्री त्विषा की हत्या/आत्महत्या की सनसनीखेज कहानी चलती रही। चैनल दर चैनल त्विषा के पिता रोते रहे कि हमारी कोई सुनने वाला नहीं... चार दिन से धरने पर, लेकिन कोई सुनता नहीं... ये ताकतवर लोग हैं... सब मिले हुए हैं... हमारी मांग है कि दूसरा पोस्टमार्टम हो... पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कमियां... मृतका त्विषा के गले पर खून के निशान... शरीर पर चोट... मुकदमा दिल्ली स्थानांतरित हो... हमें न्याय मिले!

त्विषा का पति समर अग्रिम जमानत पर और अग्रिम जमानत पर सास का मीडिया पर त्विषा के खिलाफ एक प्रकार का मीडिया ट्रायल' जारी कि त्विषा नशा करती थी... वह मनोरोगी थी... कि उसने गर्भपात कराया..! त्विषा की बहन रो-रोकर न्याय की मांग करती रही, लेकिन कुछ हासिल नहीं। फिर एक दिन खबर कि हाईकोर्ट ने दोबारा पोस्टमार्टम की अपील नहीं मानी। एक चैनल ने मुकदमे को गोद लिया और अपने शो में पिता को बिठाकर आश्वस्त किया कि आप हमें एक अपील दें, हम सुप्रीम कोर्ट को कल सुबह देंगे और हम चाहेंगे कि गिरिबाला की अग्रिम जमानत निरस्त हो... कोशिश करेंगे कि मुकदमा सुप्रीम कोर्ट देखे। हमारे दर्शक और हमारा चैनल आपको न्याय दिलवाकर रहेगा..!

वकील पर वकील बहस कर चुके। वकीलों के भी दो धड़े बन गए। एक कहता कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में कमियां... फिर भी रिपोर्ट के खुलासे कि गर्दन पर खून के निशान... कई जगह चोट कि जिस बेल्ट से लटकी, वह जमा नहीं की गई। दूसरा पोस्टमार्टम जल्दी हो, वरना शव के खराब होने का खतरा। दूसरा पक्ष कहता कि समर और गिरिबाला का मीडिया ट्रायल किया जा रहा है..! चैनलों ने मुद्दे को तूल तो दिया है, लेकिन मीडिया में हर मुद्दा एक हद के बाद अपनी मौत मर जाता है। क्या इसके साथ भी यही होने वाला है? आगे-आगे देखिए होता है क्या!

सत्ता ग्रहण के पहले दो सप्ताह में ही बंगाल के भाजपा मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कुछ ताबड़तोड़ फैसले बंगाल को सुर्खियों में रखे हुए हैं। 'चिकेन नेक' की जमीन को बीएसएफ को देना, बांग्लादेश की सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन देना... गोकशी पर प्रतिबंध, मंदिर-मस्जिदों आदि से लाउडस्पीकर के शोर की सीमा तय... स्कूलों-मदरसों मे 'वंदे मातरम्' का गान अनिवार्य। कई विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाएं कि अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों का दमन किया जा रहा है।

इस बीच तमिलनाडु से एक बार फिर सनातन के प्रति नफरत की बरसात हुई। एक ने 'सनातन को नष्ट करने' की पुरानी बात दोहराकर खबर बनाई, तो दूसरे नेता ने इसे दोहरा कर नफरत को आगे बढ़ाया। फिर एक दिन तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में आरोपी 'एलटीटीई' के चीफ दिवंगत प्रभाकरण की याद में एक्स पर पोस्ट लिखा, तो भाजपा ने कटाक्ष किया कि इस पर कांग्रेस चुप क्यों... क्या सत्ता के लिए कोई कुछ भी सहेगा..! लेकिन जैसी मजेदार खबरें इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से भारत के प्रधानमंत्री की मुलाकात ने बनाई, वैसी उनकी नार्वे या स्वीडन या अरब यात्रा ने न बनाई! प्रधानमंत्री ने मेलोनी को दी 'मेलोडी' चाकलेट और चैनलों ने इसे ऐसा उठाया कि वीडियो सुर्खियों में आ गया। एक से एक टिप्पणियां आती दिखीं।

इससे पहले नार्वे में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संवाददाता सम्मेलन से जाने लगे, तो अचानक एक पत्रकार हेली ने भारत में मीडिया की स्वतंत्रता पर कुछ कहा, तो प्रधानमंत्री उसे अनसुना करते निकल गए। यहां के कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे मुद्दा बना लिया और कहने लगे कि देखा, प्रधानमंत्री डर गए और भाग गए... प्रधानमंत्री ने आज तक कोई संवाददाता सम्मेलन नहीं किया। एक सत्ता प्रवक्ता कहिन कि यह चीन प्रेरित था... एक एंकर कहिन कि यहां तो लोग कुछ भी बोलते रहते हैं, लेकिन क्या किसी को बोलने से रोका गया! एक और एंकर कहिन कि विदेश में हमारी बेइज्जती हो, तो हमारे यहां कुछ लोग परम सुखी..।

इसके बाद फिर बरसे कुछ 'आत्मीय सुभाषित' कि ये कहीं भी चला जाता है... देखना दो-तीन महीने में पता लग जाएगा... बवंडर... वो कहेगा मेरी गलती नहीं... बता रहा हूं कि ये एक महीने के अंदर रोएगा... संविधान में सबका खून है... हमें बचाता है..! यह तो सर जी 'दाग' वाली बात हो गई कि 'रंज की जब गुफ्तगू होने लगी...आप से तुम, तुम से तू होने लगी../ नाउम्मीदी बढ़ गई है इस कदर, आरजू की आरजू होने लगी!'

जनसत्ता सरोकार

साहित्य

तीन

जनसत्ता | 24 मई, 2026

# सुक्खो देवी की अकेली रात

कहानी

प्रिया राणा

सुक्खो देवी पूरा दिन कमरे में अकेले अपना समय बिताती है। पति को मरे पांच वर्ष पूरे हो चुके हैं। जब तक पति जीवित था, तब तक उसे कभी लगा ही नहीं कि जीवन का खालीपन क्या होता है। पति नहीं है तो तीन बेटों-बहुओं और सात पोते-पोतियों से भरे परिवार में भी खालीपन आकाश जितना लगता है। तीज-त्योहारों में पहले जहां सुक्खो से बिना पूछे विधान भी शुरू न किए जाते थे, वहीं आज बड़े पोते के विवाह पर कहा जा रहा, 'अरे छोड़ो! बुढ़िया को कुछ पता नहीं!'

बूढ़ी सुक्खो उपेक्षित बैठी कमरे के अधखुले दरवाजे से विवाह के आयोजनों की तैयारी देखती रहती। पोते के विवाह में अब एक दिन शेष है। आज बूढ़ा बाबू (पितृ देव) की पूजा होनी है। उसकी ननद जो विधवा होने के उपरांत इसी घर में रह गई थी, भागकर आई और बोली, 'भाभी!' 'हां, चंदा! क्या हुआ? बोल!' 'भाभी! वह लड़की, जो पूजा का खाना पका रही थी, जल गई! कड़ाही में ज्यों ही पूरी तलने को डाली तुरंत उछल-उछल गई और गर्म तेल की छींटें उसके चेहरे पर जा पड़े। बेचारी का चेहरा जगह-जगह से जल गया है।'

'हे भगवान! मेरे दाता, कैसी लुगाइयां हैं ये? खुद कुछ न आता था तो इस बूढ़ी से पूछ लेतीं। कैसी अनहोनी करा दी मेरे पोते के ब्याह में।' 'ए चंदा, मुझसे न पूछा कोई बात नहीं, क्या तू नहीं जानती थी कि बूढ़ा बाबू की पूजा केवल घर की बहुएं करती हैं। यहां तक कि खाना पकाने और चढ़ावे का सारा कार्य भी स्वयं करना पड़ता है। घर से बाहर की कोई भी कुंवारी लड़की न तो इस पूजा को देख सकती है और न ही खाना पकाने में कोई मदद कर सकती है। शुक्र है भगवान का कि अभी मुसीबत यहीं टल गई। न जाने फिर कौन बड़ी अनहोनी छुप कर कहां बैठी हो।' सुक्खो परेशान भाव से कहती है। 'हां भाभी! कह तो तुम सही रही हो, अब चलो, तुम ही चलो, वरना देर हो जाएगी।'

'कमला, विमला कोई सी बहू कुछ नहीं जानती इस पूजा के बारे में। शुभा बहू कुछ-कुछ जानती है, लेकिन कहती है कि मेरे मायके में तो आज के दिन मीरा माता की पूजा होती है सो बूढ़ा बाबू पूजना नहीं आता।' चंदा की बात सुनकर सुक्खो घबराकर बोली, 'हे मेरे भगवान! जल्दी चल चंदा, इन बहुओं का न पता। कहीं मीरा माता ही न पूज डालें और बूढ़े बाबू का कहर फिर कोई दूसरी अनहोनी ही न कर डाले।' सुक्खो देवी तुरंत, अपनी साड़ी समेटती-संभालती घर के पूजा स्थान पर पहुंची। उसको देखकर घर की बहुएं अपना सा मुंह लटकाए जो-जो सुक्खो कहती, करती गईं।

अगला दिन ब्याह का है। आज सब अपने-अपने में व्यस्त दिखाई पड़ते हैं। कोई पार्लर तो कोई बालों में डाई लगवाने गया है। सुक्खो की आज किसी को भी परवाह नहीं है। ऐसे में उसका दिमाग नई-नई संभावनाओं के सपने संजोने लगा है। सुक्खो सोचने लगी, आज उसके बड़े पोते का ब्याह है। घर में नई बहू आएगी। वही कुछ हाल-चाल पूछने आने लगे। नई बहू को मैं बहुत



**सुक्खो ने बाजार जाकर कभी कुछ नहीं खरीदा था। उसकी सास, बहू को पर्दे में देखने की आदी थी। जो चाहिए होता, वही घर में लाकर सुक्खो को दे देती थी।**

प्यार करूंगी, वह मुझे बहुत सम्मान देगी, मेरे पैर छुएगी, मैं प्यार भरा हाथ उसके सिर पर रखूंगी, उसे ढेरों आशीर्वाद दूंगी और कहूंगी, दूधो नहाओ पूतो फलो! फिर एक दिन जब वह मेरा पड़पोता या पोती पैदा करेगी, तब मैं उन्हें खूब खिलाऊंगी। बुढ़ापा उसके बच्चों को लाड़-प्यार करके काटूंगी।

तभी कुछ सोच कर सुक्खो उठी और अलमारी से एक सुंदर साड़ी निकालकर लाई। उसके पति ने पांच वर्ष पहले ठीक मरने से एक महीने पहले ही यह साड़ी उसे दी थी। हल्के पीले रंग की यह साड़ी देखकर उसने पसंद न आने की बात कही थी, लेकिन आज यही साड़ी उसे दुनिया की सबसे खूबसूरत साड़ी लग रही है। सुक्खो के पति के मरने के बाद, तीन बेटों और बहुओं में से कभी किसी ने उसे आज तक कोई नया कपड़ा-लत्ता नहीं दिलवाया था। पोते के विवाह से एक हफ्ते पहले मंझला बेटा कुछ पैसे सुक्खो को यह कहकर दे गया था कि मां इसकी कोई बढ़िया-सी साड़ी खरीद लाना निखिल के विवाह के लिए! किंतु उसने यह न बताया कि साड़ी किसके साथ जाकर खरीदनी है? कौन उसके साथ बाजार जाएगा? सुक्खो ने बाजार जाकर कभी कुछ नहीं खरीदा था। कारण था कि उसकी सास, बहू को पर्दे में देखने की आदी थी। जो चाहिए होता, वही घर में लाकर सुक्खो को दे दिया करती थी। अकेले बाहर जाने का आत्मविश्वास उसे अब तक नहीं आया था। खैर! उसने नई साड़ी तो खरीदी नहीं, लेकिन यह पीली साड़ी भी उसे इस वक्त खूब लुभावनी लग रही है। सुक्खो जब वह साड़ी पहनकर तैयार हो रही थी, तभी अचानक उसका ध्यान अपने चेहरे पर की झुर्रियों पर गया। विधवा न होती तो लिपस्टिक, बिंदी लगाकर चेहरा थोड़ा ठीक-ठाक कर लेती। इतना सोचते-सोचते उसकी नजर उसके हाथों की ढीली पड़ी और लटकती खाल पर भी चली गई। तभी उसकी छोटी पोती मिट्टू ने आकर कहा, 'दादी चलो, बड़े भैया के लिए घोड़ी आ गई है, सब आपका इंतजार कर रहे हैं।' ' मिट्टू देख तो जरा, मेरे हाथों की खाल कैसी चुड़ रही है। अब तो मैं बुढ़िया हो गई हूं बिल्कुल! देख तो जरा मैं कैसी लग रही हूं? लाल बिंदी लगा लूं?' मिट्टू ने कहा, 'लगा लो आपको कौन देख रहा है?' सुक्खो सोचने लगी, 'हां, सचमुच! कौन ही मुझे देखेगा?' सुक्खो अपनी एक और धरोहर अलमारी के किसी कोने से निकालती है। पांच वर्षों के बाद निकाली अपनी पुरानी पड़ी टिकुली को अनामिका अंगुली से माथे पर चिपका लिया। पोते निखिल का विवाह संपन्न हुआ, एक और बहू घर आई। पोते के ब्याह के सालभर के अंदर ही वह दादी से परदादी भी बनी, लेकिन यह साल भी विगत के खाली वर्षों की भांति ही खाली रहा।

पूरे दिन का खालीपन अब रातों को भी उसकी नींद में खलल उत्पन्न करने लगा था। अकेले कमरे में बिस्तर से उठकर कमरे में चक्कर लगाते रहना, पोते के कमरे से नवजात की रोने की आवाज सुनते रहना, क्योंकि गोद में तो वह उसे केवल एक दिन ही ले पाई थी और उस दिन भी पुचकारना शुरू किया ही था कि नई बहू ने तुरंत उसके हाथों से यह कहकर वापस ले लिया था, 'दादी आपके हाथ कांप रहे हैं, आपसे कहीं छूट न जाए।' तेरह-चौदह लोगों के परिवार में अब तो सुक्खो को जीवन से प्यारी मौत लगने लगी थी। एक प्रकार का अवसाद उसे निरंतर घेरता जा रहा था। वह अब पहले से शांत हो चुकी थी। अब तो उसे उसके उपेक्षित रह जाने का दुख भी न रहा था। अवसाद के कारण दिल के रोग पहले ही लग गए थे, सो सुक्खो को दिल का दौरा आया। सब उसे अस्पताल लेकर भागे, लेकिन वह बच न सकी। रात आठ बजे उसके प्राण निकले। अस्पताल वालों ने कहा कि पार्थिव शरीर सुबह दस बजे मिलेगा, तब तक आप लोग घर जाएं। सब लोग वापस घर आ गए। सुक्खो पूरी रात अकेली अस्पताल की मोर्चरी में पड़ी रही। मरने से पहले वह कभी भी घर के बाहर अकेली नहीं ठहरी थी। यह पहला मौका था, जब उसने पूरी रात बिना परिवार के अस्पताल के शवगृह में गुजारी थी।

समय सूचक

# इतिहास को पार करवाता पुल

जनसत्ता सरोकार

'पुल पार करने से पुल पार होता है, नदी पार नहीं होती।' नरेश सक्सेना की इन पंक्तियों को लेकर अगर आप कोलकाता में प्रवेश करेंगे तो लगेगा कि पुल से आपने दो सदियों के इतिहास को पार कर लिया है। पुराने या नए शहर को पार कर लिया है। इंसानी आबादी की वर्गीय खाई को पार कर लिया है। सभ्यता के विकास में पुलों की अपनी खास जगह रही है। जहां पर भी खाई, ऊंचाई, नदी, समुद्र, पहाड़ के कारण सीधी सड़क ने जाने से इनकार किया, वहीं सड़कों से कदमताल करने के लिए पुल बनाए गए। भारत में ऐसे कई पुल हैं, जिन्होंने औपनिवेशिक काल के निर्माण से लेकर आधुनिक भारत में पुनर्निर्माण देखा है। ऐसा ही एक ऐतिहासिक पुल है रवींद्र सेतु जो आज भी हावड़ा ब्रिज के नाम से लोकप्रिय है।



रवींद्र सेतु उर्फ हावड़ा ब्रिज

ब्रितानी हुकूमत ने कोलकाता को अपने शासन के लिए राजधानी बनाया तो उन्हें हुगली नदी पर एक पुल बनाने की जरूरत महसूस हुई। हालांकि शुरुआत में ब्रितानी इंजीनियरों ने हुगली पर पुल बनाने को अति मुश्किल और महंगा बताया। इसके बाद 1870 में कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट की स्थापना हुई, जिसके तहत पोर्ट कमिश्नर्स को पुल बनाने का अधिकार मिला। 12 अक्तूबर 1874 को 465 मीटर लंबे इस पुल को यातायात के लिए खोला गया। सर ब्रैडफोर्ड लेसिली के साथ करार हुआ। पुल के भाग इंग्लैंड में बने और कोलकाता में लाकर जोड़े गए। यातायात के बढ़ते बोझ के कारण 1905 में नया पुल बनाने पर विचार हुआ। 1921 में आरएन मुखर्जी की अगुआई में इसके लिए एक समिति बनी और 1926 में न्यू हावड़ा ब्रिज एक्ट पास हुआ। नया हावड़ा पुल 1942 में बन कर तैयार हुआ। विश्वयुद्ध के संकटों के कारण तीन फरवरी 1943 को बिना किसी औपचारिक उद्घाटन के इसकी शुरुआत हुई। 14 जून 1965 को इसका नाम रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि स्वरूप रवींद्र सेतु रखा गया।

# गिल्ली-डंडा

बाल कथा

गोविंद भारद्वाज

लाली मोहल्ले भर में बड़ी होनहार लड़की थी। लाल कपड़े पहनना उसे बहुत पसंद था, इसलिए सब उसे लाली कहते थे। उसके आस-पड़ोस में मंजीत, रौनक, छुटकी और जयदीप भी रहते थे। उम्र में ये सब उससे थोड़े ही छोटे थे, लेकिन खेलते हमेशा साथ-साथ।

एक दिन वह हिंदी का पाठ पढ़ रही थी। पाठ का नाम था, 'हमारे परंपरागत खेल'। पाठ पढ़ते समय लाली के मन में विचार आया कि बच्चे अपने देश के प्राचीन और उपयोगी खेलों को भूलते जा रहे हैं। वह मन ही मन बुदबुदाई, 'अब मैं अपने देश के पुराने खेल भी खेला करूंगी।'

शाम को जब उसके साथी घर आए तो उसने कहा, 'देखो भई! अब हम क्रिकेट, फुटबाल और टेनिस जैसे खेल, खेलना छोड़ देते हैं। ' ये क्या कह रही है लाली, खेलना कोई भला छोड़ता है क्या?' मंजीत ने आश्चर्य से पूछा। 'अरे बुद्धू! खेल बंद करने के लिए कौन पागल कह रहा है। मैं तो सिर्फ देसी खेल की बात कर रही हूं।' लाली ने कहा। इस पर छुटकी बोली, 'दीदी, ये खेल तो सब लोग खेलते हैं। टीवी पर मैंने देखा भी है, लेकिन तुम कौन सा खेल खेलना पसंद करोगी?' 'छुटकी जो खेल हमारे बुजुर्ग खेलते थे जैसे खो-खो, कबड्डी, गिल्ली-डंडा, आइस-पाइस और लट्टू खेलना।' लाली ने बताया।

'अरे हां, मेरी दादी बताती हैं। चलो आज ही कुछ खेलते हैं।' रौनक ने उछलते हुए कहा। अचानक जयदीप बोला, 'गिल्ली-डंडा बड़ा मस्त खेल है। मैंने एक कहानी में पढ़ा था।' लाली उन सब को साथ लेकर लकड़ी के सामान की दुकान पर गई। 'अरे लाली, तुम यहां?' दुकानदार ने लाली से पूछा। 'चाचाजी आप मेरे लिए एक चीज बना देंगे?' लाली ने पूछा। दरअसल पिछले दिनों लाली के मकान में यही चाचाजी फर्नीचर का काम करके गए थे। 'बोलो बेटी।' उन्होंने पूछा। 'आप मेरे लिए गिल्ली-डंडा बना दो।' लाली ने तपाक से कहा। 'तुम तो कह रही थी कि एक चीज बना देना...और अब कह रही हो दो चीजें बना देना।' चाचाजी ने मुस्कुराते हुए कहा। वह शर्माते हुए बोली, 'एक ही तो है।' 'गिल्ली एक और डंडा दूजी...हुईं न दो चीजें।' चाचाजी खिलखिलाकर हंस पड़े।

फिर चाचाजी ने तुरंत एक जोड़ी गिल्ली-डंडा तैयार कर दिए। 'लो लाली बिटिया।' चाचाजी ने उसके हाथों में थमाते हुए कहा। 'कितने पैसे हुए?' लाली ने अपनी जेब से दस का नोट निकालते हुए पूछा।

चाचाजी ने उससे लाड़ लड़ाते हुए कहा, 'मैं अपने दोस्त की प्यारी बिटिया से भला पैसे कैसे लूंगा। जाओ खेलो।' 'हुर्रे...चलो खेलते हैं।' जयदीप ने कूदते हुए कहा।

लाली ने अपने दोस्तों के साथ मोहल्ले से कुछ दूर खुली जगह में गिल्ली-डंडा खेलना शुरू किया। खेलने के साथ-साथ वह सबको गिल्ली-डंडा के नियम और कायदे भी बता रही थी। उसने सबको सामने खड़ा किया और गिल्ली की तीखी नोक पर जोरदार डंडा मारा। गिल्ली उछल कर इतनी दूर गई कि किसी को दिखाई नहीं पड़ी। सब ढूंढ़ने में लग गए। रौनक गिल्ली को ढूंढ़ने के लिए एक टेकरी के पीछे चला गया। उस टेकरी के पीछे एक आदमी जमीन में कुछ छुपा रहा था। रौनक पहले तो गौर से सब कुछ छुपकर देखता रहा। फिर चुपचाप आ गया। 'गिल्ली मिली क्या रौनक?' छुटकी ने पूछा। 'गिल्ली तो नहीं मिली, लेकिन जासूस बनने का मौका जरूर मिल गया।' रौनक ने गंभीरता से कहा। 'जासूस बनने का। मैं कुछ समझी नहीं।' लाली ने कहा। रौनक ने उस संदिग्ध व्यक्ति के बारे में अपने दोस्तों को बता दिया।

लाली बोली, 'चलो अपने मोहल्ले वालों को बताते हैं।' 'मोहल्ले वालों को नहीं। सीधे पुलिस स्टेशन चलते हैं।' रौनक ने तुरंत कहा। 'वहां हम बच्चों की बात कौन सुनेगा?' जयदीप



**शाम को जब उसके साथी घर आए तो उसने कहा, 'देखो भई! अब हम क्रिकेट, फुटबाल और टेनिस जैसे खेल, खेलना छोड़ देते हैं। ' ये क्या कह रही है लाली, खेलना कोई भला छोड़ता है क्या?' मंजीत ने आश्चर्य से पूछा। 'अरे बुद्धू! खेल बंद करने के लिए कौन पागल कह रहा है। मैं तो सिर्फ देसी खेल की बात कर रही हूं।'**

ने पूछा। 'सुनेंगे मेरे दोस्त। वहां मेरे दूर के रिश्ते के चाचा हैं। वो भी थानेदार।' रौनक ने कहा। 'थानेदार यानी इंस्पेक्टर।' छुटकी बोली।

वे सब पुलिस स्टेशन पहुंच गए। रौनक के इंस्पेक्टर चाचा मिल गए। उसने उन्हें अपने आने का कारण खुलकर बता दिया। इंस्पेक्टर चाचा अपनी टीम के साथ जीप में बच्चों को बैठाकर उस टेकरी की ओर रवाना हो गए। रौनक ने टेकरी पर वह जगह बताई, जहां वह आदमी कुछ छुपा रहा था। पुलिस ने वहां एक गड्ढा होने की आशंका जताई। फिर वहां खुदाई की गई। गड्डे के अंदर से जो निकला, उसे देखकर सबके पैरों तले जमीन खिसक गई।

पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा, 'रौनक बेटा, वह व्यक्ति कोई और नहीं आतंकवादी था। उसने बम बनाने की सामग्री यहां छुपाई है। तुमलोगों की समझदारी के कारण यह जखीरा पकड़ा गया है। हम जल्द ही उस आतंकवादी और उसके पीछे और भी आतंकियों को ढूंढ़ निकालेंगे। अभी हम तुमलोगों को घर छोड़ देते हैं। और हां बच्चो, तुमलोग अपने अन्य दोस्तों को इसके बारे में कुछ मत बताना। अभी हमें बहुत कुछ करना है।' 'ठीक है चाचा...।' रौनक, लाली, छुटकी और जयदीप ने एक स्वर में कहा। छुटकी बोली, 'हमारी गिल्ली तो मिली भी नहीं।'

'मैं लाऊंगा तुम सबके लिए नया गिल्ली-डंडा।' इंस्पेक्टर चाचा ने छुटकी को जीप में बैठाते हुए कहा। सब बच्चे हंसने लगे।

# आधुनिकता के नए अध्याय

जनसत्ता सरोकार

निहारिका फेसबुक पर अति सक्रिय है। वह खुद को नारीवादी भी कहती है। शायद कथित नारीवादी बोझ के तहत ही किसी महिला से मिलने के बाद इस तरह के वक्तव्यों के साथ पोस्ट करती है कि इनसे मिल कर बहन जैसा लगा। किसी सामान्य जानकार महिला के यहां किसी कार्यक्रम में जाने पर बताती है कि हमारा सात जन्मों का बंधन है।

फिर उसी महिला से जरा सा मनमुटाव होने के बाद वह सोशल मीडिया पर शिकायतों की भरमार भी लगा देती है। सात जन्मों का रिश्ता इतना बेमानी हो जाता है कि निजी व भावुक क्षणों में की गई बातचीत का 'स्क्रीन शाट' साझा करना शुरू कर देती है। कुछ ही देर में उस स्क्रीन शाट पर पंचायत बैठ जाती है। आधे लोग इधर, आधे लोग उधर और बाकी किसी भी तरफ के नहीं होकर अपनी-अपनी राय देने लगते हैं।

हिंदी के क्षेत्र में 'स्क्रीन शाट' की अदालत देख कर यही लगता है कि अभी तक हिंदी साहित्य का बड़ा तबका इतनी पुरानी तकनीक को लेकर परिपक्व नहीं हो पाया है। लगता है कि इन्हें सोशल मीडिया पर भावनात्मक प्रबंधन करना आता ही



मार्गदर्शन

नहीं। एक मशहूर उक्ति है-

दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे
जब कभी हम दोस्त बन जाएं तो शर्मिंदा न हों

सोशल मीडिया पर त्वरित टिप्पणी की हड़बड़ी सबसे पहले इसी जगह को खत्म कर देती है। पहले तो आप किसी की इतनी तारीफ कर देते हैं कि तारीफ शब्द कह दे-मेरा तो यह भावार्थ नहीं होता। दूसरी तरफ जरा सी नाराजगी पर आप उनकी उन बातों को भी सोशल मीडिया पर ला देते हैं जो उन्होंने आपको एक गंभीर इंसान जान कर बताई हो। उस वक्त बताने वाले को अंदाजा भी नहीं होगा कि कुछ दिनों के ही अंदर उसका भरोसा 'स्क्रीन शाट' के रूप में बांटा और अग्रेषित किया जा रहा होगा।

कुछ दिनों पहले मशहूर अदाकार मरहूम इरफान के बेटे बाबिल ने बालीवुड को धिक्कारते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाल दी थी। उस पोस्ट से हुए खमियाजे के बाद उन्होंने वो वीडियो हटा दी थी। लेकिन इस घटना के बाद बाबिल के बहुत से दोस्तों ने शायद उन पर भरोसा करना छोड़ दिया होगा। उन्हें डर लगता होगा कि पता नहीं, यह भावनात्मक रूप से बेकाबू होकर सोशल मीडिया पर किसी को कुछ बोल दे। बाबिल तो अभी युवा हैं, जो इस स्थिति से उबर गए। लेकिन परिपक्वता की उम्र में वजनी हो जाने के बाद भी मशहूर साहित्यकार, कलाकार, सामाजिक प्रभावकर्ता भावानात्क प्रबंधन में नाकाम दिखते हैं तो इसकी वजह क्या हो सकती है? एक वजह तो यह भी हो सकती है कि आधुनिकता एक बहुआयामी भाव है। आप किसी आधुनिक यंत्र को बस इस्तेमाल करने लगते हैं, उसके हिसाब से बने नए अध्यायों के अध्ययन में रुचि नहीं रखते। सोशल मीडिया के भी कई सदाचार हैं तो कदाचार भी हैं। हमें अभी भी लगता है कि हमने 'डिलीट' कर दिया और बात खत्म। आपका हर 'डिलीट' आपके अपरिपक्व व्यक्तित्व की पहचान है।

# मैम्लियस : शक से उपजा शोक

जनसत्ता सरोकार

'सर्दी के लिए भूत-प्रेत की कहानी सबसे अच्छी होती है।' यह संवाद है विलियम शेक्सपियर के बाल किरदार मैम्लियस का। मैम्लियस एक मासूम बच्चा है, जो थोड़ी देर के लिए भी मंच पर आता है तो सभी का दिल जीत लेता है। विलियम शेक्सपियर ने अपने अंतिम दौर में जो नाटक लिखे, उनमें 'द विंटर्स टेल' में एक ऐसी कहानी है, जिसका अंत दुखांत होता है।

शेक्सपियर अपने नाटकों में इंसान की कमजोरियों को उजागर करने में उस्ताद रहे हैं। इंसान के स्याह पक्ष को दिखाने वाले उनके कई किरदार कालजयी हुए। इनमें से एक सबसे बड़ा स्याह पक्ष है इंसानों में शक का भाव। मैम्लियस जैसे मासूम बच्चे का किरदार यही संदेश देता है कि माता-पिता के बीच शक या दुश्मनी के भावों का खमियाजा उनकी संतानों को भुगतना पड़ता है।

मैम्लियस सिसली के राजा लियोंट्स और रानी हर्माइनी का इकलौता बेटा है। बुद्धिमान और चंचल राजकुमार को सभी बहुत पसंद करते हैं। राजा-रानी अपने राजकुमार को जान से भी ज्यादा प्यार करते हैं। लेकिन एक समय ऐसा आता है जब लियोंट्स अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करने लगता है। राजा मैम्लियस में अपनी छवि को देख कर आश्वस्त होना चाहता है कि वह उसका ही बेटा है। राजा-रानी के

अमर किरदार



**शेक्सपियर अपने नाटकों में इंसान की कमजोरियों को उजागर करने में उस्ताद रहे हैं। इंसान के स्याह पक्ष को दिखाने वाले उनके कई किरदार कालजयी हुए। इनमें से एक सबसे बड़ा स्याह पक्ष है इंसानों में शक का भाव।**

रिश्ते में मैम्लियस धूप-छांव सा काम करता है। तभी रानी गर्भवती होती है और लियोंट्स उस पर बेवफाई का आरोप लगा कर उसे कैद में डाल देता है। अपने पिता का यह रूप और मां से जुदाई के कारण मैम्लियस का नाजुक दिमाग सदमे में चला जाता है। जब अदालत में रानी पर बेवफाई का मुकदमा चल रहा होता है, तभी खबर आती है कि सदमे से हुई बीमारी के कारण मैम्लियस की मौत हो गई है। अपनी अदालत में चल रहे मुकदमे के बीच यह हस्र देख कर लियोंट्स को अहसास हो जाता है कि वह रानी पर अत्याचार कर रहा था। ईश्वर की अदालत में उसके अत्याचार की सजा के रूप में बेटे को मौत दी गई ताकि वह ताउम्र पश्चाताप में रहे।

कुछ आलोचक 'द विंटर्स टेल' के इस नन्हे किरदार को विलियम शेक्सपियर की निजी जिंदगी से जोड़ कर देखते हैं। आलोचक मैम्लियस में शेक्सपियर के अपने बेटे हैमनेट की छवि देखते हैं। शेक्सपियर के इकलौते बेटे हैमनेट की मौत 1596 में महज 11 साल की उम्र में हो गई थी। शेक्सपियर को अपने बेटे की मौत का गहरा संताप और पछतावा रहा था। हालांकि, 'विंटर्स टेल' की रचना शेक्सपियर ने 1610-11 में की थी। इतने अंतराल के बाद जब शेक्सपियर ने एक चुलबुले बाल किरदार को उतारा तो उसे एक दुखांत दिया। हैमनेट शेक्सपियर की जिंदगी में मात्र 11 साल रहा, लेकिन उन पर अपनी ऐसी छाप छोड़ गया, जिसकी छवि वे अपने नाटक में उतारने पर मजबूर हुए। पति-पत्नी के बीच किसी भी तरह के टकराव, दुर्भावना का पहला शिकार उनकी संतति होती है। मैम्लियस का नन्हा किरदार दुनिया भर के दंपतियों को गहरा संदेश देता है।

# विवेक का ठौर

विचार बोध

रोहित कुमार

सबसे मुश्किल समय में अपने विवेक पर भरोसा कायम रखना शायद सबके लिए एक बड़ी चुनौती होती है। मगर व्यक्तित्व के इस एक बेहद जरूरी गुण को जिसने बचा लिया, उसके लिए विपरीत परिस्थितियों का सामना करने का रास्ता थोड़ा आसान हो जाता है। संभव है कि विवेक की कमान अपने हाथों में होने या विवेक पर भरोसा रखने के बावजूद सामने खड़ा संकट टले नहीं, लेकिन ऐसे में कम से कम इतना संभव हो पाता है कि हम उस संकट से पार पाने के लिए ज्यादा से ज्यादा उचित कदम उठाने के बारे में सोच पाते हैं। पहले से बताए गए रास्ते कई बार ठीक समय पर धोखा दे देते हैं या फिर उन पर चलना संकट को और ज्यादा जटिल बनाना होता है।

दूसरी ओर, ऐसे दृश्य आम हैं, जिनमें एक साथ बहुत सारे लोग किसी की कही गई बातों पर गौर किए बिना या उस पर सोचे-समझे बिना प्रतिक्रिया देने लगते हैं या फिर उसके मुताबिक अपनी राय बनाने लगते हैं। किसी एक खास मसले पर सिर्फ इसलिए एक खास दिशा में सोचने लगना, क्योंकि ज्यादातर लोग उसी दिशा में सोच रहे हैं। यह स्थिति दरअसल किसी व्यक्ति के अपने ऊपर और इससे ज्यादा अपने विवेक के ऊपर भरोसा न होने का सूचक है।



## विचार के बजाय

हालांकि व्यक्ति को अपने जन्म के साथ ही प्रकृति से ही सोचने-समझने की शक्ति मिली होती है और समय के साथ उसमें विकास होना चाहिए। मगर हैरानी की बात यह है और आजकल यह ज्यादा देखा जाने लगा है कि कोई भी कुछ कह देता है और ज्यादातर लोग उस बात पर विचार करने की जरूरत नहीं समझते और उसी दिशा में सोचने लगते हैं। उसी दिशा में भागने लगते हैं, जो दिशा उन्हें दिखा दी गई होती है। जबकि जब भी एकतरफा प्रवाह की ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तब यह स्पष्ट होता है कि किसी सुनियोजित और सुचिंतित प्रक्रिया के तहत कोई ऐसी बात ऐसे तरीके से सार्वजनिक पटल पर परोस दी जाती है, जो बहुत सारे लोगों के सोचने-समझने की प्रक्रिया को निर्धारित करने लगती है। इस पहलू पर सोचे बिना लोग सीधे उसी बात को मानने और उसी दिशा में भागने की होड़ लगा बैठते हैं।

यह एक तरह से स्वविवेक का समर्पण है, जिसमें अपने ही व्यक्तित्व को होने वाले नुकसान का अंदाजा नहीं हो पाता। एक संवेदनशील मसले पर किसी की कही गई बात पर आंख मूंद कर विश्वास कर लेना और उसी दिशा में अपने व्यवहार को अभिव्यक्ति होने या प्रतिक्रिया देने की स्थितियों को रोक नहीं पाना दरअसल विवेक से अनुपस्थित हो जाने का मसला है।

## कसौटी पर समझ

यों व्यक्ति के जीवित रहते विचार और सोचने की प्रक्रिया चलती रहती है, लेकिन विवेक को इस कसौटी पर आंका जाता है कि इसके जरिए व्यक्ति उचित-अनुचित में फर्क कर पाता है या नहीं और न्याय का पक्ष ले पाता है या नहीं। मगर इस पक्ष पर विचार किए बिना अगर कोई उत्तेजना फैलाने या नाहक ही गुस्सा भड़काने वाली बात कह देता है, तो उसके सही या गलत होने की पड़ताल करने के लिए विवेक को सजग करने की जरूरत होती है। तभी व्यक्ति झूठ या सच के बारे में आकलन कर पाएगा। अन्यथा कोई भी कुछ कह दे और उसे मानने और उसी मुताबिक प्रतिक्रिया देने की स्थिति आखिर क्या दर्शाती है? इसी को दरअसल, भीड़ की मानसिकता कहते हैं, जिसमें विवेक की डोर उस भीड़ के संचालक तत्त्वों के नियंत्रण में आ जाती है, जिन्हें लोगों को भीड़ में तब्दील करने की कला बखूबी आती है। यह मानवीयता की परीक्षा भी होती है।

यह संभव है कि चुनौतीपूर्ण समय उपस्थित होने के बाद किसी व्यक्ति को तत्काल कोई विकल्प न सूझे, लेकिन यह भी तय है कि अगर व्यक्ति अपने विवेक पर भरोसा रखता है, तो बिना सोचने-समझे किसी बात का अनुसरण करने के बजाय उस पर अमल करने से पहले विचारशक्ति का प्रयोग करता है। विवेक की कसौटी पर उसके सही या गलत होने के बारे में निर्णय करता है और उसके बाद ही उसे मानने या न मानने के बारे में फैसला करता है।

> **विचार** और सोचने की प्रक्रिया चलती रहती है, लेकिन विवेक को इस कसौटी पर आंका जाता है कि इसके जरिए व्यक्ति उचित-अनुचित में फर्क कर पाता है या नहीं और न्याय का पक्ष ले पाता है या नहीं। इस पक्ष पर विचार किए बिना अगर कोई उत्तेजना फैलाने वाली बात कह देता है, तो उसके सही या गलत होने की पड़ताल करने के लिए विवेक को सजग करने की जरूरत होती है।

## आग्रहों की सीमा

किसी की कही गई बात पर सवाल उठाने के बजाय बिल्कुल उसके पीछे दौड़ लिया जाता है, तो इसका एक कारण व्यक्ति की अपनी इच्छाएं, अपने आग्रह-पूर्वाग्रह या दुराग्रह और अपनी सुविधा का मामला होता है। इसमें व्यक्ति अपनी सोच-समझ के कारण किसी खास चलन या बात को खराब और गलत मानता है, लेकिन वह खुद को अभिव्यक्ति नहीं पाता। ऐसे में कहीं से चलने वाली कोई भीड़ आकर समान काम में भागीदारी करती है और फिर वहां मौजूद दूसरे लोगों को भी प्रभावित करना शुरू कर देती है। तो किसी व्यक्ति की असली परीक्षा भी वहीं होती है कि अगर हम बिना सोचे-समझे किसी बात को अपने भीतर उतार लेते हैं, तब क्या हम खुद को स्वतंत्र चेतना वाला व्यक्ति कह सकते हैं? अगर ऐसे में कोई हमें दूसरों के इशारों पर संचालित होने वाली कठपुतली कहे, तो इसमें क्या अतिश्योक्ति होगी?

अपने व्यक्तित्व की गरिमा स्वविवेक से रक्षित होती है। अगर हम सही समय पर अपने सोचने-समझने की शक्ति के सहारे सामने की किसी चुनौती से पार पाने की कोशिश करते हैं, तो यह हमारे स्वतंत्र मानस का व्यक्ति होने का परिचायक होता है। यहीं यह ध्यान रखने की जरूरत होती है कि अपने दायरे से बाहर की किसी बात के प्रति हमारी प्रतिक्रिया हमारे होने या न होने का मानक रचती है। यहां हमारा विवेक ही हमारा सच्चा साथी होता है, जो हमारे व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को सहारा देता है।

# बहेड़ा का बल रोग को करे निर्बल

बहेड़ा प्राचीन जड़ी-बूटियों में से एक है। आयुर्वेद में इसका जिक्र मिलता है। यह त्रिफला में तीन महत्त्वपूर्ण अवयवों में से एक है। बहेड़ा रोगाणुरोधी है। इसके पेड़ पर नवंबर में पत्ते निकलते हैं। इसके फूलों से शहद जैसी महक आती है। जबकि फलों का आकार अंडाकार होता है। ये फल पीले रंग के होते हैं। इसकी तासीर गर्म होती है। इसलिए इसका संतुलित इस्तेमाल करना चाहिए। बहेड़ा रक्त को साफ करता है। सबसे खास बात कि यह वात, पित्त और कफ तीनों समस्याओं को दूर करता है।

## गुणों से भरपूर

बहेड़ा में कई पोषक तत्त्व होने से इसका औषधीय महत्त्व अधिक है। इसमें कई यौगिक पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें कैल्शियम और विटामिन सी इसकी महत्ता बढ़ा देते है। वहीं इसमें प्रोटीन, गैलिक एसिड, टैनिक एसिड और एंटीआक्सीडेंट होने से कई मर्ज काबू में आ जाते हैं। ये सभी तत्त्व मिल कर बहेड़ा को बहुउपयोगी बना देते हैं। अपने औषधीय गुणों के कारण बहेड़ा कई मर्जों को दुरुस्त कर देता है। इसके नुस्खे आम तौर पर कारगर साबित हुए हैं। आज जब लोग खुद को स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक तरीकों को अपना रहे हैं, तो उन्हें बहेड़ा के गुणों के बारे में भी जानना चाहिए। इससे स्वस्थ रहने के कई नुस्खे आजमाए जा सकते हैं। बहेड़ा में विटामिन सी और एंटीआक्सीडेंट होने से यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इसका नियमित सेवन किया जाए, तो यह सर्दी और जुकाम से लड़ने में मदद करता है। यह संक्रमण भी दूर करता है। अगर कोई पाचन संबंधी समस्या से परेशान है, तो उसे बहेड़ा के नुस्खे आजमाना चाहिए। दरअसल, यह अच्छा विरेचक भी है। इससे पाचन तंत्र की सफाई हो जाती है।

## समग्र सेहत की खुराक

बहेड़ा में सेहत के कई राज छिपे हैं। यह एक ऐसी बूटी है जो कई बीमारियों के उपचार में कारगर है। खांसी और अस्थमा के उपचार में इसे नुस्खे के तौर पर आजमाया जा सकता है। यह औषधीय बूटी बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम करती है। इसके इस्तेमाल से बालों का झड़ना रुक जाता है। बाल घने और मजबूत होने लगते हैं। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि बहेड़ा रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। बहेड़ा में सूजनरोधी गुण भी हैं। इसके इस्तेमाल से गठिया, जोड़ों और मांसपेशियों का दर्द काबू में करने में मदद मिलती है। इस लिहाज से देखें, तो यह समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

## काम के नुस्खे

बहेड़ा प्राकृतिक फल है जिसे सुखा कर औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसके नुस्खे भी कोई जटिल नहीं। सांस संबंधी बीमारियों को ही लें, तो इसे ठीक करने में बहेड़ा बेहद कारगर है। इसके लिए बहेड़ा और हरड़ की छाल को बराबर मात्रा में पीस लें। अब इसे चुटकी भर सादा पानी के साथ लें। इससे अस्थमा और खांसी में राहत मिलती है।

नुस्खे



अगर शरीर में कहीं जलन है, तो बहेड़ा के बीजों को पीस कर लेप बना लें और इसे संबंधित स्थान पर लगाएं। दस्त होने पर बहेड़ा की दो से पांच ग्राम छाल और एक लौंग को पीस कर उसमें शहद मिलाएं। इसे तीन से चार बार लेने पर राहत मिलती है। अगर खांसी-जुकाम हो जाए, तो एक चौथाई चम्मच बहेड़ा के चूर्ण में शहद मिला कर लेना चाहिए। बहेड़ा के चूर्ण को 'हेयर मास्क' की तरह इस्तेमाल करें, तो बालों का झड़ना रुक जाता है। इसके बीजों का तेल या चूर्ण नारियल तेल के साथ मिला कर लगाने से बाल घने और काले होते हैं।

# गर्मी में पानी कम जोखिम में सेहत

गर्मी के तेवर दिखाई देने लगे हैं। इन दिनों पसीना अधिक आने से शरीर में पानी की कमी होने लगती है। निर्जलीकरण की बड़ी वजह यह है कि लोग प्यास लगने पर ही पानी या शीतल पेय लेते हैं। जबकि इन दिनों हर कुछ समय के अंतराल पर सादा पानी पीते रहना चाहिए। इस मौसम में लोग प्रायः थका हुआ महसूस करते हैं या फिर उन्हें चक्कर आने की शिकायत होती है। कभी-कभी तो इसी वजह से लू लगने और बेहोशी तक की स्थिति पैदा हो जाती है। दरअसल, शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट की कमी तब होती है, जब कोई व्यक्ति पानी और भोजन के माध्यम से जितना तरल पदार्थ लेता है, उससे कहीं अधिक पानी पसीने के जरिए निकल जाता है। पानी की कमी हो जाए और यह स्थिति लगातार बनी रहे, तो इससे उसकी मौत तक हो सकती है।

सेहत



## जोखिम के तार

गर्मी में इस बात के लिए सचेत रहना चाहिए कि शरीर में पानी की कमी किसी भी स्थिति में न हो। अगर ऐसा होता है, तो शरीर में असंतुलन पैदा होता है। ऐसे में शरीर के कई महत्त्वपूर्ण अंग ठीक से काम नहीं करते। यह जोखिम पैदा कर सकता है। पानी की कमी से न केवल पाचन तंत्र बिगड़ता है, बल्कि रक्त संचार में भी बाधा आती है। शरीर के तापमान में उतार-चढ़ाव दिखने लगता है। गौरतलब है कि गर्मी में शरीर खुद को ठंडा रखने के लिए पसीना निकालता है। ऐसे में पर्याप्त पानी न पीने से निर्जलीकरण की समस्या पैदा होती है। उस समय थकावट महसूस होती है। अगर शरीर का तापमान बढ़ जाए और पसीना आना बंद हो जाए, तो जान भी जा सकती है। रक्तचाप कम होने से चक्कर भी आ सकते हैं। निर्जलीकरण से त्वचा में भी रूखापन दिखने लगता है।

## लक्षणों की पहचान

निर्जलीकरण के दौरान मरीज को बहुत अधिक प्यास लगती है। उसे गहरे पीले रंग का पेशाब आता है। मूत्र मार्ग में संक्रमण होना भी एक लक्षण है। अगर इन दिनों कोई थका-थका महसूस कर रहा है, तो यह संकेत हो सकता है कि उसके शरीर में पानी की कमी हो गई है। मुंह सूखना और होंठ फटना भी लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में मरीज में पानी की कमी दूर करने के उपाय किए जाने चाहिए।

## क्या है उपाय

गर्मी में शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थ लेना जरूरी है। इन दिनों सामान्य रूप से आठ गिलास पानी अवश्य पीना चाहिए। धूप में कोई व्यक्ति सक्रिय रहता है, तो उसे अपने पास अतिरिक्त पानी जरूर रखना चाहिए। दिन भर में घूंट-घूंट पानी पीने की आदत डालनी चाहिए। शरीर में नमी बनाए रखने वाले फलों जैसे संतरा-कीनू, कीवी, तरबूज, खरबूजे, खीरा और ककड़ी इत्यादि का खूब सेवन करना चाहिए। डिब्बाबंद पेय के बजाय घर में बनी शर्बत, जलजीरा, छाछ और लस्सी पीनी चाहिए। धूप से बचने की कोशिश करें। घर से बाहर निकलते समय थोड़ा पानी पी लें। हल्के सूती कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखते हैं। पसीना अधिक आता हो, तो इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय लेना चाहिए।

## परहेज की जरूरत

गर्मियों में किसी भी तरह की शराब का सेवन करने से बचना चाहिए। इससे अधिक पेशाब होता है और निर्जलीकरण की समस्या भी बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि पर्याप्त सादा पानी पियें। इससे किसी भी तरह के प्रतिकूल असर से बचा जा सकता है। इसी तरह कैफीनयुक्त पेय से बचना चाहिए। इससे भी शरीर में निर्जलीकरण की समस्या पैदा होती है। इस मौसम में चाय और काफी का संयमित सेवन करें।

*(यह लेख सिर्फ सामान्य जानकारी और जागरूकता के लिए है। उपचार या स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए विशेषज्ञ की मदद लें।)*

# प्रभावी व्यक्तित्व की कमजोर कड़ियां

हमारा व्यक्तित्व सोचने, समझने और व्यवहार करने के एक विशिष्ट अंदाज से जुड़ा होता है। इसका सीधा प्रभाव हमारे सामाजिक जीवन, कार्यक्षेत्र और मानसिक एवं भावनात्मक सोच पर पड़ता है। एक प्रभावशाली व्यक्तित्व आत्मविश्वास से उपजता है। आज के दौर में अक्सर महंगे पहनावे या आकर्षक दिखने को ही व्यक्तित्व मान लिया जाता है। जबकि प्रभावी व्यक्तित्व व्यवहार में कई गुणों के संगम से निर्मित होता है, जिसमें सकारात्मक दृष्टिकोण, उत्कृष्ट संचार कौशल, त्याग, धैर्य एवं सहानुभूति और नेतृत्व क्षमता भी शामिल है। व्यक्ति को जब अपने विचारों और क्षमताओं पर भरोसा होता है, तो वह उसके संवाद और कार्यों में भी स्पष्ट रूप से झलकता है। मगर प्रतिस्पर्धा और बढ़ती महत्त्वाकांक्षा के बीच व्यक्तित्व निर्माण की कड़ियां कमजोर होती जा रही हैं।

जीवन शैली

## सकारात्मक ऊर्जा

एक प्रभावशाली व्यक्तित्व को आमतौर पर सामाजिक या व्यावसायिक परिवेश में नियंत्रण और प्रभाव स्थापित करने की व्यक्ति की क्षमता के रूप में देखा जाता है। मगर ऐसा व्यक्तित्व तभी सफल माना जाता है, जब उसका प्रभाव अधिकार या पद के बजाय बौद्धिकता और व्यवहार कुशलता पर केंद्रित हो। उसकी सकारात्मक ऊर्जा आस-पास के लोगों को भी प्रेरित एवं प्रोत्साहित करती है और इसी को प्रभावी व्यक्तित्व कहा जाता है। हर परिस्थिति में समाधान खोजना और मुश्किलों को अवसर के रूप में देखना, अपनी बात को कम शब्दों में एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करना, दूसरों की बातों को धैर्यपूर्वक सुनना और उनके दृष्टिकोण, भावनाओं एवं विचारों का सम्मान करना ही वास्तव में प्रभावी व्यक्तित्व को दर्शाता है।

## व्यावहारिक ज्ञान



व्यक्तित्व निर्माण में व्यावहारिक ज्ञान की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें आत्म-जागरूकता, सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रभावी संचार और निरंतर सीखने की प्रक्रिया भी शामिल है। इससे विचार, व्यवहार और आत्मविश्वास का संतुलित विकास होता है, जो व्यक्ति की अभिव्यक्ति और उसकी कार्यक्षमता को कुशल बनाता है। एक प्रभावशाली व्यक्ति अपने विचारों, मतों और जरूरतों को व्यक्त करने में संकोच नहीं करता। अपनी बात स्पष्ट और सरल तरीके से व्यक्त करने से दूसरे उसे आसानी से ग्रहण कर पाते हैं और इससे उन्हें अपनी राय बनाने में मदद मिलती है।

> **प्रभावी** व्यक्तित्व व्यवहार में कई गुणों के संगम से निर्मित होता है, जिसमें सकारात्मक दृष्टिकोण, उत्कृष्ट संचार कौशल, त्याग, धैर्य एवं सहानुभूति और नेतृत्व क्षमता भी शामिल है।

## भरोसे का संकट

प्रभावशाली व्यक्तित्व की विशेषताओं में से एक है आत्मविश्वास की प्रबल भावना। जब व्यक्ति अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा रखता है, तो वह जोखिम उठाने और बिना किसी संकोच के आगे बढ़ने में सक्षम होता है। मगर आज के युवाओं में आत्मविश्वास का अभाव बढ़ता जा रहा है। वे खुद विचार मंथन करने के बजाय तकनीक का सहारा लेते हैं, यानी युवा वर्ग स्वयं पर कम तथा तकनीक पर ज्यादा भरोसा करता है और व्यक्तित्व निर्माण में यह भी एक बड़ी बाधा है। जबकि आत्मविश्वास किसी भी परिस्थिति में विचलित हुए बिना चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। यह प्रभावशाली व्यक्तित्व ही होता है, जो अपने आसपास के लोगों के लिए उच्च मानदंड प्रस्तुत करता है और उन्हें हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।

# मेहनत कम और स्वाद में दम

रसोई

## मसाला उड़द दाल

यह साबुत उड़द और मसालों से बनने वाला स्वादिष्ट व्यंजन है। पहाड़ी राज्यों विशेषकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में यह काफी लोकप्रिय है। इसे सरसों के तेल और विभिन्न मसालों के साथ तैयार किया जाता है। पारंपरिक रूप से इसे विवाह समारोह, त्योहार या विशेष मौकों पर बनाया जाता है। इसका जायका उड़द की सामान्य दाल से एकदम अलग होता है।



### सामग्री

साबूत उड़दः 200-250 ग्राम, प्याजः एक, लहसुनः पांच-छह कलियां, अदरकः एक इंच, गरम मसाला पाउडरः एक चम्मच, धनिया पाउडरः एक चम्मच, तेज पत्ताः दो, हरा धनिया (बारीक कटा हुआ): आधी कटोरी, मेथी दानाः आधा चम्मच, जीराः एक चम्मच, नमकः स्वादानुसार।

### विधि

साबूत उड़द दाल (छिलका सहित) को करीब तीन घंटे तक भिगोने के लिए रख दें। इस बीच प्याज, लहसुन और अदरक को छीलकर उसे बारीक काट लें। इसके बाद भिगोई हुई उड़द दाल से पानी को छान लें। अब कुकर में आधा कटोरी तेल गरम करें और उसमें धनिया बीज, मेथी दाना और जीरा भून लें। फिर उसमें तेज पत्ता, कटा हुआ प्याज, लहसुन और अदरक डालें। इसे सुनहरा रंग आने तक पकाएं। अब इसमें कटे हुए टमाटर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर, और गरम मसाला डालें और इन्हें तब तक पकाएं, जब तक कि टमाटर नरम न हो जाए। अब भिगोई हुई उड़द दाल को इसमें डाल दें और मसाले के साथ अच्छी तरह मिला लें, साथ ही थोड़ा सा नमक भी डाल दें। फिर कुकर पर ढक्कन रखकर बिना सीटी लगाए इसे दस-पंद्रह मिनट तक तेल में पकाएं। ध्यान रहे कि इसे बीच-बीच में चम्मच से चलाते रहें, ताकि मसाले कुकर के तले से न चिपके। इसके बाद इसमें जरूरत के मुताबिक पानी डालें और उबाल आने पर कुकर का ढक्कन बंद कर दें। इसे तेज आंच पर करीब पंद्रह मिनट तक पकाएं। अब कुकर को ठंडा होने के लिए रख दें, ताकि उसमें से गैस अपने आप निकल जाए। फिर इसमें बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालकर रोटी या चावल के साथ परोसें।

## मसाला खाखरा

गुजरात और आसपास के राज्यों का यह लोकप्रिय व्यंजन है। इसे गेहूं के आटे, बेसन और विभिन्न मसालों के मिश्रण से बनाया जाता है। इसका कुरकुरापन और चटपटा स्वाद बच्चों और महिलाओं को बहुत पसंद आता है। इसे बनाना आसान है और नाश्ते में चाय के साथ खाने के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।



### सामग्री

गेहूं का आटाः 200 ग्राम, बेसनः आधा कप, कसूरी मेथीः एक चम्मच, अजवाइनः एक चम्मच, हल्दी पाउडरः आधा चम्मच, हरी मिर्चः पांच-छह, दूधः एक-दो कप, नमकः स्वादानुसार।

### विधि

सबसे पहले एक बर्तन में गेहूं का आटा और बेसन लें। उसमें कसूरी मेथी, अजवाइन, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, बारीक कटी हुई हरी मिर्च, नमक और थोड़ा सा तेल डालें। इन सभी को अच्छे से मिला लें। अब इसमें पानी की बजाय दूध डालें और ठीक से गूंथ ले। ध्यान रहे कि आटा न ज्यादा नरम रहे और न ज्यादा सख्त। अब इसे करीब 15-20 मिनट तक ढक कर रख दें। इसके बाद गुंथे हुए आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं। फिर बारी-बारी से इन लोइयों में सूखा आटा लगा कर इन्हें चपाती की तरह बेलन की मदद से वृत्ताकार पतला बनाएं। अब तवे को गर्म करें और उस पर तेल का लेप लगाकर खाखरा उस पर डाल दें। एक तरफ हल्का सिंक जाने पर उसे पलट दें। अब इस पर तेल लगा कर एक कटोरी की मदद से दबाकर कुरकुरा होने तक सेंके। इसे एक प्लेट में कटोरी रख कर उसके ऊपर रखें, नहीं तो नमी की वजह से ये नरम हो जाएगा। ये तोड़ने पर पापड़ की तरह टूटने लगे, इसी तरह तैयार करें। सारे खाखरा इसी तरह बनाएं। इन्हें चाय के साथ या फिर अचार या अपनी मन पसंद चटनी के साथ परोसा जा सकता है।

# Get Exclusive Access to My Private Channel

✅ **One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.**

♦️ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

♦️ **International Newspapers channel** [Europian, American, Gulf & Asia]

♦️ **Magazine Channel**

National & International [Genaral & Exam related]

♦️ **English & Hindi Editorials**

[National + International Editorials]

**Click here to join**